असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. K Jha
MBBS, MS, ENT
Head Neck cancer Surgeon
दिनाँक : 27 अगस्त 2023
समय : सुबह 10AM से 6PM
09297970030

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार | 28.08.2023 | वर्ष 10, अंक 235 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
कोई फायदा नहीं होता जिन्दगी पर लगाम लगाने का, ये नहीं मुड़ेगी, आपके मोड़ने से..

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### विपक्षी गठबंधन में शामिल होंगे कुछ और दल : नीतीश

**पटना :** विपक्षी गठबंधन इंडिया की अगली और तीसरी बैठक मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर में होने जा रही है. इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मुंबई में विपक्षी गठबंधन में आगामी बैठक के दौरान कुछ और राजनीतिक दलों के इसमें शामिल होने की संभावना है. उन्होंने कहा कि मैं 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को एकजुट करना चाहता हूं. मैं उस दिशा में काम कर रहा हूं. मुझे अपने लिए कोई इच्छा नहीं है.

### जेपी नड्डा ने किया पौधरोपण

**हरिद्वार :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को ऋषिकुल आयुर्वेद कॉलेज परिसर, हरिद्वार में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वह अपने एक दिन के प्रवास पर उत्तराखंड आए हैं।इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने देश की आजादी और देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले बलिदानियों का स्मरण किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पं. मदनमोहन मालवीय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, सांसद रेखा वर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, विधायक मदन कौशिक और अन्य लोग मौजूद रहे।

### सैन्य अभ्यास के दौरान अमेरिकी हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन की मौत

**सिडनी :** ऑस्ट्रेलिया में सैन्य अभ्यास के दौरान अमेरिकी सेना का एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हेलीकॉप्टर में सैन्य अभ्यास में शामिल 20 अमेरिकी नौसैनिक सवार थे। डार्विन के उत्तर में तिवी द्वीप समूह पर हुए इस हादसे में तीन अमेरिकी नौसैनिकों की मौत हो गई, जबकि पांच की हालत नाजुक है।ऑस्ट्रेलियाई रक्षा प्रवक्ता के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यह दुर्घटना एक्सरसाइज प्रीडेटर्स रन-2023 के दौरान हुई। इस अभ्यास में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपींस, तिमोर-लेस्ते और इंडोनेशिया के 2,500 से अधिक सैनिक सक्रिय रूप से हिस्सा ले रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इमरजेंसी सेवाओं को आज सुबह स्थानीय समयानुसार 9.43 बजे हेलीकॉप्टर क्रैश के बारे में जानकारी दी गई। हालांकि, ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्ट कंपनी ने किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी। अन्य रिपोर्ट्स में कुछ सैनिक लापता बताए गए हैं।

### मिस्र में 4 देशों के साथ भारत करेगा ब्राइट स्टार अभ्यास


**नई दिल्ली :** भारतीय वायुसेना की टीम मिस्र के काहिरा एयरबेस पर होने वाले 'ब्राइट स्टार' अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए रविवार को रवाना हो गई। यह द्विवार्षिक बहुपक्षीय त्रि-सेवा अभ्यास 16 सितंबर तक चलेगा। यह पहला मौका है जब भारतीय वायुसेना संयुक्त राज्य अमेरिका, सऊदी अरब, ग्रीस और कतर की वायु सेनाओं के साथ इस अभ्यास में शामिल होगी। इस अभ्यास में भारतीय सेना की 150 सदस्यीय टुकड़ी भी हिस्सा लेगी। विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि काहिरा एयरबेस में होने वाले अभ्यास 'ब्राइट स्टार' के इस संस्करण में पहली बार भारत की वायुसेना भी 150 कर्मियों के साथ हिस्सा लेगी। मिस्र में 16 सितंबर तक होने वाले द्विवार्षिक बहुपक्षीय त्रि-सेवा अभ्यास में भाग लेने के लिए आईएएफ की एक टुकड़ी आज सुबह रवाना हो गई। इस अभ्यास में अमेरिका, सऊदी अरब, ग्रीस और कतर की टुकड़ियों की भी भागीदारी होगी। उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना के दल में पांच लड़ाकू मिग-29, दो टैंकर विमान आईएल-78, दो सी-130 और दो सी-17 परिवहन विमान शामिल होंगे। भारतीय वायुसेना के गरुड़ विशेष बल के कर्मियों के साथ-साथ 28, 77, 78 और 81 स्क्वाड्रन के कर्मी अभ्यास में भाग लेंगे। इस अभ्यास में भारतीय सेना की 150 सदस्यीय टुकड़ी भी हिस्सा लेगी, जिन्हें वायुसेना के परिवहन विमान से एयरलिफ्ट करके ले जाया जाएगा।विंग कमांडर मोघे ने बताया कि इसका उद्देश्य संयुक्त अभियानों की योजना और कार्यान्वयन का अभ्यास करना है।

**चंद्रयान -3 मिशन की बड़ी सफलता**

# चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से भेजा पहला साइंटिफिक डेटा

एजेंसी
**नई दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने चंद्रमा के अब तक अज्ञात रहे दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र से पहला वैज्ञानिक डेटा हासिल कर लिया है. यह एजेंसी के चंद्रयान -3 मिशन की एक बड़ी सफलता है. विक्रम लैंडर की थर्मल जांच में रिकॉर्ड किया गया कि सतह पर, सतह के पास और चंद्रमा की सतह पर गहराई में तापमान कैसे बदलता है. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कहा, चास्टे (चांद का सतह थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट) चंद्रमा की सतह के थर्मल व्यवहार को समझने के लिए, ध्रुव के चारों ओर चंद्रमा की ऊपरी मिट्टी के तापमान प्रोफ़ाइल को मापता है. इसमें एक नियंत्रित प्रवेश मैकेनिज्म से सुसज्जित तापमान जांच की व्यवस्था है, जो सतह के नीचे 10 सेंटीमीटर की गहराई तक पहुंचने में सक्षम है. जांच उपकरण में 10 इंडीवीजुअल टेंपरेचर सेंसर लगे हैं. चंद्रमा पर कोई वायुमंडल नहीं है और चंद्रमा की सतह पर तापमान काफी भिन्न होता है. इसरो ने विविधताओं को एक ग्राफ के रूप में प्रस्तुत किया.प्रस्तुत ग्राफ विभिन्न गहराइयों पर चंद्र सतह व निकट-सतह के तापमान भिन्नता को दर्शाता है, जैसा कि प्रोब के पेनीट्रेशन के दौरान दर्ज किया गया था. यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के लिए पहली ऐसी प्रोफ़ाइल है.

### दुनिया को पहली बार पता चलेगा कि चंद्रमा की सतह पर ताप किस तरह परिवर्तित होता है



### चांद के ताप को ग्राफ के रूप में किया गया प्रस्तुत

चांद के दक्षिणी ध्रुव की हर पहेली से अब तक दुनिया अंजान है, मगर भारत का चंद्रयान 3 लगातार चंद्रमा के चौंकाने वाले रहस्योद्घाटन करता जा रहा है। अब चंद्रयान 3 के पेलोड विक्रम लैंडर ने चांद की मिट्टी के तापमान का आकलन किया है। दुनिया को अब पहली बार पता चलेगा कि चंद्रमा पर सतह का ताप किस तरह परिवर्तित होता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने पेलोड द्वारा मापे गए विभिन्न समय के ताप को एक ग्राफ के रूप में प्रस्तुत किया है।

### दधिणी ध्रुव का पहली बार दुनिया के सामने खुल रहा रहस्य

इसरो द्वारा प्रस्तुत ग्राफ विभिन्न गहराइयों पर चंद्र सतह व करीबी-सतह की तापमान भिन्नता को दर्शाता है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के लिए ये पहले ऐसे प्रालेख हैं। विस्तृत अवलोकन जारी है। पेलोड को भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला अहमदाबाद के सहयोग से इसरो के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र की अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा विकसित किया गया था। अंतरिक्ष अभियान में बड़ी छलांग लगाते हुए भारत का चंद्र मिशन 'चंद्रयान-3' बुधवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा, जिससे देश चांद के इस क्षेत्र में उतरने वाला दुनिया का पहला तथा चंद्र सतह पर सफल 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया।

### चंद्रमा की सतह का तापमान भिन्न समय में भिन्न-भिन्न दर्ज किया गया : इसरो

इसरो ने एक पोस्ट में कहा, यहां विक्रम लैंडर पर चेस्ट पेलोड के पहले अवलोकन हैं। चंद्रमा की सतह के तापीय व्यवहार को समझने के लिए, चेस्ट ने ध्रुव के चारों ओर चंद्रमा की ऊपरी मिट्टी के तापमान प्रलेख को मापा। पेलोड में तापमान को मापने का एक यंत्र लगा है जो सतह के नीचे 10 सेंटीमीटर की गहराई तक पहुंचने में सक्षम है। इसरो ने कहा, इसमें 10 तापमान सेंसर लगे हैं। ग्राफ में पाया गया है कि चंद्रमा की सतह का तापमान भिन्न समय में भिन्न-भिन्न दर्ज किया गया है। अब इसका विस्तृत अवलोकन कई दिनों तक करने के बाद इसरो ताप को लेकर कोई सटीक विश्लेषण पेश कर सकता है।

*** पेलोड विक्रम लैंडर ने चांद की मिट्टी के तापमान का किया आकलन**

## अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 8 की मौत



एजेंसी
**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर इलाके में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में रविवार सुबह हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत की खबर है। हालांकि, ग्रामीणों ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। विस्फोट इतना जोरदार था कि इलाके में कई घर भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस विस्फोट पर भाजना ने तीखा हमला किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि क्या ममता बनर्जी पूरे राज्य को श्मशान बनाकर मानेंगी।
स्थानीय लोगों ने बताया कि माजपुर जगन्नाथपुर के पास एक फैक्ट्री में विस्फोट इतना तेज था कि कई घर उड़ गए और कम से कम 10 लोग घायल हो गए, मौके पर लाशें बिखर गई।इस धमाके में घायलों को बारासात अस्पताल ले जाया गया। यह घटना रविवार सुबह करीब 8 बजे की है। भीड़भाड़ वाले इलाके में कैसे पटाखा फैक्ट्री चल रही थी। इसको लेकर सवाल उठ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया था। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे।पुलिस ने बताया कि कोलकाता से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में दत्तपुकुर पुलिस थाना क्षेत्र में नीलगंज के मोशपोल में कई लोग कारखाने में काम कर रहे थे। उस समय अचानक फैक्ट्री में विस्फोट हो गया।अधिकारी ने कहा कि अब तक तीन शव मिले हैं। विस्फोट में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें, इससे पहले मई में पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में इसी तरह का विस्फोट हुआ था, जिसमें 12 लोग मारे गए थे। दत्तपुकुर में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट पर फायर स्टेशन अधिकारी आशीष घोष ने बताया कि पांच शव बरामद किए गए हैं।

### मुंबई के गैलेक्सी होटल में लगी भीषण आग, 3 की मौत

**मुंबई :** मुंबई के सांताक्रूज इलाके में एक पांच मंजिला होटल में रविवार दोपहर को अचानक आग लग गई. आग लगने के चलते घायल पांच लोगों को होटल से अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से तीन लोगों की मौत हो गई है. वहीं इस हादसे में दो लोगों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है. आग लगने की सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची. फिलहाल दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है. फिलहाल आग लगने के कारणों के बारे में पता नहीं चल सका है.

## सीएम हेमंत सोरेन ने बेबी देवी को विजयी बनाने की अपील की



प्रभात मंत्र संवाददाता
**बेरमो :** डुमरी उपचुनाव को लेकर प्रचार जोर पकड़ चुका है।जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नावाडीह प्रखण्ड के डेगागड़ा में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एनडीए गठबंधन पर जमकर भड़ास निकाली। हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्होंने एनडीए की जमात को नालायक बेटा बताया। कहा कि जिस प्रकार घर का बेटा घर के गाने जेवर सामानों को बेचने का काम करता है इसी तरह एनडीए देश की संपत्ति को बेचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 के चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कि जब राजनीतिक ताकत यह लोग नहीं जुटा पाते हैं तो अपनी शक्ति का इस्तेमाल करके विपक्षियों को डराने का काम करते हैं। लेकिन हम झारखंड के लोग हैं या वीर की धरती है हम डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने इस बार बेबी देवी को एक लाख 40 हजार वोट देकर जीतने की अपील की। वही बेबी देवी ने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।
बेबी देवी के पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रामगढ़ से कुछ लोग यहां आकर घूमने का काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की की वैसे लोगों को गांव से खड़े रहने का काम करें।

**प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम**

## लोहरदगा के मसियातु गांव की दिखी झलक, झूम उठे ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता
**लोहरदगा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का रविवार को प्रसारण हुआ. इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान लोहरदगा के कुडू प्रखंड के मसियातु गांव की एक झलक देखने को मिली. विषय था मसियातु गांव के बांस के कारीगरों द्वारा बांस से तैयार किए जाने वाले उत्पाद. एक झलक पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे. वे खुशी से झूम उठे. ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि अब उनके अच्छे दिन जरूर आएंगे. कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारी की गई थी. बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे. कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर किया जा रहा था. कार्यक्रम देखने को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं. वहां मौजूद ग्रामीण बांस के उत्पाद भी तैयार कर रहे थे. गांव का जिक्र प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में होने को लेकर ही उनमें काफी ज्यादा उत्साह था. इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें काफी अच्छा लग रहा है कि आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके गांव को दिखाया गया है. वह काफी मेहनत करते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी यही काम करते आ रहे हैं.



उन्होंने प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है. कई प्रकार के उत्पाद वह तैयार करते हैं. यदि सरकार की ओर से पूंजी को लेकर मदद की जाए और उन्हें बेहतर बाजार मिले तो वह इस परंपरागत व्यवसाय को काफी आगे लेकर जा सकते हैं. ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि अब सरकार उनके लिए कुछ ना कुछ जरूर करेगी. कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी काफी ज्यादा संख्या में मौजूद थे. प्रशासनिक अधिकारियों की भी मौजूदगी थी. सबसे अधिक उत्साह महिलाओं और युवाओं में दिखाई दे रहा था. युवाओं ने भी सरकार से मदद की उम्मीद जताई है. जिससे कि वह परंपरागत व्यवसाय को आगे ले जाने को लेकर इस व्यवसाय के साथ जुड़े रह सके.

### अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना भाजपा का उद्देश्य : मनीर उरांव

भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण कैसे पहुंचे, इसकी चिंता पार्टी करती है। इसका परिणाम लोहरदगा जिला में हम सभी देख रहे हैं। यहां बांस के बन रहे समान, इसका बाजार व खुशहाली के लिए खुद प्रधानमंत्री चिंतित हैं। यह बात पीएम के जेहन में है। आज के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगों द्वारा बनाए जा रहे बांस के सामानों की जानकारी पूरे देश दुनिया के लोगों को मिली. यह बड़ी बात है। इस क्षेत्र की सर्वांगीण विकास के लिए लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत हमेशा प्रयासरत रहते हैं। यहां के लोगों का हुनर आज प्रधानमंत्री जी खुद देखे हैं।

## मानव तस्करी की शिकार साहेबगंज जिले की 9 नाबालिक बालिकाओं को दिल्ली से कराया गया मुक्त

*** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का प्रयास ला रहा रंग**

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक,बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वास किया जा रहा है। इसी कड़ी में मानव तस्करी की शिकार झारखंड के साहेबगंज जिले की 9 बालिकाओं को दिल्ली से मुक्त कराया गया है।
केंद्र की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने बताया गया कि यह केंद्र दिल्ली में प्रधान स्थानिक आयुक्त मस्तराम मीणा के देखरेख में एवं महिला एवं बाल विकास विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत कार्य करती है । केंद्र द्वारा दिल्ली एवं उसके निकटवर्ती सीमा क्षेत्र पर विशेष नजर रखी जाती है। इसी क्रम में हमें इस बार बड़ी कामयाबी मिली और साहेबगंज जिले के 09 बच्चों को हमने दिल्ली पुलिस के सहयोग से दिल्ली के सीमावर्ती क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी द्वारा यह जानकारी दी गयी कि इन सभी बच्चों को झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ते हुए इनकी सतत निगरानी की जाएगी। ताकि बच्चें दुबारा मानव तस्करी का शिकार ना होने पाएं। दिल्ली में मुक्त करायी गई बच्चियों को दलाल के माध्यम से लाया गया था। झारखंड में ऐसे दलाल बहुत सक्रिय हैं जो छोटी बच्चियों को बहला-फुसलाकर दिल्ली में अच्छी जिंदगी जीने का लालच देकर उन्हें दिल्ली लाते हैं और विभिन्न घरों में उन्हें काम पर लगाने के बहाने से बेच देते हैं। जिससे उन्हें एक मोटी रकम प्राप्त होती है और इन बच्चियों की जिंदगी नर्क से भी बदतर बना दी जाती है । झारखंड सरकार निर्देशानुसार झारखंड भेजे जा रहे बच्चों को जिले में संचालित कल्याणकारी योजनाओं स्पॉन्सरशिप, फॉस्टरकेयर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से जोड़ते हुए उनकी ग्राम बाल संरक्षण समिति के माध्यम से सतत निगरानी की जाएगी, ताकि इन बच्चों को पुनः मानव तस्करी के शिकार होने से से बचाया जा सके एवं झारखण्ड राज्य में मानव तस्करी रोकी जा सके। एस्कॉर्ट टीम में एकीकृत पुनर्वास-सह- संसाधन केंद्र के कार्यालय सहायक - श्री राहुल सिंह एवं परामर्शी सुश्री निर्मला खालखो ने बहुत अहम भूमिका निभाई।

## चारा घोटाला मामले में 124 आरोपितों पर फैसला आज

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** चारा घोटाले से जुड़े कांड संख्या (आरसी 48ए/96) में डोरंडा कोषागार से 36 करोड़ 59 लाख रुपये की अवैध निकासी मामले में 28 अगस्त को 124 आरोपितों पर फैसला आएगा।सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत इस मामले में अपना सुनाएगी। अदालत ने 24 जुलाई को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी करने के बाद फैसले की तिथि निर्धारित की थी। साथ ही फैसले की तिथि पर इन सभी आरोपितों को सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। इस मामले में सीबीआई की ओर से 594 गवाहों को प्रस्तुत किया गया है। डोरंडा कोषागार से यह अवैध निकासी वर्ष 1990-91 एवं 1994-95 के दरमियान फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर की गई थी। इन आरोपितों में से 38 लोक सेवक रहे हैं, जिनमें से आठ कोषागार पदाधिकारी है। 86 आपूर्तिकर्ता मामले में आरोपित है। आरोपितों में 16 महिलाएं भी हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आरोपितों में सबसे उम्रदराज 90 वर्षीय तत्कालीन जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. गौरी शंकर प्रसाद भी शामिल है।

# भाजपा महिला मोर्चा पलामू प्रमंडलीय समिति की बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा महिला मोर्चा का पलामू प्रमंडलीय समिति की बैठक आज गढ़वा में हुई। बैठक में महिला मोर्चा की गढ़वा प्रभारी विधायक पुष्पा देवी इस बैठक में शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व वंदे मातरम् गीत के साथ किया गया। विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि महिलाओं के हक अधिकार के लिए भाजपा महिला मोर्चा दिन रात संघर्ष कर रही है। महिला मोर्चा मंडल से लेकर बुथ स्तर तक टीम खड़ा करने का काम लगातार कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की झामुमो सरकार ने महिलाओं के अधिकार को कुचलने का काम किया है, लेकिन भाजपा महिला मोर्चा हेमंत सरकार के खिलाफ कमर कस चुकी है। आनेवाले समय में महिला मोर्चा हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कृत्य संकल्पित है। गढ़वा जिला में महिला मोर्चा महिला उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा जिले में महिलाओं को संगठन से जोड़ने का काम कर रही है। हर मंडल में तेजी से महिला भाजपा से जुड़ रही है। गढ़वा जिला में भाजपा महिला मोर्चा का सभी बुथ स्तर पर गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में महिलाओं को जो अधिकार मिलनी चाहिए था वह नहीं मिल सका है। जिस तरह से महिलाओं के साथ झारखंड में अपराध हो रहा है यह हेमंत सरकार की नाकामी है। हेमंत सरकार बनते ही महिला पर अत्याचार खुलेआम हो रहा है। आने वाले चुनाव में इन सबका जबाब महिलाएं अपने वोट

# जहरीले सांप के काटने से दो व्यक्ति घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर थाना क्षेत्र के लठेया गांव निवासी उमेश राम के पुत्र अमित कुमार उम्र 30 वर्ष जहरीला सांप के काटने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 5:00 बजे अमित कुमार घर के बाहर खेत में जा रहे थे। इसी बीच अचानक जहरीला सांप ने उन्हें काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम काकेकला निवासी अरविंद चौधरी को शनिवार की शाम जहरीला सांप ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा गांव में झाड़-फूंक करवाने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

## सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया.सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि,शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया.इसके बाद सामूहिक रूप से सत्यानु शरण पाठ,नारी नीति पाठ किया गया.सत्संग में धृतिसुन्दर लाल,गीता देवी,माला देवी व अखिलेश प्रसाद ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया.इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्येक दिन सत्संग का आयोजन किया जा रहा है.उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम माह में सत्संग किया जाना चाहिये। उन्होंने श्री श्री ठाकुर जी के विभिन्न कथाओं का वर्णन कर विश्वास दिलाया कि वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी हैं। इनके द्वारा दिये गये नियमो का पालन करने से मनुष्य का जीवन सार्थक हो जायेगा.उन्होंने श्री श्री ठाकुर जी के उत्सव पर चर्चा किया। सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि भक्त के वश में भगवान होते है.भक्त की रक्षा हेतु भगवान विभिन्न रूपों में आकर भक्त की रक्षा करते हैं.उन्होंने भगवान विष्णु व नारद मुनि की कथा का वर्णन करते हुये कहा कि नारद जी हमेशा भगवान विष्णु का नाम जपा करते है.इसलिये वे भगवान के प्रिय थे.इसलिये कलयुग में भी नाम के प्रभाव से मानव अपना जीवन धन्य कर सकता है.सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि निरन्तर सत्संग करने से मानव मन स्वतः ईश्वरमुखी हो जाता है। उन्होंने कहा कि सत्संग से प्राप्त ज्ञान सर्वोपरि है.प्रत्येक मनुष्य को नारी के विभिन्न रूपों का सम्मान करना चाहिये। प्रत्येक नारी ही देवी का रूप होती है। इसलिये सभी नारियों को देवी का स्वरूप समझना चाहिये.उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर नारियों की पूजा होती है, वहां देवता वास करते है. सत्संग में संजय कुमार, अजय दा, राहुल कुमार, आयुष कुमार, पीयूष कुमार, धृतिदीप्त, शिवम, श्रीकांत, राजकुमार, रीना जायसवाल, निर्मला जायसवाल, वृन्दा देवी, सरस्वती देवी, लालती देवी, सुशीला देवी, दीपमाला, मधु सहित बड़ी संख्या में सत्संगी वृन्द उपस्थित थे।

## बीडीओ ने बालिका आवासीय विद्यालय में लाइनर प्लान्टेन्सन का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय मे प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लाइनर प्लान्टेन्सन का किया निरीक्षण। सेन्हा प्रखंड के कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में मनरेगा योजना अन्तर्गत लाइनर प्लान्टेन्सन के तहत लगाया गया। आम, साग सब्जी और धान, मक्का का निरीक्षण बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बीपीओ निलेन्द्र कुमार और मुर्कीतोड़ार पंचायत सचिव डॉली तिर्की को निर्देश देते हुए कहा की मनरेगा के माध्यम से दीदी बाड़ी योजना के अन्तर्गत साग,सब्जी तथा फल का उत्पादन कराये जिसे विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रओं को खाने में ताजा व हरा साग, सब्जी और फल मिल सके साथ ही कहा कि जेएसएलपीएस के माध्यम से मशरूम का बीज लेकर मशरूम का भी खेती कराये वही शिक्षिकाओं से साग, सब्जी और खाने पीने के बारे में जानकारी लिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार,पंचायत सचिव डॉली तिर्की, रोजगार देवेन्द्र कुमार दे०, सीएफपी राहुल कुमार के अलावे विद्यालय के शिक्षिका व छात्राएँ उपस्थित थे।

# नारायण का भजन करने से भारी से भारी समस्याओं का समाधान हो जाता है : जीयर स्वामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में श्री श्री जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि किसी समस्या के बारे में चिन्ता नहीं, बल्कि उसके सामाधान के लिये चिंतन करना चाहिये. चिंता चिता के समान और चिंतन अमृत के समान होता है. चिंता का सर्वदा त्याग करना चाहिये. उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण के चतुर्थ स्कन्ध की कथा प्रारम्भ करते हुए कहा कि विश्वामित्र जी को बक्सर में किये जाने वाले यज्ञ में राक्षसों के संभावित उपद्रव से चिंता हो रही थी.तभी नारद जी आकर उन्हें परामर्श दिये कि चिंता नहीं चिंतन कीजिये. दशरथ नंदन राम-लक्ष्मण को बुलाकर अपना यज्ञ पूर्ण कीजिये. ऐसा ही हुआ. विश्वामित्र जी राजा दशरथ के दोनों पुत्रों को मांग लाये और अपना यज्ञ पुरा किये. उन्होंने कहा कि कलियुग में यज्ञ का विरोध करने वाले विध्वंसकारी तत्त्व (राक्षस) नहीं हैं. पहले राक्षसी प्रवृति के लोग यज्ञ का विध्वंस कर देते थे. किसी अच्छे कार्य में मामूली अवरोध और विरोध की चिन्ता नहीं करनी चाहिए.हर अच्छे कार्य के प्रारम्भ में बाधायें आती हैं लेकिन सतत प्रयास से सारी बाधायें समाप्त हो जाती हैं और स्थितियां अनुकूल हो जाती है.उन्होंने माता अनुसुईया की चर्चा करते हुए कहा कि वह महर्षि अत्रि की पत्नी थीं.अपने पतिव्रता-धर्म के कारण सुविख्यात थीं.एक दिन नारद जी बारी-बारी से विष्णु जी, शिवजी एवं ब्रह्मा जी की अनुपस्थिति में उनके लोकों में पहुंचे. उन्होंने अनुसुईया के पतिव्रता-धर्म की प्रशंसा करते हुए कहा कि समस्त सृष्टि में उनसे बढ़कर कोई पतिव्रता नहीं है. नारद जी की बातें सुनकर तीनों देवियां लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती ईर्ष्या करने लगीं . उन्होंने अपने अपने पतियों से अनुसुईया का पतिव्रत धर्म खंडित कराने के लिए सोचने लगीं.उन्होंने अपने पतियों से हठकर इसके लिए राजी कर लीं.तीनों देव अवधूत बटुक ब्रह्मचारी बन अनुसुईया के आश्रम पर पहुंचे.उस समय वह आश्रम पर अकेली थी. तीन अतिथियों को द्वार पर देख. भोजन का आग्रह किया. तीनों ने कहा कि अगर आप निर्वस्त्र होकर भोजन कराएंगी तो भोजन करेंगे अन्यथा नहीं. अनुसुईया ने साधुओं के शाप और अतिथि सेवा से वंचित होने के भय से परमात्मा से प्रार्थना की ,हाथ में जल लेकर तीनों पर छिड़क दी. तीनों देव छः-छः माह के बच्चे बन गये, जिन्हें निर्वस्त्र होकर दूध पिलाया और पालने में लिटा दीं. देवों के समय से वापस नहीं लौटने पर तीनों देवियाँ खोज में निकल गयीं.पुनः नारद जी ने सारी बातें बताई . वे आश्रम पर जाकर माता अनुसुईया से क्षमा मांगीं और अपने पतियों को प्राप्त की.अनुसुईया ने तीनों देवों को अपने पुत्र रूप में मांगा. कालान्तर में विष्णु अंश दतात्रेय, ब्रह्मा अंश चन्द्रमा और शिव अंश दुर्वासा अनुसुईया के पुत्र रूप में अवतरित हुये।

## झारखंड सरकार के महाधिवक्ता, मानवाधिकार के आईजी, बिल्डर ने जीयर स्वामी का आशीर्वाद लिया




**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को झारखंड सरकार के महाधिवक्ता राजीव रंजन, मानवाधिकार के आईजी अखिलेश झा, बिल्डर अखिलेश पांडेय सहित कई पदाधिकारी गण रांची से चलकर श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के चातुर्मास्य स्थल श्री बंशीधर नगर प्रखंड के पाल्हे जतपुरा गांव पहुंचा। यहां अधिकारियों ने श्री जीयर स्वामी जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. महाधिवक्ता ने कहा कि झारखंड राज्य का श्री बंशीधर नगर सौभाग्यशाली है कि देश के महान संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास्य व्रत व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ हो रहा है। यह पूरे राज्य के लिए गौरव की बात है। राज्य में इस तरह का यह पहला यज्ञ है. इस तरह का यज्ञ अभी तक इस राज्य में नहीं हुआ है। श्री स्वामी जी से मिलकर काफी आत्म शांति मिली. यहां के लोग बड़े भाग्यवान है कि महान संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज का नित्य प्रतिदिन आशीर्वचन प्राप्त कर रहे हैं.श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र चौबे, सचिव अनीश शुक्ला, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, सह सचिव राकेश चौबे, प्रकाश सिंह, राजा सिंह, उमेश शुक्ला, रामानंद पांडेय, नवनीत शुक्ला, रामचंद्र शुक्ल आदि के द्वारा महाधिवक्ता राजीव रंजन, मानवाधिकार आईजी अखिलेश झा, स्वास्थ्य विभाग के पूर्व निदेशक सुमंत मिश्र, दैनिक जागरण के प्रधान संवाददाता दिव्यांशु झा, शिव गुरु प्रमुख अर्चित आनंद, शेखर आनंद आदि को शॉल ओढ़ा व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## गीतिका संग्रह छंद से मकरंद लेकर पुस्तक का हुआ लोकार्पण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** स्थानीय सीता +2 उच्च विद्यालय में रविवार को समारोह आयोजित कर शिक्षक नीरज कुमार पाठक द्वारा लिखी गई गीतिका संग्रह छंद से मकरंद लेकर पुस्तक का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 सुभाष चंद्र मिश्र तथा संचालन राकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के बाद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्राओं द्वारा वंदना के साथ स्वागत गीत से की गई। पुस्तक का लोकार्पण मुख्य अतिथि डॉ0 सिद्धेश्वर सिंह, रचनाकार नीरज कुमार पाठक, डॉ0 सुरेंद्र मिश्रा, डॉ0 सच्चिदानंद प्रेमी, अशोक सिंह, रामाधार सिंह, शंभू पाण्डेय, कुटुंबा विधानसभा के पूर्व विधायक ललन भुइयां, सीओ वासुदेव राय, धनंजय जयपुरी, जनार्दन मिश्रा, नागेंद्र केसरी,मुरलीधर पाण्डेय, सुरेश विद्यार्थी, अनिल सिंह, डिप्टी कलेक्टर विजय राम, अंबुज पांडे, फकीर मोहमद, हरिवंश प्रभात, उमेश पाठक, रमेश सिंह, रामप्रवेश पंडित, रणविजय सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया। प्रखंड क्षेत्र के पिरोजी विद्यालय के प्रधानाध्यापक नीरज पाठक ने कहा कि छंद से मकरंद लेकर पुस्तक में कविता के माध्यम से समाज में छुपी बुराइयां सहित कई बिंदुओं पर चर्चा कर समाज को अच्छे रास्ते, अच्छे संस्कार, अच्छे विचार पर ले जाने का प्रयास किया गया है। इस दौरान बिहार राज्य के पटना औरंगाबाद तथा झारखंड राज्य के मेदिनीनगर सहित अन्य जगहों से आए हुए कई लेखक तथा कवियों ने अपने संबोधन में छंद से मकरंद लेकर पुस्तक के रचनाकार शिक्षक सह कवि नीरज कुमार पाठक की प्रशंसा की। इस अवसर पर औरंगाबाद जिला परिषद उपाध्यक्ष रामेश्वर बैठा उर्फ नन्हक बैठा,वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, डॉ0 एसपी वर्मा, पूर्व प्रमुख प्रदीप कुमार सिंह, सेवानिवृत शिक्षक मदन सिंह, मृत्युंजय सिंह, सीता+2 उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार राय, शिक्षक ओरेन्द्र यादव, डॉ0 राजकुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नही रहे वरीय भाजपा नेता ललन चौबे 65 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

➲रविवार को पंचतत्व में हुए विलीन, सांसद-विधायक सहित कई लोगों ने जताया शोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र के वरीय भाजपा नेता 65 वर्षीय सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे का निधन रविवार को अहले सुबह हो गया। स्वज़ चौबे कैंसर रोग से पीड़ित थे। अपने पैतृक आवास विश्रामपुर प्रखंड के केतात गांव में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनका दाह-संस्कार गांव के ही श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े बेटे अमित चौबे पिंटू ने दी। उनके अंतिम यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, टिकैत चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, धनंजय तिवारी, सतीश्वर प्रसाद सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला गुड्डू, बबन राम, संजय चौबे, नंदेव यादव, मनीष गुप्ता, मेराज खान, शोएब शाह, मुन्ना पांडेय, अशोक चौबे, संतोष दुबे सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। इधर ललन चौबे के आकस्मिक निधन पर कई लोगो ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालो में पलामू सांसद विष्णुदयाल राम,पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे, पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी,बसपा नेता अभिमन्यु सिंह,पूर्व विस प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, उंटारी जिला पार्षद अरविंद सिंह, विश्रामपुर जिला परिषद विजय रविदास, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे सहित कई लोगो का नाम शामिल है। **स्थापना काल से हीं जुड़े थे भाजपा से ललन चौबे :** स्वर्गीय ललन चौबे स्थापना काल से हीं भाजपा से जुड़े थे। अपने लगभग 35 साल के राजनीतिक जीवन मे पार्टी के कई पदों पर रहे। इसके अलावे केतात कला पंचायत के बीडीसी भी चुने गए थे। भाजपा की पूर्व राज्य सरकार ने उन्हें बीस सूत्री का प्रखंड अध्यक्ष भी बनाया था। उन्होंने अपने जीवन मे नीति सिद्धान्तों से कभी कोई समझौता नही किया। अपनी व्यक्तपटुता, अपने हाजिर जबाबी व अद्भुत भाषण शैली से उन्होंने एक अलग पहचान बनाई थी।

## लापता महिला का शव कुंए से हुआ बरामद



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुम्बा टोली से लापता महिला का शव कुँआ से हुआ बरामद सूचना पर पँहुचे पुलिस उपाधीक्षक। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के कुम्बा टोली से महिला के लापता होने की सूचना परिजनों द्वारा सेन्हा थाना में देते हुए सनहा दर्ज कराया गया था।? मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि पाली निवासी दसई उराँव के 24 वर्षीय पत्नी पंची कुमारी को इलाज के लिए सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जहां चिकित्सकों द्वारा जांचोपरत डिलेवरी का समय चार दिन बाद का बताते हुए घर भेजा गया था। परंतु गांव अतिसुदुर्वर्ती क्षेत्र में होने तथा साधन नही होने के कारण परिजन अपने रिश्तेदार के यहां एकागुड़ी कुम्बाटोली में पंची कुमारी को रखा था। जहां से तबीयत बिगड़ने पर ससमय अस्पताल लाया जा सके लेकिन गुरुवार रात्रि में महिला कुम्बा टोली रिश्तेदार के घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। वही लापता महिला का शव थाना क्षेत्र के सेन्हा बरवाटोली निवासी भोला महतो का नवनिर्वाचित कुँआ से बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद व एस आई गणेश कुमार यादव दल बल के साथ घटना स्थल पँहुचते ही शव को कुँए से निकाला गया। वही शव मिलने पर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि महिला के लापता होने की सूचना परिजनों द्वारा थाना को दिया गया था। जिस पर पुलिस छानबीन कर ही रही थी। कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बरवाटोली निवासी भोला महतो का कुँआ से महिला का शव बरामद हुआ है। जिसे महिला के परिजनों द्वारा पंची कुमारी के रूप में पहचान किया गया है। वही शव को बरामद कर पुलिस पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। पोस्टमार्टम के पश्चात ही हत्या का कारण पता चल पायेगा वही पुलिस अग्रतर करवाई में जुट गई है।

# रेहला थाना क्षेत्र के जींजरा गांव में चोरों ने भीषण चोरी की घटना को दिया अंजाम, गहने व नगद की हुई चोरी

➲घर से कुछ दूरी पर गहने व नगद निकाल बक्से को चोरों ने फेंका

➲गांव के रिफ्यूजी टोली में निवास करने वाले लोगों पर बनी है है शक

➲पहले भी उनके चोरी की घटना अंजाम देने का रहा है रिकॉर्ड, गांव के लोगों ने इन्हें किया था बाहर, एक बार फिर से गांव में आ बसे हैं रिफ्यूजी परिवार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला थाना क्षेत्र के जींजरा गांव निवासी नरेन्द्र मिश्रा के घर शनिवार की रात चोरो ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें गहने व नगद लगभग 82 हजार रुपए ले गए। गहने व पैसे श्री मिश्रा के भाई वह उनके अन्य परिवार के सदस्यों के बताए जा रहे हैं। चोरी की घटना घर के पिछले दरवाजे को क्षतिग्रस्त कर घर में प्रवेश करते हुए की गई है। इस समय परिवार की सभी सदस्य घर में सोए हुए थे। इधर घटना की सूचना मिलते हीं रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी लेते हुए स्थल का निरीक्षण किया। वही चोरी की घटना से पूरे परिवार में दहशत का माहौल कायम है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। जानकारी के अनुसार नरेन्द्र कुमार मिश्रा सहित उनके अन्य चार भाई का संयुक्त घर है। शनिवार की रात घर में नरेन्द्र कुमार मिश्र सहित उनकी एक अन्य भाई हरेन्द्र कुमार मिश्रा सोए हुए थे। चोरों ने घर के पिछले दरवाजे जो लकड़ी के बने हुए थे उसे क्षतिग्रस्त कर अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद घर के अंदर कमरे में सोए हुए पुरुष सदस्यों को बाहर से बंद कर दिया गया। इसके बाद चोरों ने घर में रखें अलमीरा खोलकर उसमें रखें गहने व पैसे निकाल लिए। वहीं घर में रखे बाक्स, ब्रीफकेस, वीआईपी आदि को उठाकर ले गए। इसमें लाखो रुपए मूल्य के गहने थे। चोर बॉक्स आदि सामान घर की कुछ दूर पर निवास करने वाले रिफ्यूजी टोली के पास फेंके मिले हैं। जहां गहने छोड़ बाकी सभी कपड़े आदि को वहीं फेंक दिए गए हैं। स्टेशन मास्टर नरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि वे शनिवार की रात लगभग 9:30 बजे खाना खाकर कमरे में सो गए थे। लगभग 12:30 बजे टॉयलेट आदि के लिए घर से बाहर निकले तब तक सब कुछ सामान्य था। लगभग 2 बजे एक बार फिर मिश्रा की नींद खुला तो वे बाहर निकलना चाहा। जहां कमरे का दरवाजा बाहर से बंद पाया। फिर भी अपने एक अन्य भाई को फोन कर दरवाजा खोलने की बात कही। जहां हरेंद्र के कमरे का भी दरवाजा बाहर से बंद कर दिया गया था। घर के एक अन्य कमरे में सोई महिला वह बच्चे को फोन कर दरवाजा खोलवाया गया। जब सभी कमरों से बाहर निकल घर की स्थिति को देखकर सभी की होश उड़ गए। साथ में इसकी सूचना पास के लोगों को दी गई। साथ हीं लोगों ने घर की आस-पास काफी खोजबीन भी किया। जहां घर से कुछ दूरी पर रिफ्यूजी टोली के निकट बक्से कपड़े आदि बिखरे हुए पाए गए हैं। पीड़ित परिवार लोगों को इस चोरी की घटना में शामिल होने का संशय भी बना है जिसे रेहला थाने में लिखकर भी दी गई है। इधर घटना की सूचना मिलते हीं रेहला थाना प्रभारी नमेधारी रजक घटनास्थल पर पहुंचकर पिड़ीत परिवार से समुचित जानकारी ली। साथ अपने स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि पिड़ीत परिवार के द्वारा थाने में आवेदन दी गई है। पुलिस के द्वारा अपनी कार्रवाई की जा रही है।

## बचरा शमशान घाट मे बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया वृक्षारोपण

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा शमशान घाट मे बजरंग दल पिपरवार के कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण किया।वृक्षारोपण के दूसरे चरण में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दर्जनों औषधि युक्त पौधे लगाए।साथ ही लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखने को लेकर घेराबंदी की गई।वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पर्यावरण विद् उमेश मेहता एवं बजरंग दल कार्यकर्ता शंकर सिंह चेरो ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को लेकर हर एक नागरिक का कर्तव्य है कि एक पौधा जरूर लगाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सके।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बेल,नीम,बबुआन,अर्जुन, एवं आम के पौधे लगाकर इन पौधों की घेराबंदी की।मौके पर अक्षय कुमार सिंह,बंटी सिंह,अर्जुन सिंह,फुलेश्वर महतो,मुकेश राणा,मुकेश कुमार गुड्डू,राजा कुमार,पप्पू सोनी,प्रणव दुबे,संतोष रजक,दीपक केसरी,विक्की कुमार,ललकु महतो,नागेश्वर महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने सुनी मन की बात, बूथ न.50 पर उपस्थित रहे दर्जनों युवा

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम मन की बात को हमेशा की तरह इस बार भी रामगढ़ में सभी बूथों पर भारी संख्या में सुना गया। उक्त बातें भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने मीडिया को एक विज्ञप्ति जारी कर बताया।उन्होंने बताया की बूथ नंबर 50 पर दर्जनों स्थानीय युवाओं ने मेरी अध्यक्षता में मन की बात कार्यक्रम को सुना जिसमे प्रधानमंत्री श्री मोदी ने चंद्रयान की सफलता हेतु इसरो के सभी वैज्ञानिकों का धन्यवाद करने के साथ इसकी सफलता में लगे उन सभी लोगों का भी आभार प्रकट किया जिनके पुरुषार्थ से चंद्रयान में लगने वाले कलपुर्जों का निर्माण भी अपने देश में हीं संभव हो पाया। साथ हीं प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी की सराहना पर सत्यजीत ने बताया की मोदी जी ने हमेशा हीं महिला एवं युवाओं को प्रोत्साहित कर देश में मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने का काम किया है जिसका जिक्र उन्होंने त्न 20 समिट के दौरान बनारस के सवा लाख स्कूली बच्चों के द्वारा भाग लेकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के साथ सूरत में पहुंचे त्न 20 प्रतिनिधिमंडल के सामने 15 राज्यों की 15 हजार महिलाओं द्वारा फ्साड़ी वॉक थोनफ् किया जिससे हमारे सांस्कृतिक परिधान को ग्लोबल मार्केट मिला साथ हीं सूरत के साड़ी इंडस्ट्रीज को भी इसका फायदा मिला। मन की बात कार्यक्रम को सुनने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व प्रत्यासी रामगढ़ विधानसभा रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू, वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,अखिलेश प्रसाद,मंत्री सह मुखिया राजेंद्र कुशवाहा,शोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, आईटी सेल प्रभारी प्रवीण सोनू,ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक,धीरज साहू,मणिशंकर ठाकुर आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बांझेडीह फोरलेन रोड में शनिवार की देर रात को एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान पिपराडीह निवासी अनिल राणा उम्र 25 वर्ष पिता पूना राणा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बांझेडीह फोरलेन से गुजरने के दौरान युवक की तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें युवक के शरीर में कई जगहों पर गंभीर चोट आई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए घायल युवक गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में कोडरमा व डोमचांच में चला सघन वाहन चेकिंग अभियान

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त कोडरमा के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान बिना नंबर,बिना लाइसेंस, प्रेशर हॉर्न के साथ वाहन चलाने, वाहन में अतिरिक्त स्थान निकाल देने, बिना माइनिंग चालान, बिना हेलमेट के दुपहिया चलाने की जांच की गयी। वाहन चेकिंग अभियान कोडरमा और डोमचांच थाना समीप चलाया गया।। जिसमें 6 ट्रक को कोडरमा में जप्त किया गया और दो ट्रैक्टर को डोमचांच में जप्त किया गया है और एक ट्रक फर्जी चालान के साथ पकड़ाया है। चेकिंग अभियान में कई वाहनों पर कार्रवाई हुई और 104500 का जुर्माना की राशि की वसूली की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि कोडरमा जिला में आये दिन हो रही सड़क हादसों की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा बहुत जरूरी है। लोग सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है ताकि लोग सड़क सुरक्षा के बारे में जानें। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 5 वाहन चालक अपने वाहन छोड़ कर भागे निकले, इन वाहनों को थाना में रखा गया है। साथ ही इन वाहनों को जिम्स पोर्टल पर ब्लॉक कर दिया गया है। इससे अब ये वाहन कहीं भी चलाना नहीं ले पायेंगे। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पाया गया कि कई वाहनों में बिना मतलब के नेम प्लेट लगे हुए हैं, जो अनऑथराइज्ड है। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों पर नेम प्लेट हटाया गया और उन्हें हिदायत दी गई कि फिर से अवैध रूप से वाहनों में नेम प्लेट ना लगवाएं। इसके साथ ही जिन वाहनों में ब्लैक शीश लगायें गये थे, उन वाहनों से ब्लैक शीश हटाया गया। वहां चेकिंग अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों की भी जांच की गई, जिसमें कई लोग शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़े गए हैं जिस पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया और उन्हें हिदायत दी गई की शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने लोगों से अपील शराब पीकर वाहन चलाने से सड़क दुर्घटना होने की संभावना ज्यादा होती है इसलिए शराब पीकर वाहन न चलाएं। जिले में आए दोनों शिकायतें मिल रही है कि बड़े-बड़े वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगे हुए हैं,जिस वजह से दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान जिन वाहनों में प्रेशर हॉर्न पाया गया, उसपर जुर्माना लगाते हुए हटाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी वाहन चालकों से अपील की की वाहनों में प्रेशर हॉर्न ना बजाएं। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान टू व्हीलर वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान इन वाहनों के चालक न तो हेलमेट पहने थे और ना ही ड्राइविंग लाइसेंस व गाड़ी के कागजात साथ में थी। इन वाहनों पर कार्रवाई करते हुए मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना लगाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने लोगों से कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना हेलमेट के बाइक ना चलाएं, इसे कानून की रक्षा के साथ-साथ अपनी भी सुरक्षा कवच है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि इस तरह के अभियान निरंतर चलाया जाएगा। मोटर अधिनियम धाराओं को उल्लघंन करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। वाहन जांच अभियान के दौरान जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सोनी , गोपनीय प्रभारी, वाहन निरीक्षक और सड़क सुरक्षा दल की टीम मौजूद रहे।

## बेहराडीह शिव मंदिर से गोरियाडीह शिव मंदिर तक निकाली गई भव्य जल यात्रा

**डोमचांच (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अन्तर्गत श्रावणी एकादशी जल यात्रा समिति संघ बेहराडीह के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण एकादशी के शुभ अवसर पर रविवार को भव्य जल यात्रा निकाली गई।जल यात्रा के लिए शिवभक्त सुबह 6 बजे बेहराडीह मंदिर के प्रांगण से हनुमान चालीसा के साथ पैदल उतरवाहिनी गढवा नदी के लिए निकले।सभी श्रद्धालु गढवा नदी घाट से जल संकल्प कर पुनः पदयात्रा करते हुए जय भोले, ऊं नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयकारों के साथ गोरियाडीह स्थित शिव मंदिर पहुंचे।जहां सभी भक्तों ने भगवान के शिवलिंग पर जल अभिषेक कर भगवान शिव की विधि विधानपूर्वक अर्चना की।सभी भक्त पूजा कर कड़ी धूप में पैदल फिर गढ़वा नदी से जल लेकर बेलभरणी मंदिर में पूजा करते हुए सभी भक्त पुनः शिव मंदिर बेहराडीह के लिए डीजे में बज रहे भक्ति गानों के साथ बेहराडीह शिव मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया।इस दौरान बजरंग दल के द्वारा 31फीट का कावड़ पद यात्रा भी की गई।इस जलयात्रा में बेहराडीह, घरबरियाबर, पहरीडीह, सरोनिया, बसवरिया, मसनोडीह, नावाडीह,सिमरिया सहित कई जगह के लोग इस पद यात्रा में शामिल थे।साथ ही जलयात्रा के दौरान वाहनों में झांकी की भी प्रस्तुति की गई थी। इस जलयात्रा में ढाब थाना प्रभारी अखिलेश सिंह अपने पुलिस बल के साथ पूरी तरह से मुस्तैद थे।

# सीसीएल कर्मियों को ड्यूटी से बचरा लेकर आ रही शिफ्ट बस हुई दुर्घटनाग्रस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के पाहन टोंगरी गांव निवासी और राष्ट्रीय वुशु खिलाड़ी अविनाश गंझु पिता रतन गंझु का सीमा सुरक्षा बल एसएसबी मे चयन किया गया है।राष्ट्रीय स्तर के वुशु प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने पर भारत सरकार द्वारा खेल कोटे से अविनाश का सीमा सुरक्षा बल एसएसबी मे सिपाही के पद पर चयनित किया गया है।अविनाश के इस उपलब्धि पर कोच रजी अहमद खुशी से फूले नही समा रहे है।इस संबंध में कोच रजी अहमद ने बताया कि अविनाश



बचपन से ही वुशु खेल के प्रति काफी मेहनत किया।उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और परिश्रम से जिला स्तर से राज्य स्तर और राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर कई पदक लाकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं। राष्ट्रीय स्तर पर वुशु प्रतियोगिता मे उनके बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए भारत सरकार के द्वारा खेल कोटे से उनका सीमा सुरक्षा बल के लिए चयन किया गया है।सीमा सुरक्षा बल में अविनाश का चयन होना पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।उन्होंने कहा कि इससे पूर्व कोयलांचल क्षेत्र के दो वुशु खिलाड़ी ज्योति और दीपक को झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने खेल कोटे से झारखण्ड पुलिस बल मे नौकरी दे चुके है।उन्होने कहा कि वुशु खेल मे पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र के बच्चे लगातार बेहतर प्रदर्शन कर इस क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।अविनाश के इस उपलब्धि पर कोच रजी अहमद,बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी,उप मुखिया किरण कुमारी,पसंस कुमारी अनुप्रिया, समाजसेवी रोहण गंझु, गणेश भुईयां, इस्लाम अंसारी, सिकेन्द्र प्रजापति सहित पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा 4 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** भारतीय जनता पार्टी झुमरी तिलैया नगर मंडल के द्वारा भी एक बैठक हुई जिसमें भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर हुई। इस बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष राजेश सिन्हा ने किया एवं संचालन नगर महामंत्री संजय शर्मा एवं नवीन चौधरी ने संयुक्त रूप से की। मौके पर जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, कोडरमा विधानसभा संकल्प यात्रा कार्यक्रम प्रभारी सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश सिंह ने कहा प्रदेश अध्यक्ष के इस संकल्प यात्रा को भव्य और विशाल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में हर बूथों से कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में पहुंचे। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवि मोदी, कार्यक्रम सभा प्रभारी सह जिला महामंत्री अनूप जोशी, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, वीरेंद्र सिंह,राजकुमार यादव, रमेश हर्षधर, दिनेश्वर प्रसाद, शशि भूषण प्रसाद, सुभाष मोदी, सुदर्शन यादव, मानिकचंद सेठ, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष रिता लोहानी, अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश दास, नगर उपाध्यक्ष पिंटू मजूमदार, नगर मंत्री भारत पांडे, सुधीर सेठ, अविनाश चंद्रवंशी, राजेश वर्मा, नगर कोषाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, नगर सोशल मीडिया प्रभारी अंकित गुप्ता, भोला चौधरी, अनिरुद्ध प्रसाद चक्रम,शंकर सिन्हा ,बेबी देवी,पुष्पा वर्मा, अंजू जैन, सुनीति सेठ,संजीत शर्मा, अजय कुमार यादव, संतोष केसरी, राहुल सिंह, उपेंद्र बरनवाल, धनंजय कुमार, धीरज यादव, अजय महतो, सुदीप्तो घोष,संतोष सोनकर, राहुल शर्मा, नवीन जैन, शंभू कुमार, मनोज कुमार मेहता, सुनील कुमार आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# काउंसिल की बैठक में सम्मेलन की सफलता पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी इम्पलाईज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल की एक अवश्यक बैठक मगध परियोजना के पीट ऑफिस मे संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता गणेश कुमार ने किया।बैठक के मुख्य अतिथि काउंसिल के सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन मौजुद थे।बैठक मे आगामी 11 सितम्बर को सीसीएल एनके एरिया के डकरा वीआईपी सभागार मे होनेवाले ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी इम्पलाईज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल की सीसीएल स्तरीय बैठक सह सम्मेलन को सफल बनाने और इसमे अधिक से अधिक संख्या मे



शामिल होने का निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए सीसीएल उपाध्यक्ष इक़बाल हुसेन ने संगठन के उद्देश्य,आरक्षण, रोस्टर,बैक लोग, प्रमोशन सहित अन्य बातो पर विस्तार से जानकारी दी।साथ ही एससी/एसटी/ओबीसी को जागरूक करने का आहवान किया। बैठक मे जग्गु राम, मो. खुर्शीद, सुरेन्द्र मुंडा, बंसत मांझी, राजकुमार उंराव, उपेन्द्र कुमार, बिरजु उंराव, राजेश नायक, झरी राम,रवि सिंह, मनोज गोप, उमेश लोहार, फुलू महतो,गोपाल यादव, राजेश महतो,अंजली देवी, पूनम देवी, यमुनी देवी,सुनीता देवी सहित कई लोग मौजुद थे।

# पिपरवार के बेंती निवासी वुशु खिलाड़ी अविनाश का सीमा सुरक्षा बल में हुआ चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के पाहन टोंगरी गांव निवासी और राष्ट्रीय वुशु खिलाड़ी अविनाश गंझु पिता रतन गंझु का सीमा सुरक्षा बल एसएसबी मे चयन किया गया है।राष्ट्रीय स्तर के वुशु प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने पर भारत सरकार द्वारा खेल कोटे से अविनाश का सीमा सुरक्षा बल एसएसबी मे सिपाही के पद पर चयनित किया गया है।अविनाश के इस उपलब्धि पर कोच रजी अहमद खुशी से फूले नही समा रहे है।इस संबंध में कोच रजी अहमद ने बताया कि अविनाश बचपन से ही वुशु खेल के प्रति काफी मेहनत किया।उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और परिश्रम से जिला



स्तर से राज्य स्तर और राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर कई पदक लाकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं। राष्ट्रीय स्तर पर वुशु प्रतियोगिता मे उनके बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए भारत सरकार के द्वारा खेल कोटे से उनका सीमा सुरक्षा बल के लिए चयन किया गया है।सीमा सुरक्षा बल में अविनाश का चयन होना पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।उन्होंने कहा कि इससे पूर्व कोयलांचल क्षेत्र के दो वुशु खिलाड़ी ज्योति और दीपक को झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने खेल कोटे से झारखण्ड पुलिस बल मे नौकरी दे चुके है।उन्होने कहा कि वुशु खेल मे पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र के बच्चे लगातार बेहतर प्रदर्शन कर इस क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।अविनाश के इस उपलब्धि पर कोच रजी अहमद,बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी,उप मुखिया किरण कुमारी,पसंस कुमारी अनुप्रिया,समाजसेवी रोहण गंझु,गणेश भुईयां, इस्लाम अंसारी,सिकेन्द्र प्रजापति सहित पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, झुमरी तिलैया कोडरमा में आईक्यूएसी के तत्वावधान में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर के किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा ने अभिभावकों को महाविद्यालय के सभी सदस्यों से परिचय कराया । इसके बाद उन्होंने पीपीटी प्रेजेंटेशन द्वारा महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को सभी अभिभावकों को बताया। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के निदेशक मनीष कपसिमे व उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने भी अभिभावकों के साथ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की । इस अवसर पर डॉ? संजीता कुमारी ने कहा कि महाविद्यालय की प्राथमिकता प्रशिक्षुओं का सर्वांगीण विकास करना हैद्य साथ ही साथ विद्यार्थियों को एक सफल शिक्षक बनाने के लिए यह महाविद्यालय हमेशा प्रयासरत रहता है।

## जिप अध्यक्ष व जिप सदस्य ने पंचायत भवन के मरम्मत कार्य का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतगावां :** प्रखंड के छः पंचायत भवनों का मरम्मत कार्य का शिलान्यास को जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव सदस्य नीतू कुमारी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया।जिसमें प्रखण्ड के मीरगंज पंचायत भवन, माधोपुर पंचायत भवन, टेहरो पंचायत भवन नावाडीह पंचायत भवन, अम्बाबाद पंचायत भवन तथा खुट्टा पंचायत सचिवालय में शिलान्यास कार्य किया गया। तथा मरम्मत कार्य जल्द शुरू करने का निर्देश दिया गया। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि पंचायत भवन की मरम्मत का कार्य बेहतर हो, पंचायत भवन की सुंदरीकरण का कार्य में कोई भी ढुलमुल रवैया नहीं चलेगा।इस लेकर संवेदक को बेहतर कार्य करने की बात कही है, उन्होंने कहा कि जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी के प्रयास से हीं हमलोग विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया गया है।

## संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक

**डोमचांच :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक सन साइन स्कूल के प्रगाण में हुई जिसकी अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार और संचालन सुरेन्द्र यादव ने किया. बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के तहत आगामी 4 सितंबर 2023 को डोमचांच में आगमन होगा जहाँ वें सभा को सम्बोधित करेंगे. इस अवसर पर

# प्रखंड मुख्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार विधिक सेवा सह सशक्तिकरण के तहत कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड मुख्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार विधिक सेवा सह सशक्तिकरण के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे व संचालन बाल विकास परियोजना के पर्यवेक्षक पूजा राय एवं आशीष कुमार पासवान ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ मुख्य अतिथि कुटुंब न्यायालय हजारीबाग के प्रधान न्यायाधीश शंभू लाल साव के द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। मौके पर कई योजनाओं से मुख्य अतिथि न्यायाधीश शंभू लाल साव और वरीय अधिवक्ता मनोरंजन राय के हाथों 2 करोड़ 87 लाख रुपए परिसंपत्ति का वितरण किया गया। जिसमें जेएसएलपीएस के महिला मंडलों को चेक दिया वही बाल विकास परियोजना की ओर से कन्यादान योजना के तहत पांच एवं





सावित्रीबाई फुले योजना के तहत पांच लाभुको के बीच राशि का वितरण किया गया।

इसके अलावा अंबेडकर आवास की स्वीकृति, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, कृषि विभाग द्वारा बीच का वितरण, पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का वितरण, व अन्य शामिल है। इसके अलावा मुक बाधिर के लिए ऑडियो फोन, कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव के बच्चों के बीच किताब कॉपी एवं बैग का वितरण, जन वितरण प्रणाली द्वारा राशन इत्यादि का वितरण किया गया। वहीं न्यायाधीश , प्रमुख व बीडियो ने मेरा देश मेरा माटी के तहत राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सह बड़कागांव उपप्रमुख को अमृत कलश सौंपा गया यह कलश हजारीबाग से दिल्ली के लिए भेजा जाएगा। मौके पर न्यायाधीश शंभू लाल साहू ने कहा कि हमारे यहां विधिक सेवा प्राधिकार चलता है जहां मुफ्त सेवाएं परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। मैं जज के नाते लोगों से अपील करना चाहता हूं कि केस में सही तथ्यों को रखें ताकि न्याय करने में सुविधा हो। वही वरिष्ठ अधिवक्ता मनोरंजन कुमार राय ने कहा कि आज के दिन न्यायिक सशक्तिकरण जागरूकता के लिए आयोजित किया गया था। आप सभी जनता अपने न्यायिक रूप से संबल हो कानून के प्रति ईमानदारी रखें। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उर्मिला कुमारी, मुखिया लीलावती देवी, प्रभु महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, बीगल चौधरी, मो खुर्सिद, भास्कर राज, रवि रंजन, आशीष कुमार पासवान, पूजा रॉय, अनुराधा पासवान, रुखसाना परवीन, पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर एलएस सिंह, बीपीओ अरुण पासवान, प्रकाश कुमार, सचिन कुमार, दीपक कुमार, विवेक आनंद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बिजली नियमित करने की मांग को लेकर मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिख कर कोडरमा जिले के विधुत समस्याओं से जूझते आमजनो के परेशानियों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया पत्र में कहा कि झारखंड बिजली उत?पादक राज?य है। यहां की बिजली कई राज?यों और कंपनियों को बेची जाती है। जंहा अन्य राज्य बिजली की अपनी सारी जरूरतें दूसरे से खरीद कर पूरा करता है। और खुद उत्पादक राज्य के जिला कोडरमा समेत अन्य जिला बिजली के लिए तरसते रहे हो। विभाग की लचर व्यवस्था व मनमानी व तानाशाही रवैये के कारण विधुत कटौती बढ़ने से उपभोक्ताओं में त्राहिमाम हो ऐसे में एक लोक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी और कर्तव्य बनता है कि आमजनों को नियमित विधुत मिले यह सरकार की प्राथमिकता में शामिल होती है उन्होंने कहा कि बांझेडीह पावर प्लांट से राज्य की ऊर्जा नीति के तहत 25 मेगावाट सिर्फ झुमरीतिलैया नगर को मिलनी है इसके बाद भी नगर को नियमित बिजली नहीं मिलना साथ ही सम्पूर्ण जिलावासियों को विधुत के लिए तरसाना व सरकार की नीतियों का लाभ आमजनों को नहीं मिल पाना। जिसका जिलेवासियों के जनजीवन पर व्यापक असर देखा जा रहा है जो सरकार के प्रति आक्रोश में तब्दील होना लाज़मी है। सईद नसीम ने कहा कि यह जनहित की समस्या है। वर्तमान सरकार को इस पर विचार करना चाहिए की अपनी जरूरत पूरी करने के उपरांत ही विधुत सप्लाई अन्य राज्यो को दे सरकार घर घर बिजली पहुंचाने की बात कर रही है। परन्तु निरंतर बिजली मीले इस पर कोई ध्यान नही जाना चिन्ता का विषय है आम जनमानस पटल पर राज्य सरकार निरंतर विधुत दे कर जनहित में सरकार के प्रति जनआकांक्षा धूमिल होने से बचाए ।

# ध्वजाधारी धाम में आज उमड़ेगी कांवरिया भक्तों की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** सावन के अंतिम सोमवारी पर झारखण्ड व बिहार समेत अन्य राज्यों के प्रसिद्ध ध्वजाधारी धाम में आज सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवभक्तों की उमड़ने वाली है. बताया जाता है कि करीब 50 हज़ार से ज्यादा लोग पहाड़ की उच्ची तलहट्टी 777 सीढी चढ़कर भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की पूजा करेंगे. यह मान्यता है कि सच्चे मन से मांगने वाले भक्तों की मुरादें अवश्य पूरी होती है. इधर कोडरमा जिला प्रशासन के द्वारा सोमवार को अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने को लेकर प्रशासनिक तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज व एसपी कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से निर्देश जारी कर झुमरीतिलैया के झरनाकुण्ड से लेकर ध्वजाधारी आश्रम, पहाड़ की चोटी तक पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल के साथ दण्डाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है, इसके अलावे यातायात नियंत्रित करने को लेकर बागीटांड चेकनाका, लोकाई और स्थानीय हनुमान मंदिर समेत विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस बल के साथ दण्डाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया। डीसी व एसपी द्वारा जारी संयुक्त निर्देश में कहा गया है कि सावन माह के अंतिम सोमवारी को झरनाकुण्ड धाम से ध्वजाधारी धाम तक सुबह 4 बजे से 15 किलोमीटर कांवर पद यात्रा निकाला जाएगा, जिसमे अत्यधिक भीड़ होने की संभावना है, ऐसे में श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसको सुनिश्चित करें। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि सावन की अंतिम सोमवारी को आयोजित होने वाले कांवर पद यात्रा को शांतिपूर्ण सफल बनाने के लिए विधि व्यवस्था चाक चौबंद किया गया है। वहीं झरनाकुण्ड से लेकर ध्वजाधारी धाम तक सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए यात्रा के दौरान पुलिस और दंडाधिकारी साथ में रहेंगे।वहीं रविवार शाम को कोडरमा एसपी कुमार गौरव, एसडीपीओ प्रवीन पुष्कर, एसडीओ, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और कई निर्देश दिए गए ताकि श्रद्धालुओं को कोई दिक़्कत नहीं हो. ध्वजाधारी धाम में आज सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवभक्तों की उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रण करने को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर डीएसई सह प्रभारी डीईओ नयन कुमार ने पत्र निकाल जिले के निजी विद्यालय को बन्द रखने का निर्देश दिया गया है.

## लेडीज डिजाइनर परिधानों का शोरूम अमायरा फैशन स्टूडियो मना रहा 8वीं वर्षगांठ का जश्न



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्किट हाउस एरिया मेन रोड स्थित लेडीज डिजाइनर परिधानों की शोरूम अमायरा फैशन स्टूडियो अपनी 8वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। इस अवसर पर उभरती लेखिका, मशहूर फैशन डिजाइनर, भारत की मशहूर बॉडी पोजिटिव अपैरल एवं स्टाइलिस्ट मृणाल सावा की बहुचर्चित किताब हर महिला मूलतः अपने आप में खूबसूरत है का लोकार्पण भी किया गया। उक्त पुस्तक को कुछ ही दिनों पहले सिने तारिका पूनम सिन्हा (पत्नी शत्रुघ्न सिन्हा) ने मुंबई मे अनावरण किया था। अमायरा के प्रोपराइटर मृणाल सावा ने बताया कि अमायरा लेडीज परिधानों की डिजाइनर रेडीमेड एवं कपड़ो की श्रृंखला है। आज यह शोरूम ना केवल जमशेदपुर बल्कि आस पास के डिजाइनर पसंद महिलाओं के जुबान पर छा गया है। मृणाल शावा जिन्हे लेडीज परिधानों की डिजाइनर कपड़े बनाने की 20 वर्षों से भी अधिक समय का अनुभव है, ने बताया कि शोरूम् की सभी परिधानों की डिज़ाइने अलग अलग है। यहाँ शादी से लेकर अन्य त्योहारों एवं पार्टीज के लिए भी डिजाइनर परिधान उपलब्ध है, जिन्हे देख कर कोई भी मंत्रमुग्ध हो जाता है। उक्त वर्षगांठ के आयोजन पर शहर के गणमान्य लोगों के अलावा सावा परिवार भी उपस्थित थे।

## कुजूर फाउंडेशन ने निजी खर्च से खराब चापाकल को दुरुस्त कराकर दिया राखी का उपहार



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के रुगुडीह पंचायत अंतर्गत रामडीह गांव में वर्षो से खराब पड़ा चापाकल का? कुजुर फाउंडेशन के अध्यक्ष विनोद बिहारी कुजुर ने अपने निजी खर्च से मरम्मती कराकर ग्रामीणों को रक्षाबंधन का उपहार दिया। मौके पर श्री कुजुर ने कहा कि ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय व विभाग की चक्कर व गुहार लगाते लगाते थक चुके थे। वहीं ख़राब पड़ा चापाकल की सूचना गांव के ही कार्तिक सिंह मुंडा ने दिया। मौके पर कुजूर ने कहा कि जनता की हर दुःख सुख में कुजूर फाउंडेशन खड़ा है। इस दौरान मुख्य रूप से उनके साथ कार्तिक सिंह मुंडा, श्यामलाल पान?, गोड सिंह मुंडा, दुर्गा मुंडा, सोमा स्वांसी, जितु पान, कुंडी कुमारी, बागराई मुंडा, अंडो मुंडा आदि उपस्थित थे।

## गोराई कुलु समाज के रक्तदान शिविर में 500 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को गोराई (तेली) कुलु समाज कल्याण केंद्रीय समिति जमशेदपुर झारखंड के द्वारा जमशेदपुर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 500 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया। बताया गया कि गोराई समाज का उद्देश्य है किसी भी वक्त जरूरतमंद मरीज को रक्त की आवश्यकता हो तो उन्हें हमारे गोराई समाज के द्वारा उपलब्ध कराया जा सके। इस रक्तदान शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो द्वारा विधिवत कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। वहीं सांसद ने गोराई समाज को और अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि में सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, पश्चिम विधानसभा के प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा, सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, गोराई समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दयाल गोराई, महासचिव राजू गोराई, कोषाध्यक्ष संतोष गोराई, सोशल मीडिया प्रभारी करन गोराई, मानिक गोराई, संदीप गोराई, भाजपा सोनारी मंडल के नारायण प्रसाद, संजय रजक,कृष्णा यादव, रमेश प्रसाद साहू, मालती गोराई, महाबीर गोराई, शंकर गोराई, जितेन्द्र गोराई, प्रदीप गोराई आदि उपस्थित थे।

## वीएस पब्लिक स्कूल सीनी में मनाया गया ग्रांड पैरेंट्स डे




**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत वी एस पब्लिक स्कूल सीनी में विद्यालय परिवार के तत्वावधान में रंगारंग कार्यक्रम के साथ ग्रांड पैरेंट्स डे मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सरायकेला की कार्यपालक दंडाधिकारी डॉ सुधा वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि उदय प्रताप सिंह देव उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ सुधा वर्मा ने कहा विद्यालय में इस तरह के आयोजन से बच्चों को अपने बुजुर्ग अभिभावकों के प्रति सेवा एवं आदर भावना की प्रेरणा मिलती है। विद्यालय के अध्यक्ष सुखजिंदर सिंह ने कहा हमारे विद्यालय में बच्चों को गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन एवं संस्कार का पाठ पढ़ाया जाता है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग शिक्षात्मक एवं प्रेरणात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सत्र 2022-23 में उत्तीर्ण प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विगत बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।

# टाटा स्टील ने सर दोराबजी टाटा की 164वीं जयंती मनाई

## अगली पीढ़ी के लीडर्स को प्रेरित करने के लिए बुक लांच की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज सर दोराबजी टाटा की 164वीं जयंती मनाई और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। वहीं अगली पीढ़ी के लीडर्स को प्रेरित करने के लिए उनके जीवन और जीवनकाल पर एक पुस्तक लॉन्च की। सर दोराबजी टाटा, टाटा स्टील के पहले चेयरमैन थे, जिन्होंने कंपनी को कॉर्पोरेट गवर्नेंस में ऐसे मानक प्रदान किए जो अपने समय से कहीं आगे थे। उन्होंने कानूनी दायित्व बनने से बहुत पहले ही 8 घंटे दिन का कार्यदिवस, मातृत्व अवकाश, भविष्य निधि, दुर्घटना मुआवजा, निःशुल्क चिकित्सा सहायता और कई अन्य कल्याणकारी उपायों जैसी पहल की शुरुआत की थी। जमशेदपुर में, इस अवसर पर आयोजित समारोह की शुरुआत सर दोराबजी टाटा पार्क में श्रद्धांजलि समारोह के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाईस प्रेसिडेंट चाणक्य



चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील के पूर्व उप प्रबंध निदेशक (स्टील) डॉ टी मुखर्जी और सम्मानित अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी उपस्थित थे। इस मौके पर टाटा स्टील और समूह की अन्य कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन के सदस्य और जमशेदपुर के प्रतिष्ठित नागरिक भी उपस्थित थे। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए सर दोराबजी टाटा के जीवन और जीवनकाल पर आधारित एक कॉमिक बुक का विमोचन किया गया, जो प्रभा नायर और तृप्ति नैवाल द्वारा लिखित, अमर चित्र कथा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित है। पुस्तक का विमोचन चाणक्य चौधरी, टी मुखर्जी, संजीव चौधरी, डेज़ी ईरानी और शुभ्रा मुखर्जी ने किया। यह पुस्तक विभिन्न स्कूलों के छात्रों को वितरित की जाएगी ताकि युवाओं को इससे प्रेरणा मिल सके। टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा संचालित मस्ती की पाठशाला और ब्रिज स्कूलों के छात्रों के साथ-साथ रोलर स्केटिंग ट्रेनिंग सेंटर, फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर और हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर के खेल प्रशिक्षुओं ने भी आज के कार्यक्रम में भाग लिया।

## सरायकेला मारवाड़ी युवा मंच ने साइक्लोथॉन का किया आयोजन शामिल हुए एसपी व डीडीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मारवाड़ी युवा मंच सरायकेला शाखा द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से रविवार को साइक्लोथॉन (3.0) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि पुलिस अधीक्षक डा विमल कुमार एवं उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गगराई उपस्थित रहे। साइकिल मैराथन में लगभग 600 युवाओं और छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिनके द्वारा हिट इंडिया फिट इंडिया और युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति के नारे लगाए जाते रहे। पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने मंच के इस पहल की सराहना की। उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई ने कहा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योगा, प्राणायाम एवं साइकलिंग करना लाभदायक है। मारवाड़ी युवा मंच सरायकेला के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने मंच की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम की सफलता में राहुल अग्रवाल, हनी चौधरी, पूर्व अध्यक्ष सुमित चौधरी, आशुतोष चौधरी, यतिराज बुधिया, अनमोल चौधरी, अनमोल सकसेरिया, अभिषेक सकसेरिया, केशव लोहरीवाल, विकाश अग्रवाल, साकेत सकसेरिया एवं सचिव आनंद अग्रवाल की सक्रियता रही।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अपनी 20वीं वर्षगांठ समारोह के हिस्से के रूप में, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टाटा स्टील यूआईएसएल) ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्कूली बच्चों के लिए आज एक आकर्षक पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की। इस कार्यक्रम में युवा कलात्मक प्रतिभाओं ने कैनवास पर अपनी रचनात्मकता और कल्पना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की विविध प्रतिभाओं को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया था। इसमें 740 बच्चों ने इस जीवंत चित्रकला उत्सव में उत्साहपूर्वक




भाग लिया। इस कार्यक्रम में सम्मानित मुख्य अतिथि, पूनम चौधरी और निवेदिता सिन्हा उपस्थित थीं। टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा और टाटा स्टील यूआईएसएल में सीनियर जीएम टाउन ओएंडएम और आरई कैप्टन धनंजय मिश्रा की विशिष्ट उपस्थिति थे। श्रेणी ए- प्रथम पुरस्कारः आराध्या सृष्टि, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल, दूसरा पुरस्कारः देपास्मिता, बाल्डविन फार्म क्षेत्र और तृतीय पुरस्कारः अक्षत वर्मा, कार्मेल जूनियर स्कूल। श्रेणी बी - प्रथम पुरस्कारः खुशबू महतो, जुस्को स्कूल कदमा, द्वितीय पुरस्कार- अनिका शाह, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट और तीसरा पुरस्कारः निशा शॉ, बाल्डविन फार्म एरिया। श्रेणी सी- प्रथम पुरस्कारः हर्षवर्द्धन महतो, डीएवी बिस्टुपुर, द्वितीय पुरस्कारः पी सृष्टि, जमशेदपुर पब्लिक स्कूल और तृतीय पुरस्कारः रूपाली कुमारी, बाल्डविन फार्म एरिया। विशेष रूप से सक्षम श्रेणी- प्रथम पुरस्कारः साची देब, जुस्को स्कूल कदमा, द्वितीय पुरस्कार- शौर्य मुखर्जी, जुस्को स्कूल और तृतीय पुरस्कारः रुद्रांश चक्रवर्ती, तारापोर स्कूल। कार्यक्रम के दौरान सबसे अधिक संख्या में प्रतिभागियों के उत्कृष्ट योगदान के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल, बिस्टुपुर को छात्रों की अधिकतम भागीदारी में स्कूल चैंपियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## मारवाड़ी युवा मंच की तीन शाखा ने किया साइक्लोथॉन 3.0 का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर रविवार को एकता और खेल कौशल के अभूतपूर्व प्रदर्शन में मारवाड़ी युवा मंच की तीन शाखा स्टील सिटी सुरभि शाखा, टाटानगर अचीवर्स शाखा और जमशेदपुर शाखा द्वारा पहली बार संयुक्त रूप से आयोजित साइक्लोथॉन 3 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को तीन श्रेणियों में क्रमशः 14 वर्ष और उससे कम के बच्चे, पुरुष और महिलाओं में विभाजित किया गया था। बिष्टुपुर सर दोराबजी टाटा पार्क (मोदी पार्क) के पास से साइक्लोथॉन 3 का शुभारंभ हुआ। जो बाग-ए-जमशेद गोलचक्कर, रेड क्रॉस



सोसाइटी, जुबली पार्क गेट और डीसी ऑफिस गोल चक्कर से होते हुए कॉन्वेंट स्कूल के सामने समाप्त हुआ। इसमें शामिल 120 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। बच्चों की टीम में राजदीप प्रथम, भाव्या अग्रवाल दूसरे और अभिवत्सल देबुका तीसरे स्थान पर विजेता रहा। महिलाओं में दीप्ति पटेल प्रथम, प्रीति भाऊका द्वितीय और रिंकी कुमारी तीसरे स्थान पर रही। पुरुषों में रंजन प्रधान प्रथम, संदीप दास दूसरे और पुनीत गौरव तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम में मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष मुकेश मित्तल, मोहित साह, मनीषा संघी, संजना अग्रवाल, परमिंदर शर्मा, उषा चौधरी आदि की उपस्थिति से इसकी शोभा बढ़ाई।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने कदमा रामजनम नगर में श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर का कराया जीर्णोद्धार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सह राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पिछले वर्ष नवरात्र के मौके पर अपने विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग नौ मंदिरों के जीर्णोद्धार का जिम्मा उठाया था. रविवार को इसी के तहत कदमा रामजनम नगर में श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर में शिव प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कलश यात्रा, बेदी पूजा, पंचाग पूजा के कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के साथ मंदिर का विधिवत प्राण प्रतिष्ठा किया. इस दौरान मंदिर कमेटी के शिबू महतो,



रौशन सिंह, शिवजी सिंह, मुकेश झा, मुकेश सिंह, भोला शमी, बादल सिंह, चिन्द्र सिंह,सुशान्त साहु, प्रकाश पटेल,चेतन दा,भोनू,रवि सिंह ,आकाश सिंह,बबूलू चोहार, राजेश शर्मा, धरमेन्द्र राय,विनय सिंह, बबुआ झा, कैलाश रजक अमित प्रसाद, संजीव झा,बिशु दा,सेंटी रजक सहित बहुत सारे बस्तीवासी उपस्थित थे।

## अवैध बालू परिवहन के खिलाफ चला सघन जांच अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के टीकर चेक नाका पर शनिवार की देर रात को अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो ने अवैध बालू परिवहन के खिलाफ जांच अभियान चलाया। चेक नाका पर बालू लदे वाहनों को रोक रोक कर चालान आदि का जांच किया। उन्होंने बताया कि ईचागढ़ पुलिस के साथ संयुक्त रूप से अवैध बालू परिवहन के खिलाफ जांच अभियान चलाया गया। कहा कि जांच के दौरान चालानों का सत्यापन खनन विभाग के पोर्टल से कराया गया, जिसमें सभी बालू लदे वाहनों पर सही चालान पाया गया। उन्होंने कहा कि चालान सत्यापन के बाद सभी बालू लदे वाहनों को छोड़ दिया गया। वहीं उन्होंने कहा कि अवैध बालू परिवहन के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलाया जाएगा एवं बीना चालान अवैध बालू परिवहन को रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर थाना प्रभारी गौरव मिश्रा एवं पुलिस के जवान उपस्थित थे।

## बिरसानगर में बन रहें फ्लैट्स में अनियमितता का मामला उजागर, कुणाल ने डीसी से की शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत बिरसानगर में तैयार हो रही हाउसिंग सोसाईटी में बन रहे फ्लैट्स में अनियमितता का मामला सामने आया है। झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने रविवार को औचक निरीक्षण करते हुए अनियमितता और भ्रष्टाचार को उजागर किया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले निर्माण में इस्तेमाल हो रही घटिया क्वालिटी के काले ईट और दोयम दर्जे की निर्माण



सामग्रियों पर सवाल उठाते हुए कुणाल षाडंगी ने मौके से ही उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार को अवगत कराया और कार्रवाई का आग्रह किया। निरीक्षण के क्रम में कुणाल षाडंगी ने कुछ फ़्लैट का अवलोकन किया जिसमें दीवारों पर बगैर प्लास्टर के ही पुट्टी या प्लास्टर ऑफ पेरिस चढ़ा दिये गये हैं। आनन फानन में फ्लैट का काम पूरा करने की होड़ में संबंधित ठेकेदार ने बड़े स्तर पर गड़बड़ी को अंजाम दिया है। कुणाल षाडंगी संग विशेष रूप से पूर्व भाजपा जिला प्रवक्ता अंकित आनंद, जिला कार्यसमिति सदस्य पप्पू मिश्रा, महेंद्र प्रसाद, राजकिशोर सहित बिरसानगर मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, उपाध्यक्ष अनूप सिंह, टेल्को मंडल भाजयुमो के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा सहित भाजपा घोड़ाबंधा मंडल के नेता पंकज मिश्रा, अशोक स्वामी, प्रकाश ठाकुर, ह्रतिक घोष सहित अन्य मौजूद थें।

## केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतियों व झूठे वादे के खिलाफ कांग्रेस ने साकची में निकाली शव यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मोदी सरकार के जन विरोधी नीति, झूठे वादे, तानाशाह रवैया और महंगाई के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव राजा सिंह राजपूत एवं जिला सचिव सुल्तान अहमद के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह का शव यात्रा रामलीला मैदान से साकची गोलचक्कर तक निकाला गया। इस दौरान युवाओं ने केंद्र सरकार के नीतियों और जुमलो के खिलाफ जमकर विरोधी नारा एवम आक्रोश देखने को मिला। मौके पर धर्मेंद्र सोनकर ने संबोधित करते हुए कहा



की जनता सर्वोपरि है और 2024 में मोदी सरकार को उखाड़ फेकने के लिए जनता ने कमर कस लिया है। सुलतान अहमद ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की युवाओं के रोजगार के नाम पर छलना बंद करे यह जुमलेबाज़ केंद्र सरकार। राजा सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा की जुमलेबाज़ी बंद करे मोदी सरकार। शव यात्रा में मुख्य रूप से धर्मेंद्र सोनकर, राजा सिंह राजपुत, सुलतान अहमद, रामेश्वर प्रसाद, अमरजीत नाथ मिश्रा परविंदर सिंह प्रिंस सिंह, डॉ परितोष सिंह बलदेव सिंह, आजम सफी कमलेश्वर जल सोमनाथ विश्वास लकी शर्मा कृष्णा लोहार अनिता, गोविंद बगदल मनीष मार्डी राकेश गुप्ता पूजा डे, रोशन केसरी, नरेश सिंह, अलवीन बाजरे, मुख्तार सिंह, रॉबिन शर्मा, प्रकाश वर्मा, शत्रुघ्न, रविदास, लक्ष्मण, रविदास एवं सैकड़ो की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर विरोध प्रदर्शन किया।

## स्कूली बच्चों ने नशा नहीं करने का लिया शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के एएन प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद में ईचागढ़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो ने नशा के खिलाफ जागरूक करते हुए स्कूली बच्चों को शपथ दिलाई। ईचागढ़ बीडीओ कीकु महतो ने नशा मुक्ति अभियान के दौरान नशा के दुष्प्रभाव के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया । बीडीओ श्री महतो ने कहा कि हमें नशा मुक्ति के खिलाफ इसे जड़ से मिटाने का संकल्प लेने की जरूरत है। मौके पर सैकड़ों विद्यार्थी ,शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## संपादकीय

# 'लूना' से 'चंद्रयान-3' तक

**चांद** के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर उतरने से पहले ही रूस का 'लूना-25' क्रैश हो गया। रूस का एक ऐतिहासिक और महत्वाकांक्षी मिशन नाकाम हो गया। विनष्ट होने से पहले अंतरिक्ष यान ने 'असामान्य परिस्थिति' के संकेत दिए थे। वैज्ञानिकों ने उसे दुरुस्त करने की कोशिशें भी कीं। यान को 'इंपल्स' (एक किस्म का धक्का) दिया गया, लेकिन 'लूना-25' बेकाबू हो गया। प्री लैंडिंग कक्षा में पहुंचने से पहले ही 'लूना-25' से संपर्क टूट गया। अंततः रविवार 20 अगस्त, 2023 को चंद्रमा की सतह से टकरा कर यह 'रूसी मिशन' ध्वस्त हो गया। टुकड़े-टुकड़े होकर नष्ट हो गया। इस तरह एक और वैज्ञानिक, अंतरिक्ष इंजीनियरिंग का प्रयास नाकाम साबित हो गया। यह भी स्थापित हो गया कि चांद पर लैंड करना बेहद जटिल और 'ट्रिकी' प्रक्रिया है। यह इसरो के वैज्ञानिकों ने भी माना है। चांद पर जाने और अनुसंधान करने के रूसी अभियान तब शुरू किए गए थे, जब यह देश 'सोवियत संघ' होता था। 'लूना' ऐतिहासिक अभियानों का नामकरण है, जिसके तहत लूना-9, लूना-16, लूना-13, लूना-11, लूना-5, लूना-7, लूना-6 और लूना-24 अभियानों को चांद पर भेजा गया। यह आगाज 2 सितंबर, 1958 को किया गया था और यह सिलसिला 22 अगस्त, 1976 तक जारी रहा। 'लूना' नामधारी कई अभियान सफल रहे, लेकिन रूस के अस्तित्व में आने के बाद उसका यह प्रथम और प्रतिष्ठित 'चंद्रमा मिशन' था, जिस पर करीब 1700 करोड़ रुपए खर्च किए गए। रूस ने यूक्रेन के साथ युद्ध के दौरान ही यह 'मून मिशन' भेजा था। चांद के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर 'लैंड' करने का लक्ष्य तय किया गया था, क्योंकि वहां अभी तक अमरीका और चीन भी उतर नहीं पाए हैं। भारत के 'चंद्रयान-3' का लक्ष्य भी दक्षिणी ध्रुव की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग का है, लिहाजा अब 'अग्नि-परीक्षा' हमारे मिशन की है। 'लूना-25' के विनष्ट होने के बाद भारतीय 'विक्रम लैंडर' का लैंडिंग समय बदल कर सायं 6.04 बजे तय किया गया है। पहले इसे 23 अगस्त को सायं 5.47 बजे उतरना था। इस तारीख का भी अपना महत्व है, क्योंकि चंद्रमा पर जहां 'विक्रम लैंडर' को उतरना है, वहां सूर्य की रोशनी होगी और यह प्रकाश पर्याप्त समय तक रहेगा। अलबत्ता दक्षिणी ध्रुव पूरी तरह 'अंधकारमय' रहता है और वहां का तापमान -230 डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा रहता है। चांद का एक दिन हमारे एक वर्ष के समान होता है, लिहाजा इसरो के वैज्ञानिकों ने उचित गणना की कि कब वहां सूर्य का प्रकाश रहेगा। इस तरह हमारा अभियान ऊर्जा के फालतू संसाधन खर्च करने से बच गया। चूंकि हम भी 'चंद्रयान-2' की अंतिम क्षणों में नाकामी झेल चुके हैं, लिहाजा इस बार अतिरिक्त बंदोबस्त किए गए हैं और सावधानियां भी बरती गई हैं। हमारा एकमात्र लक्ष्य है कि 'चंद्रयान-3' एक मील-पत्थर साबित हो और हम चांद पर इतिहास लिख सकें। हालांकि 'लूना-25' और 'चंद्रयान-3' में कई बुनियादी अंतर हैं, लेकिन चांद पर जाने वाले अंतरिक्ष मिशनों का एक ही साझा लक्ष्य है कि चांद पर पानी, मिट्टी, खनिज, जलवायु, गुरुत्वाकर्षण और इनसानी जिंदगी की संभावनाओं का अध्ययन करना। बेशक हमारे मिशन नाकाम रहे, लेकिन हमारे जो भी यान अंतरिक्ष में घूम रहे हैं, वे हमें लगातार फोटो भेजते रहे हैं। अर्थात अनुसंधान और सूचनाएं जारी हैं। अब हमारा 'विक्रम लैंडर' चांद की सतह से मात्र 25 किलोमीटर दूर रह गया है। उसकी तमाम कमांड व्यवस्थित रूप से कार्य कर रही हैं। जिस प्रपल्शन मॉड्यूल से लैंडर अलग हुआ था, उसमें अब भी 150 किलोग्राम से ज्यादा ईंधन शेष है, लिहाजा वह 3-6 माह के स्थान पर कई वर्षों तक चांद की कक्षा में सक्रिय रह सकता है। लैंडर के उतरने के अंतिम 15-20 मिनट बेहद नाजुक माने जाते हैं, क्योंकि उसकी स्थिति 'चक्रव्यूह' जैसी होती है। हम 23 अगस्त की शाम का इंतजार कर रहे हैं। 'लूना-25' जिन कारणों से नष्ट हुआ, वे तकनीकी भी हो सकते हैं, सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी संभव है अथवा कुछ अन्य कारण भी हो सकते हैं। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी उन कारणों की जांच करेगी, लेकिन हमारी टकटकी 'चंद्रयान-3' पर है। ईश्वर सब भला करेंगे। इस बार वैज्ञानिकों की कोशिशें हैं कि पिछली वाली गलतियां न दोहराई जाएं, इसलिए इस बार सफलता की उम्मीद ज्यादा है।

'लूना' ऐतिहासिक अभियानों का नामकरण है, जिसके तहत लूना-9, लूना-16, लूना-13, लूना-11, लूना-5, लूना-7, लूना-6 और लूना-24 अभियानों को चांद पर भेजा गया। यह आगाज 2 सितंबर, 1958 को किया गया था और यह सिलसिला 22 अगस्त, 1976 तक जारी रहा। 'लूना' नामधारी कई अभियान सफल रहे, लेकिन रूस के अस्तित्व में आने के बाद उसका यह प्रथम और प्रतिष्ठित 'चंद्रमा मिशन' था, जिस पर करीब 1700 करोड़ रुपए खर्च किए गए। रूस ने यूक्रेन के साथ युद्ध के दौरान ही यह 'मून मिशन' भेजा था। चांद के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर 'लैंड' करने का लक्ष्य तय किया गया था, क्योंकि वहां अभी तक अमरीका और चीन भी उतर नहीं पाए हैं। भारत के 'चंद्रयान-3' का लक्ष्य भी दक्षिणी ध्रुव की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग का है, लिहाजा अब 'अग्नि-परीक्षा' हमारे मिशन की है। 'लूना-25' के विनष्ट होने के बाद भारतीय 'विक्रम लैंडर' का लैंडिंग समय बदल कर सायं 6.04 बजे तय किया गया है। पहले इसे 23 अगस्त को सायं 5.47 बजे उतरना था। इस तारीख का भी अपना महत्व है, क्योंकि चंद्रमा पर जहां 'विक्रम लैंडर' को उतरना है, वहां सूर्य की रोशनी होगी और यह प्रकाश पर्याप्त समय तक रहेगा।

## राहुल गांधी मोदी विरोध के नाम पर देश के विरोध पर उतर आए हैं

# सरकार और राष्ट्र के विरोध के बीच का अंतर क्यों नहीं समझ पा रहे राहुल गांधी?

ललित गर्ग



**एक** बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को नीचा दिखाने के इरादे से लद्दाख में चारागाह भूमि पर चीनी सेना का कब्जा होने का दावा किया है, निश्चित ही इस तरह के बयान न केवल सेना के मनोबल को कमजोर करते हैं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता एवं अखण्डता को ध्वस्त करते हैं। राहुल गांधी मोदी-विरोध में कुछ भी बोलें, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे मोदी विरोध के चलते जिस तरह के अनाप-शनाप दावे करते हुए गलत बयान देते हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शाता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान सशक्त नेता बनेंगे? राहुल गांधी ने कथित तौर पर लद्दाख की जमीन पर चीन का कब्जा होने का जो दावा किया गया है, वह जल्दीबाजी में बिना सोच के दिया गया गुमराह करने वाला बयान है, उससे यही पता चलता है कि उन्हें न तो प्रधानमंत्री की बातों पर यकीन है, न रक्षा मंत्री की और न ही विदेश मंत्री की। यह भी स्पष्ट है कि उन्हें शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर भी भरोसा नहीं। ध्यान रहे, वह सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी बेतुके सवाल खड़े कर चुके हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है। लगता है कांग्रेस के शीर्ष नेता होने के कारण वे अहंकार के शिखर पर चढ़ बैठे हैं, निश्चित ही राहुल के विष-बुझे बयान इसी राजनीतिक अहंकार से उपजे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिये घातक है। यह भूला नहीं जा सकता कि डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। जब इस मुलाकात की बात सार्वजनिक हो गई तो उन्होंने यह विचित्र दावा किया कि वह वस्तुस्थिति जानने के लिए चीनी राजदूत से मिले थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है? राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन चीन के साथ उनकी सहानुभूति अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है। ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी? वह यह नहीं बताते कि 2008 में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान सोनिया गांधी और उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था? राहुल को यह भी विस्मृत नहीं करना चाहिए कि जवाहरलाल नेहरू के समय चीन ने किस तरह पहले तिब्बत को हड़पा और फिर 1962 के युद्ध में 'हिन्दी चीनी भाई-भाई' का नारा जप कर भारत माता की 45,000 वर्ग किलोमीटर भूमि चीन को दे दी। आज जब भारत चीन के अतिक्रमणकारी एवं अति महत्वाकांक्षी रवैये के खिलाफ डटकर खड़ा है और उसे उसी की भाषा में जवाब दे रहा है तब राहुल गांधी जानबूझकर प्रधानमंत्री की एक सशक्त एवं विश्व नेता की छवि पर हमला करने के लिए उतावले रहते हैं। वह अंध मोदी विरोध के चलते सारी मर्यादाओं का अतिक्रमण कर जाते हैं। वह यह बुनियादी बात समझने के लिए तैयार नहीं कि जब रक्षा और विदेश नीति के मामलों में राजनीतिक वर्ग एक सुर में नहीं बोलता तो इससे राष्ट्रीय हितों को चोट ही पहुंचती है, इससे राष्ट्र कमजोर होता है। चीन एवं पाकिस्तान जैसे दुश्मन राष्ट्र इसी से ऊर्जा पाकर अधिक हमलावर बनते हैं। देश की जनता मोदी एवं राहुल के बीच के फर्क को महसूस कर रही है। जनता यह गहराई से देख रही है कि राहुल किस तरह गलवान में हमारे सैनिकों की वीरता-शौर्य-बलिदान पर सवाल उठाते रहे हैं, भारत की बढ़ती साख, सुरक्षा एवं विकास की तस्वीर को बट्टा लगा रहे हैं जबकि मोदी ने न केवल अपनी सरकार के दौरान भारत में आए बदलावों की सकारात्मक तस्वीरें देशी-विदेशी मंच पर पेश कीं, बल्कि दुनिया की समस्याओं को लेकर भी अपनी समाधानपरक सोच रखी। इसलिये उन्हें विश्व नेता के रूप में स्वीकार्यता मिल रही है। किन्हीं राहुल रूपी गलतबयानी की वजह से मोदी की छवि पर कोई असर नहीं पड़ा है, भारत ही नहीं, समूची दुनिया में मोदी के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा का भाव निरन्तर प्रवर्द्धमान है। राहुल गांधी, उनके रणनीतिकारों और विदेशों में कांग्रेस के संचालकों का नरेंद्र मोदी, भाजपा और संघ परिवार के प्रति शाश्वत वैर-भाव एवं विरोध की राजनीति समझ में आती है लेकिन देश की छवि खराब करने, सरकार को कमजोर बता कर और मोदी जैसे कद्दावर नेता को खलनायक बनाने से उन्हें इज्जत नहीं मिलेगी। यह तो विरोध की हद है! नासमझी एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का शिखर है!! उजालों पर कालिख पोतने के प्रयास हैं!!! लगता है राहुल गांधी मोदी विरोध के नाम पर देश के विरोध पर उतर आए हैं। ये पहली बार नहीं है। राहुल गांधी इस तरह का आचरण इसीलिए करते हैं, क्योंकि उन्हें शासन संचालन, राजनीतिक परिपक्वता के तौर-तरीकों का कोई अनुभव नहीं। उनकी तरह सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भी कोई जिम्मेदारी लिए बिना पर्दे के पीछे से सब कुछ करने में ही यकीन रखती हैं। कांग्रेस की मजबूरी यह है कि वह गांधी परिवार के बिना चल नहीं सकती। कांग्रेस नेताओं की भी यह विवशता है कि अपने नेता के बयानों को सही एवं जायज ठहराने में सारी हदें लांघ जाते हैं। लेकिन, प्रश्न यह है कि क्या दुश्मन राष्ट्र से जुड़ी स्थितियों पर बोलते हुए वह मात्र भारत के विपक्षी दल के नेता होते हैं? क्या उन्हें यह नहीं सोचना चाहिए कि वह भारत का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं? यह समस्या मात्र राहुल गांधी की नहीं है। पूरा विपक्ष यह नहीं समझ पा रहा है कि सत्ताधारी दल के विरोध और देश के विरोध के बीच फर्क है। सत्ताधारी दल का विरोध करना स्वाभाविक है, लेकिन उस लकीर को नहीं पार करना चाहिए, जिससे वह देश का विरोध बन जाए। ऐसे बयानों से किस पर और कैसे प्रभाव पड़ता है। सरकार और राष्ट्र के विरोध के बीच अंतर समझना भी आवश्यक है। उल्लेखनीय बात यह है कि निन्दक एवं आलोचक कांग्रेस को सब कुछ गलत ही गलत दिखाई दे रहा है। मोदी एवं भाजपा में कहीं आहट भी हो जाती है तो कांग्रेस में भूकम्प-सा आ जाता है। मजे की बात तो यह है कि इन कांग्रेसी नेताओं को मोदी सरकार की एक भी विशेषता दिखाई नहीं देती, कितने ही कीर्तिमान स्थापित हुए हों, कितने ही आयाम उद्घाटित हुए हों, कितना ही देश को दुश्मनों से बचाया हो, कितनी ही सीमाओं एवं भारत भूमि की रक्षा की हो, कितना ही आतंकवाद पर नियंत्रण बनाया हो, देश के तरक्की की नई इबारतें लिखी गयी हों, समूची दुनिया भारत की प्रशंसा कर रही हो, लेकिन इन कांग्रेसी नेताओं को सब काला ही काला दिखाई दे रहा है। कमियों को देखने के लिये सहस्राक्ष बनने वाले राहुल अच्छाई को देखने के लिये एकाक्ष भी नहीं बन सके? बनें भी तो कैसे? शरीर कितना ही सुन्दर क्यों न हो, मक्खियों को तो घाव ही अच्छा लगेगा। इसी प्रकार राहुल एवं कांग्रेस को तो अच्छाइयों में भी बुराई का ही दर्शन होगा।

राहुल गांधी मोदी-विरोध में कुछ भी बोलें, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे मोदी विरोध के चलते जिस तरह के अनाप-शनाप दावे करते हुए गलत बयान देते हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शाता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान सशक्त नेता बनेंगे? राहुल गांधी ने कथित तौर पर लद्दाख की जमीन पर चीन का कब्जा होने का जो दावा किया गया है, वह जल्दीबाजी में बिना सोच के दिया गया गुमराह करने वाला बयान है, उससे यही पता चलता है कि उन्हें न तो प्रधानमंत्री की बातों पर यकीन है, न रक्षा मंत्री की और न ही विदेश मंत्री की।

# जीएसटी के जरिए सामाजिक बुराई पर चोट

**हाल** ही में, जीएसटी काउंसिल ने ऑनलाइन रियल मनी गेम्स पर ली जाने वाली पूरी प्रारंभिक राशि पर जीएसटी लगाने का फैसला किया है। पहले, जीएसटी केवल इन ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्मों द्वारा प्राप्त राशि (उनके कमीशन के रूप में) पर लगाया जाता था, जो कुल राशि का केवल एक छोटा सा हिस्सा था। हालांकि, प्रस्तावित जीएसटी अभी लागू नहीं किया जाएगा क्योंकि जीएसटी अधिनियम में इस प्रावधान को प्रभावी करने के बाद ही इस प्रस्ताव को लागू किया जा सकता है। लेकिन, जहां इस बात पर लगभग आम सहमति है कि इन गेम्स की लत असंख्य युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रही है, वहीं इन गेम्स के प्लेटफॉर्म संचालित करने वाली कंपनियों और वेंचर फंडों द्वारा जीएसटी काउंसिल के इस फैसले के खिलाफ जबरदस्त लॉबिंग चल रही है। इन प्लेटफॉर्मों और उन्हें फंड देने वाले वेंचर कैपिटल फंड्स का तर्क यह है कि इस फैसले से इन गेम्स को संचालित करने वाले स्टार्टअप प्लेटफॉर्मों को नुकसान होगा और यहां तक कि उन्हें कारोबार से बाहर होने के लिए भी मजबूर होना पड़ सकता है। इससे इन प्लेटफॉर्मों से जुड़े लोगों का 'रोजगार' खत्म हो जाएगा। उनका यह भी कहना है कि इस क्षेत्र में भविष्य के निवेश भी न केवल ऑनलाइन गेम के संदर्भ में प्रभावित होंगे, बल्कि इससे स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित हो सकता है। उनका यह भी तर्क है कि इससे आने वाले विदेशी निवेश में भी बाधा आएगी। लेकिन यह एक खुला सत्य है कि ऑनलाइन गेम्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय राजस्व के उद्देश्य से नहीं लिया गया था। इसका मुख्य कारण यह है कि देश के लाखों युवा ऑनलाइन खेलों की लत के कारण दिग्भ्रमित हो रहे हैं और कई बार तो इस लत के कारण लगातार हारते हुए कर्ज के तले इस हद तक फंस जाते हैं कि आपराधिक और अन्य अनैतिक गतिविधियों में लग जाते हैं या यहां तक कि आत्महत्या भी कर लेते हैं। इस सामाजिक बुराई से छुटकारा पाने के लिए सरकार ने कराधान का मार्ग अपनाया है। किसी बुरी चीज को हतोत्साहित करने के लिए उस पर ऊंची दर से कर लगाना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी सिगरेट, तम्बाकू आदि पर अधिकतम दर से कर लगाए गए हैं, लेकिन ऐसे निर्णयों पर कभी कोई आपत्ति दर्ज नहीं की गई, क्योंकि समाज ने यह समझ लिया है कि किसी के सेवन को हतोत्साहित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है। वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधि का कहना है कि अब तक इन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर लगाई गई रकम (यानी दांव) पर केवल 2 से 3 फीसदी ही जीएसटी लगता था। इसके चलते पिछले साल जीएसटी के रूप में सिर्फ 1700 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। लेकिन अब पूरी प्रारंभिक रकम पर 28 फीसदी की दर से जीएसटी लगाने के बाद अब जीएसटी से कुल राजस्व कम से कम दस गुणा तक पहुंचने की उम्मीद है। वैश्वीकरण और नई प्रौद्योगिकी के उद्भव के बाद बहुत सारे नए व्यवसाय आकार ले रहे हैं, जो विदेशों से और देश के भीतर से निवेश आकर्षित कर रहे हैं। ये व्यवसाय सोशल मीडिया ऐप्स और प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स, गेमिंग ऐप्स, कृषि, गतिशीलता, रोजगार संबंधी प्लेटफॉर्म, डिजाइन और अन्य विनिर्माण संबंधी सेवाओं और अन्य से संबंधित प्रौद्योगिकी के उपयोग से संबंधित हैं। इनमें से अधिकांश व्यवसाय हमारे जीवन को आसान बना रहे हैं और व्यवस्था में दक्षता ला रहे हैं। हालांकि, हम देखते हैं कि कुछ व्यवसाय नए युग की तकनीक का उपयोग करते हुए भी सामाजिक दृष्टि से हानिकारक होते जा रहे हैं। उदाहरण के लिए, हम देखते हैं कि टिकटॉक जैसे कुछ सोशल मीडिया ऐप्स के कारण युवा अश्लीलता, डेटा उल्लंघन और कई अन्य सामाजिक बुराइयों में संलग्न होकर अपना समय बर्बाद करने का काम करते हैं। चीनी निवेश के साथ टिकटॉक बहुत कम समय में 100 बिलियन डॉलर से अधिक की अमरीकी कंपनी बनकर उभर गयी थी जिसका अधिकांश कारोबार भारत में स्थित था। इस पर प्रतिबंध लगने के बाद पूंजीगत मूल्यन 90 प्रतिशत कम हो गया। इसी तरह, ओटीटी प्लेटफॉर्म हालांकि मनोरंजन उद्योग में नए रास्ते खोल रहे हैं, लेकिन अश्लीलता और कई सामाजिक बुराइयों का कारण भी बन रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग ने युवाओं को लगभग एक नशे की लत की ओर धकेल दिया है और उनकी अधिकांश जवानी अनुत्पादक गतिविधियों या यहां तक कि पैसे खोने में खर्च हो रही है, जिससे वे कर्ज के जाल में फंस रहे हैं। पूरी कहानी का दिलचस्प पहलू यह है कि निवेश घरेलू और विदेशी दोनों स्रोतों से हो रहा है। इन प्लेटफॉर्म को बनाने वाले या इन्हें चलाने वालों में रोजगार भी पैदा हो रहा है। सोचने का विषय यह है कि क्या यह रोजगार वांछनीय है? आजकल क्रिप्टो करेंसी का व्यापार भी हमारे युवाओं को बड़े पैमाने पर आकर्षित कर रहा है। जल्द पैसा कमाने के लालच में युवा क्रिप्टो में खूब पैसा निवेश कर रहे हैं।




इस समय कुछ क्षेत्रों में निवेश आ रहा है, जिससे कुछ युवाओं को रोजगार मिल सकता है। लेकिन सरकार को उन क्षेत्रों की पहचान करनी होगी, जो युवाओं को रोजगार प्रदान करते हैं, जो वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करके अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैं, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था विनिर्माण, निर्माण या सॉफ्टवेयर, विनिर्माण डिजाइन, बैंकिंग, बीमा जैसी सेवाओं, यहां तक कि ड्रोन, एआई और स्वचालन, सभी में मजबूत होती है। कृषि क्षेत्र में कई स्टार्टअप आ रहे हैं, जो हमारे किसानों के जीवन को बेहतर बना रहे हैं, उनकी आय बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। केंद्र सरकार का एक नया प्रयास, ओपन नेटवर्क डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) भी जोर पकड़ रहा है।

## देश दुनीया से

# प्रदेश में आई आपदा व उससे निपटने के उपाय

**संपूर्ण** विश्व अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में है और ये प्राकृतिक घटनाएं बहुत जल्दी-जल्दी घट रही हैं। सरकारें और प्रभावित लोग हर बार इसे महज प्राकृतिक घटना समझकर नजरअंदाज कर रहे हैं। वर्षों से ही यह क्रम चला आ रहा है। कुदरत कभी तरस नहीं खाती और जो इसके साथ खिलवाड़ करते हैं, उनको कभी भी माफ नहीं करती। अब प्रश्न उठता है कि सरकारें और लोग इन प्राकृतिक आपदाओं से कुछ सीखेंगे और अपनी की हुई गलतियों में सुधार करेंगे या कुदरत की आपदा समझकर इसको सामान्य ही लेते रहेंगे। पूरे विश्व में अगर नजर दौड़ाई जाए तो सभी जगहों से समाचार आ रहे हैं कि चरम जलवायु परिवर्तन से तरह-तरह की प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं, जैसे भयंकर बारिश और इसके कारण धरती के बहुत से देशों में प्रलयंकारी बाढ़ देखी जा रही है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव भारत पर भी पड़ता दिख रहा है। हालांकि भारत 3.7 प्रतिशत कार्बन का उत्सर्जन ही कर रहा है। भारी बारिश से आई बाढ़ ने भारत में तांडव मचाया हुआ है जिससे बड़ी संख्या में लोगों को अपने जीवन से हाथ धोना और बेघर होना पड़ रहा है। बादल फटने की घटनाएं तो हिमालयी क्षेत्रों में आम हो गई हैं। आकस्मिक बाढ़ में पिछले 3 वर्षों में 40 प्रतिशत इजाफा हुआ है और आगे भी यह रुझान चलता रहेगा। अगर हिमाचल की बात करें, तो यहां प्राकृतिक आपदाएं जैसे बाढ़, सूखा, ग्लेशियर से बनी झीलें, बादलों का फटना, भीषण तूफान, जमीनों का खिसकना आम बात हो गई है और साल दर साल बढ़ती ही जा रही हैं जो हमें याद दिला रही हैं कि हमने प्रकृति से ज्यादा ही छेड़छाड़ कर दी है। हर साल हम इन भीषण प्राकृतिक आपदाओं का सामना करते हैं और कुदरत का कहर समझ कर भूल जाते हैं। सरकारें भी प्राकृतिक आपदाएं समझ कर इनको सामान्य ढंग से लेकर कोई ठोस नीति इन आपदाओं से निपटने के लिए नहीं बनाती हैं। हिमाचल में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं कुछ वर्षों से बहुत ही बढ़ गई हैं। इसके पीछे मुख्य कारण पर्यावरण का गर्म होना है जो लगातार वृक्षों के काटने से तथा जंगलों में आग लगने से होता है। जंगलों में चोरी छिपे वृक्ष काटे जा रहे हैं। माफिया इतना सक्रिय है कि जो कर्मचारी या अधिकारी कड़ी निगरानी करते हैं उनको माफिया नुकसान पहुंचाने से नहीं डरता। सैंज (कुल्लू) में आई बाढ़ में 3133 स्लीपरों तथा 723 क्यूबिक मीटर बालन की लकड़ी का बहते आना, जिसको वन विभाग ने पकडक़र अपने कब्जे में लिया, इस बात को सिद्ध करता है कि पेड़ों का अवैध कटान किया जा रहा है। फोरलेन को बनाते समय भी सैकड़ों पेड़ों को काटा गया और उनको बचाने की कोशिश भी नहीं की गई जो कि होनी चाहिए थी। इसलिए तो हिमाचल में जगह-जगह भूमि कटाव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश सरकार को विकास और पर्यावरण के बीच में समन्वय स्थापित करना होगा और मौजूदा नीतियों में बदलाव करने की आवश्यकता है। शिमला शहर में भी कोई बड़ी घटना न हो, इससे पहले ही कार्य शुरू कर देना चाहिए और शिमला विकास नियोजन (एसडीपी) को एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही लागू करना चाहिए। हिमाचल में फोरलेन प्रोजेक्टों के बारे में दोबारा सोचना चाहिए जो हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए पहाड़ों और पेड़ों को बचाए जा सकने में कारगर हो। वर्तमान सरकार को बाढ़ तथा उससे होने वाले नुकसान को रोकने के लिए कुछ उपायों पर विचार करना चाहिए। सभी पन-बिजली परियोजनाओं के डैम प्राधिकारियों को अपने-अपने डैम के अनुप्रवाह क्षेत्र की खड्डों, नदियों का चैनेलाइजेशन तथा सुरक्षा दीवार लगाकर सडक़ तथा साथ लगती बस्तियां को सुरक्षित करने के आदेश देने चाहिए।

सरकारें और लोग इन प्राकृतिक आपदाओं से कुछ सीखेंगे और अपनी की हुई गलतियों में सुधार करेंगे या कुदरत की आपदा समझकर इसको सामान्य ही लेते रहेंगे। पूरे विश्व में अगर नजर दौड़ाई जाए तो सभी जगहों से समाचार आ रहे हैं कि चरम जलवायु परिवर्तन से तरह-तरह की प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं, जैसे भयंकर बारिश और इसके कारण धरती के बहुत से देशों में प्रलयंकारी बाढ़ देखी जा रही है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव भारत पर भी पड़ता दिख रहा है। हालांकि भारत 3.7 प्रतिशत कार्बन का उत्सर्जन ही कर रहा है। भारी बारिश से आई बाढ़ ने भारत में तांडव मचाया हुआ है जिससे बड़ी संख्या में लोगों को अपने जीवन से हाथ धोना और बेघर होना पड़ रहा है। बादल फटने की घटनाएं तो हिमालयी क्षेत्रों में आम हो गई हैं।

## कुछ अलग

# केवल शिमला दोषी नहीं

**हिमाचल** में मौसम की विकरालता ने अस्तित्व के मुहावरे बदल दिए, लेकिन इस आफत में जिंदगी को आजमाने के लिए निगहबानी जरूरी है। हिमाचल आज जहां खड़ा है, वहां पहुंचने का साहस, सामर्थ्य और जज्बा अपने आप में एक बेहतरीन उदाहरण है। हम पर्वतीय राज्यों के अग्रणी बने तो इसलिए कि पहाड़ अपनी वर्जना, पीड़ा और क्षमता के दूसरी ओर आगे बढ़ने का इंकलाब पैदा करता रहा, लेकिन विकास के नाम पर पैदा हुई क्रूर इच्छाएं अब असहाय बनाने लगी हैं। इस दौरान हम सिर्फ मौसम, मौसम के दुष्परिणाम, दरकते पहाड़ और चूर-चूर होते विकास को नहीं देख रहे, बल्कि अवसरवादी सियासत और पूर्वाग्रह से ग्रसित विमर्श भी देख रहे हैं। हिमाचल की तस्वीर का समग्रता से अवलोकन करें, तो कोई भी हिस्सा खुद को निर्दोष साबित नहीं कर सकता, फिर भी बदनामी का ठीकरा सबसे अधिक शिमला के सिर पर फूट रहा है। आबादी और मानवीय गतिविधियों के दबाव में शिमला कहीं तो अपनी अमानत खो रहा है, लेकिन सोचना यह है कि हम इस शहर में किस अहमियत का संरक्षण करें। विडंबना यह है कि न तो हमने शिमला को स्टेट कैपिटल रिजन की तरह से विकसित किया और न ही इसके धरोहर स्वरूप का संरक्षण कर सके। चेतावनियां वक्त ने दीं या एनजीटी ने हिदायतें दीं, लेकिन हम न कोर क्षेत्र, न ग्रीन क्षेत्र और न ही फोरेस्ट क्षेत्र के आधार पर शहर की परिधि को सीमांकित कर पाए। आश्चर्य यह कि जाठिया देवा या वाकनाघाट में शिमला के विस्तार को कोई प्रारूप नहीं मिला और न ही राजधानी की कैरिंग कैपस्टी बढ़ाने के लिए इसका दायरा बढ़ा। दरअसल हिमाचल की सियासत भाईचारे के सौहार्द में कायदे कानूनों की बलि ले रही है। हमने तीन दशक तक शहरीकरण के बढ़ते दबाव की अनदेखी केवल शिमला में नहीं की, बल्कि हर शहर तथा धार्मिक-पर्यटक कस्बों तक की है। नयना देवी या दियोटसिद्ध में झूलती इमारतों के नीचे जमीन की परिस्थिति खतरे माप रही है। डलहौजी, मनाली व मकलोडगंज को औकात से ज्यादा बर्बाद करने की प्रतिस्पर्धा से रू-ब-रू होना पड़ रहा है। हमें यह जान लेना चाहिए कि हिमाचल का एक निश्चित आकार है, जिसे वर्ष में सबसे अधिक मौसम के बदलते आधार से गुजरना पड़ता है। हिमाचल को अपनी पूरी जमीन के मात्र तीस फीसदी हिस्से में तन ढांपना है और आत्मनिर्भरता के विकल्प तराशने हैं। ऐसे में इसकी क्या गारंटी कि गैर वन भूमि ठीक से रहने लायक, बसने के अनुरूप या नागरिक उपयोगिता के मुताबिक है। सही और सुरक्षित जमीनें अगर हमीरपुर, कांगड़ा, ऊना, बिलासपुर या अन्य जिलों में घोषित वन संपदा है, तो मानवीय गतिविधियां हर उपलब्ध गैर वन भूमि पर चलेंगी। हिमाचल अपने जीने की लालसा में दोषी है, क्योंकि इसे वन संरक्षण अधिनियम ने हाशिए से बाहर लाकर खड़ा कर दिया है। आश्चर्य यह कि करीब दो दर्जन बाधों में समाई हिमाचल की जमीन के एवज में भी हमारा विस्थापन, वन भूमि पर पुनर्वास का अधिकार प्राप्त नहीं कर पाया। ऐसे में बढ़ते विस्थापन ने मजबूरीवश शहरीकरण का अव्यवस्थित रूप से दबाव बढ़ा दिया है। प्रदेश को बचाने के लिए कम से कम छह सेटेलाइट टाउनशिप अलग-अलग दिशाओं में बसाने होंगे और इनके लिए वन भूमि का इस्तेमाल लाजिमी है। इसके अलावा प्रशासनिक शहरों के मध्य कर्मचारी नगर बसाने पड़ेंगे।

## दृष्टिकोण

# विश्व सिनेमा की जादुई दुनिया: सिंगापुर सिने-इतिहास, शुरुआती रोचक दौर

**सिंगापुर** का सिने-इतिहास बहुत रोचक है। कई अन्य देशों की भांति ही सिंगापुर में भी सिनेमा अपने अन्वेषण के प्रारंभिक दौर में ही आ गया। यहां के दर्शकों को पहले-पहल चलती-फिरती तस्वीरों को देखने का अवसर 1896 में मिला जब अमेरिकी तकनीकी– काइन्टोस्कोप का प्रयोग डॉक्टर हैर्ले ने किया। यह एक स्टैंडिंग बॉक्स था जिसमें बॉक्स के ऊपर बने पीपहोल से एक बार में एक आदमी ही देख सकता था। यह सीन हुआ करता था डॉन्स का अथवा मुर्गा लड़ाई का। फिल्म चक्र की सहायता से दिखाए जाते थे। यह व्हील बिजली की मोटर से घूमता और तस्वीरें तेजी से आगे बढ़तीं, बिजली की मोटर के साथ एक चमकता हुआ बिजली का बल्ब भी हुआ करता था। दर्शकों को चलती-फिरती तस्वीरें देखने की खुशी मिलती। जल्द ही कई काइन्टोस्कोप बॉक्स आ गए। जुलाई 1896 में कई ऐसे बॉक्स का प्रदर्शन भी हुआ। ठीक एक साल बाद मई 1897 में सिंगापुर में रिपोग्राफ का प्रवेश हुआ। रिपोग्राफ को विशाल सिनेमाटोग्राफ के नाम से भी जाना जाता है। इसे पेरिस से ऑर्डर सलीवान लेकर आए। उन्होंने अपनी मशीन के विज्ञापन में दावा किया कि यह 10,000 डॉलर का उपकरण दुनिया की सबसे बड़ी तस्वीरें दिखाता है। शायद यह उनका व्यापारिक बड़बोलापन था। यह



दिसम्बर 1895 में फ्रांस में लुमियर भाइयों की दर्शकों के लिए पहली प्रदर्शनी के दो साल के भीतर हुआ। इस बीच फिल्म जगत में धड़ाधड़ अन्वेषण हो रहे थे। अमेरिका में थॉमस एडीसन, फ्रांस में लुमियर भाई एवं लिओन बाउली सब लगे हुए थे। लोग सिनेमाटोग्राफ, बायोस्कोप, बायोग्राफ, विस्टाग्राफ, प्रोजेक्टो स्कोप के नाम से परिचित हो रहे थे। एक के बाद एक फिल्म दिखाने की तकनीक में सुधार हो रहा था। हर अगला उपकरण पिछले से बेहतर हो रहा था और ये दुनिया के अन्य देशों की भांति सिंगापुर भी पहुंच रहे थे। 1904 में पेरिस सिनेमाटोग्राफ का प्रदर्शन पॉल पिकार्ड ने विक्टोरिया स्ट्रीट पर मलाया थियेटर में किया। उन्होंने घंटेभर लम्बी फिल्म दिखानी शुरू की, साथ ही मूक फिल्म को आकर्षक बनाने के लिए उनके पास संगीत का भी प्रबंध था। इसके पहले सिंगापुर में टेंट में तस्वीरें दिखाई जा रही थीं। अब तम्बू सिनेमा के लिए यह एक चुनौती बन गया। कुछ लोग रोशनी अर्थात बिजली के बल्ब और पंखा का लालच दे कर दर्शकों को आकर्षित कर रहे थे। कुछ लोग अपने उपकरण एक स्थान पर न रख कर उठाऊ रखते और सुविधानुसार कहीं भी अपना कारोबार कुछ दिन के लिए जमा लेते और फिर नई जगह के लिए चल देते। स्टेज हाल अथवा म्यूजिक हॉल जहां सुविधा मिलती फिल्म दिखाते। अब तम्बू सिनेमा, उठाऊ सिनेमा, थियेटर सिनेमा में प्रतिस्पर्द्धा थी। कोई कहता उसके यहां बैठने की बेहतर सुविधा है, तो कोई कहता उसके यहां रोशनी दूसरों से अच्छी है। दर्शकों को लुभाने का कार्य शुरू हो गया था। सिंगापुर में इस होड़ के फलस्वरूप सिनेमा हाल की संख्या में वृद्धि हो रही थी, नए हाल के साथ पुराने हाल का रिनोवेशन हो रहा था। इम्प्रेस पैलेस का टाउन हाल विक्टोरिया थियेटर और कन्सर्ट हॉल बन गया। होटल मोडिफाई हो कर सिनेमा दिखाने के लिए तैयार किए जा रहे थे। एडेल्फी हॉल एक-से-एक फिल्में जैसे 'द चार्ज ऑफ लेन्सर्स', 'द सर्पेन्टाइन डॉन्स', 'ली हन्ग-चान्ग इन पेरिस' दिखा रहा था जहां दर्शक को सामने की सीट के लिए एक डॉलर और पीछे की सीट के लिए 50 सेंट देने होते थे।

# विधायक रामचंद्र सिंह ने पीसीसी पथ निर्माण का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल लातेहार के द्वारा स्टेट योजना मद से रेलवे धड़धड़ी पुल से अमडिहा देवी मण्डप भाया कल्याणपुर मेला टांड़ होते हुए कंचनपुर तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास विधायक श्री रामचंद्र सिंह ने रविवार को पुरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ कर किया। मौके पर उन्होंने कहां कि पुरे मनिका विधानसभा क्षेत्र में बिछाया जा रहा है सड़कों का जाल, विकास कार्य तेजी से होगी यह सड़क बन जाने से आवा गमन में स्थानीय लोगों की काफी सहुलियत होगी बहुत दिनों से स्थानीय ग्रामीणो की मांग थी कि सड़क बनना बहुत ही जरूरी है आने जाने वाले राहगीरों को कच्ची सड़क पर चलना जोखिम भरा काम होता था लेकिन अब उससे निजात मिल जाएगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, पंचायत के मुखिया बिपिन बिहारी सिंह उर्फ पिनटर, केचकी मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, राजद नेता अजय चंद्रवंशी, शिवानंद तिवारी उर्फ दीपू, अब्दुल मन्नान अंसारी, पसंस राज़ महेंद्र सिंह, भगवान प्रसाद, अवधेश मेहरा, आलोक कुमार सिंह, विकास चन्द कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, मनोज मांझी, हरेंद्र राम, संतोष प्रसाद, मनोज कुमार गुप्ता ,रविन्द्र कुमार पासवान, अजित कुमार, अखिलेश यादव, रघुनंदन राम समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अवर सचिव, मंत्रीमंडल निर्वाचन विभाग ने किया पन्ना वेरीफिकेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों के द्वारा किये जा रहे कार्यों की जांच एवं समीक्षा को लेकर संजय प्रसाद श्रीवास्तव, अवर सचिव, मंत्रीमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड रांची द्वारा लातेहार जिला भ्रमण किया गया।इस दौरान जांच टीम के द्वारा मनिका प्रखंड के सिनजों एवं लातेहार प्रखंड के जालिम मतदान केंद्र में जाकर पन्ना वेरिफिकेशन का कार्य किया गया एवं मतदाता सूची की जांच की गई।साथ हीं परिसदन स्थित सभागार में लातेहार तथा चंदवा प्रखंड के बीएलओ एवं पर्यवेक्षक के कार्यों की जांच के क्रम में मतदाता सूची एवम् बीएलओ पंजी की जांच की गई एवं उपस्थित बीएलओ तथा बीएलओ पर्यवेक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी अमित कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार मेघनाथ उरांव, बीएलओ तथा बीएलओ पर्यवेक्षक आदि उपस्थित थें।

# शिव व भगवती के महा आरती के साथ 12 घंटे का विसर्जन हुआ हरि कीर्तन



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत गांव में स्थापित भगवती मंडप में शनिवार देर शाम हरि कीर्तन का शुभारंभ किया गया। यह कार्य गिद्धौर गांव निवासी 6न• वार्ड सदस्य सुषमा देवी पति विनोद पांडेय के द्वारा किया गया। यह कार्य अपने एवं प्रखंड वासियों के हित के लिए किया गया। पुजा वेद वाचक मुनी पांडेय के द्वारा स्वस्तिवाचन गणेश पूजन एवं अन्य वेदी पूजन के साथ हरि कीर्तन प्रारंभ करवाई गई। हरि कीर्तन 12 घंटे का किया गया। और सुबह शिव की महा आरती एवं भगवती के महा आरती के साथ कीर्तन का विसर्जन किया गया। और प्रसाद भी वितरण की गई। मौके पर उपस्थित श्रीकांत पांडेय कृष्णा पांडेय लखन पांडेय गंदोरी पांडेय सत्यदेव पांडेय सूरज पांडेय समस्त पांडेय परिवार के साथ दिनेश दांगी डोमन दांगी इंद्रजीत दांगी जगदीश यादव राजदेव दांगी जितेंद्र दांगी इस हरि कीर्तन में उपस्थित थे।

# खड़ी कार में शॉट सर्किट से लगी आग, जलकर हुआ राख



**प्रतापपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के चन्द्रगोविंदपुर पंचायत अन्तर्गत चट्टीअनंतपनर गांव निवासी गौतम कुमार अम्बष्ट के डटशन रेडिगो (जे एच 01 सी वाई 5830) कार में बिते रात्री में अचानक आग लगी। आग इतना भंयानक था कार पूरी तरह से जल कर राख हो गया है। इस संबंध में भुतभोगी गौतम कुमार अम्बष्ट ने थाना में आवेदन देकर सन्हा दर्ज कराया है।आवेदन में लिखा है शनिवार के संध्या में चतरा से लौटने के बाद दरवाजा घर के बाहर कार लॉक कर घर के अंदर चला गया था इसी दौरान रात्री लगभग 10:50 कार में आग लगने की हो-हल्ला शुरू हो गया तभी घर से बाहर निकलकर देखा की मेरी कार में आग लग गई है अन्य ग्रामिणो के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन भंयकर आग की वजह से आग पर काबु नही पा सका जिससे कार पुरी तरह जलकर राख हो गया। आग लगने की वजह शॉट-सर्कीट बताया जा रहा है।

# कठौतिया शिवपुर रेल लाइन निर्माण योजना में भारी गड़बड़ी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** चतरा मध्य पूर्व रेलवे योजना के स्थानीय कार्यालय हजारीबाग के देखरेख में कठौतिया शिवपुरी 54 किलोमीटर रेल लाइन निर्माण योजना में प्रथम स्तर से ही गड़बड़ी किया जा रहा है इस रेल लाइन में बन रहे दर्जनों पुल -पुलिया निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है यह सारा खेल रेल अधिकारियों के नाक के नीचे किया जा रहा है रेल अधिकारी एवं अभियंता कार्य स्थल पर पहुंचकर अपनी ड्यूटी बजाकर हजारीबाग चले जाते हैं ।पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नवाडीह गांव की कुमका में बने रेलवे मटेरियल प्लांट में आधा मिट्टी मिला बालू डंप किया जा रहा है इसी घटिया बालू से मशीन द्वारा मसाला मिक्स सीमेंट, चिप्स, व बालू तैयार कर निर्माणाधीन पुल -पुलिया के स्थल पर मिक्सर ट्रक वाहनों से पहुंचाकर ढलाई किया जा रहा है। मिट्टी मिला बालू से सीमेंट मसाला की शक्ति आधी रह जाती है 54 किलोमीटर की इस रेल परियोजना में कठौतिया के द्वारा 14 किलोमीटर तक रॉयल कंपनी द्वारी से धनगढदा मिश्रोल, टंडवा तक 28 किलोमीटर मिलेनियम कंपनी तथा मिस रोल से शिवपुरी तक 12 किलोमीटर राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी को ठेका दिया गया है सबसे आश्चर्य जनक वाली बात है कि स्थानीय जनता में भ्रम एवं संशय पैदा करने की नीयत से रेलवे विभाग द्वारा निर्माणाधीन रेलवे ट्रैक किनारे इस योजना संबंधित कहीं कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है और मजदूरों को बिना सेफ्टी के कार्य कराया जा रहा है। पत्थलगड़ा और द्वारी की स्थानीय जनता मध्य पूर्व रेलवे के वरीय अधिकारियों से शीघ्र जांच कर भ्रष्ट रेलवे अभियंता एवं अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

# पीडीएस दुकानदारों की मनमानी पर आखिर कौन लगाएगा अंकुश?

➲प्रति व्यक्ति एक किलो राशन की कटौती करते हैं डीलर

➲पुर्जा निकल रहा है पूरा, अनाज मिल रहा है अधूरा, लाभुकों में रोष




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के जनवितरण दूकानों में इन दिनों गोरखधंधा का आंकड़ा पार हो रहा है। ना चिट्ठी ना पतरी वगैर कुछ आदेश के डीलरों द्वारा झूठा अफवाह फैला कर कहीं आधे राशन तो कहीं प्रति लाभुक से दो किलो अनाज काटे जा रहें है। जिसे लेकर चौथा गाँव के ग्रामीणों ने अनाज लेने से मना करते हुए बवाल काटा है। वहीं डीलरों द्वारा कहा जा रहा है कि हम लोगों को इस माह गोदाम से आधा राशन मिला है। यही कारण है कि हम लोग आधा अनाज प्रति लाभुक देंगे। और तो और यह राशन का वितरण पिछले जुलाई माह का किया जा रहा है। लेकिन डीलरों द्वारा अगस्त माह का बता कर अगस्त माह का राशन गटकने में लगे है। वहीं पीडीएस दूकानों के लिए मिट्टी का तेल 60 से 65 रूपये में देना है किन्तु अन्य पीडीएस दूकान तथा पुंडरा गाँव के डीलर शिवनरायन साहू द्वारा 110 रूपये प्रति लीटर लिया जा रहा है। आखिर इस तरह का गोरखधंधा क्यों नहीं होगा। चुकी डीलर संघ के अध्यक्ष द्वारा प्रति क्विंटल 25 रूपये के हिसाब से प्रतिं डीलरों से मैनेज के नाम पर वसूली की जाती है। जबकि नाम ना छापने के नाम पर डीलरों ने बताया कि हम लोगों से प्रति क्विंटल 25 रूपये डीलर संघ के अध्यक्ष सचिव द्वारा मैनेज के नाम पर लिया जाता है। डीलरों से वसूली किए गए रूपयों में पदाधिकारी से लेकर पत्रकारों को भी मैनेज के नाम पर दिए जाने की बात कही जाती है। जब इस तरह अवैध वसूली किया जाएगा तो आखिर इसका भुक्तभोगी लाभुक हीं होंगे। जबकि कम अनाज देने को लेकर पूरे क्षेत्र के लाभुकों में हड़कम्प मची हुई है। साथ हीं सरकार द्वारा कम अनाज देने की गलत सलत बयानबाजी की जा रही है। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगायी गयी तो अगस्त माह का अनाज सीधा तौर पर गटक लिया जाएगा। और लाभुक हाथ मलते रह जाएंगे।

# बालूमाथ की बच्ची ने बीपीएससी निकालकर बढ़ाया बालूमाथ का मान

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर ग्राम निवासी रानी राज पिता शिव प्रसाद ने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर बालूमाथ का नाम बढ़ाया है। रानी राज के पिता शिव प्रसाद साहू ने बताया कि मेरी पुत्री का चयन अंकेक्षण पदाधिकारी पंचायती राज विभाग में हुआ है। रानी राज ने अपनी आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई झाबर ग्राम स्तिथ सरकारी विद्यालय से और मैट्रिक तक की पढ़ाई बालूमाथ स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय से वही उच्च शिक्षा चतरा कॉलेज से प्राप्त की है ।रानी राज ने कहा कि मेरी सफलता का श्रेय मेरे पिता के अलावा माता रंभा देवी भाई अमित कुमार एवं गुरुजनों को जाता है।वर्तमान में रानी द्वारा धूमकुड़िया नामक डिजिटल संस्था का संचालन करती है। जिसका उद्देश्य भाषा एवं संस्कृति का संरक्षण और जनजातीय उत्थान करना था एवं इसी के नाम से मासिक पत्रिका भी निकलती थी। इनके सफलता पर कई लोगों ने बधाई दी है बधाई देने वालों में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद जुबेर, हाजी मोतिउर रहमान प्रमोद साहू, संजय प्रसाद साहू, उमेश साहू, चीकू साहू, समिति के लोग शामिल है।

# एक दिवसीय इंटरफेस मीटिंग का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** लोक प्रेरणा केंद्र द्वारा प्रखण्ड स्तरीय एक दिवसीय इंटरफ़ेस मीटिंग का आयोजन किया गया। आयोजन में 12 गांव के 35 लोग शामिल हुए। जिसमें आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, उप मुखिया एवं किशोरिया शामिल थे। जिसमें समुदाय स्तर और पंचायत स्तर व स्कूलों में लड़कियों एवं उनकी समस्याओं की समस्या पर चर्चा किया गया। मौके पर संस्था सचिव मौसमी बाखला ने कहा कि हम लोग अलग-अलग योजनाओं से किशोरियों को जोड़ने का प्रयास करते हैं, लेकिन कभी-कभी कुछ किशोरियां लाभ से वंचित रह जाती है। आज हम सभी लोग यहां पर बैठे हैं, तो यह ध्यान देने की जरूरत है, की जो किशोरियां योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जा रही है। उन्हें चिन्हित कर लाभ लेने में सहयोग कर पाए कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कार्यकर्ता प्रतिमा कुमारी, रानी कुमारी, सुचिता कुमारी, अनीता देवी, कविता देवी, मनीषा कुमारी के अलावे साक्षी ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

# रसोईया को महीनों से नहीं मिला मानदेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को पुराने ब्लॉक परिसर में माले नेता बिरजू राम के नेतृत्व में रसोईया बहनों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।इस दौरान रसोईया बहनों ने अपनी समस्याओं को रखा। उन्होंने बताया कि हम सभी बहनें विभिन्न विद्यालयों में महज दो हजार मानदेय पर खाना बनाते हैं और वो भी लकड़ी से धुएं में खाना बनाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि दो हजार रुपए हर माह नहीं मिलते दो तीन माह में एकबार हजार दो हजार खाते में आते हैं , लगभग आठ महीने से हमलोगों को मानदेय नहीं मिला है हमलोगों के सामने विकट परिस्थिति आ गई है।वहीं इस संबंध में माले जिला सचिव बिरजू राम ने कहा कि रसोईया बहनों की समस्या बड़ी पीड़ादायक है। महज दो हजार रुपए महीना मानदेय मतलब 70 रुपए प्रतिदिन की मजदूरी जो श्रम कानून का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि रसोईया के पैसे के सवाल पर कभी विद्यालय के प्रधानाचार्य से कभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से डांट फटकार सुनना पड़ता है। उन्होंने कहा कि रसोईया बहनों को संगठित होकर एकता बनाकर अपने उचित मानदेय के लिए आगे बढ़ कर संघर्ष करना होगा। वहीं उन्होंने आगामी 3 सितंबर को पुराने ब्लॉक परिसर में 11 बजे दिन में सैंकड़ों रसोईया बहनों को उपस्थित होने का आग्रह किया है ताकि उनके बकाये राशि का भुगतान के लिए शिक्षा विभाग व जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन से मांग किया जाएऔर अगर इस पर पहल नहीं किया गया तो आगामी दस सितंबर को बीईईओ कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# फुटबॉल टुर्नामेंट का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नवनिर्मित सरयू प्रखण्ड के बर टोला के खेल मैदान में एसआर फुटबॉल क्लब सरयू के द्वारा आयोजित फुटबाँल टुर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को प्रमुख अमिता देवी ने फीता काट कर किया। इस मौके पर प्रमुख ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। खेल से शारिरीक एवं मानसिक विकास होता है। हरेक व्यक्ति को कोई ना कोई खेल खेलनी चाहिए। बहुत ही खुशी की बात है कि इस मैदान में खेल का आयोजन किया गया है। वहीं क्लब के अध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी कई ऐसे खिलाड़ी है जिन्हे निखारने की जरूरत है। क्लब के द्वारा आयोजित मैच में अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चिन्हित कर उन्हे फुटबाँल का किट मुहैया कराया जायेगा साथ ही हर संभव मदद की जायेगी ताकि वे आगे चलकर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस मौके पर सचिव दिपक नायक, सोनु खान, रिंकु प्रसाद, सद्दीक मिया, जोनी लोहार, सकेन्द्र उरांव, समेत दर्जनों दर्शक मौजूद थे।

# खेल से आपसी प्रेम, साकारात्मक ऊर्जा के साथ शारिरिक और मानसिक विकास होता है : मुख्य अतिथि तिवारी



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल मरमदीरी फुटबॉल मैदान में नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट कमात द्वारा आयोजितकिया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी ने फीता काट व फुटबॉल को किक मार कर किया। इस दौरान उद्घाटन मैच एफसी जांगी बनाम इलेवन फाइटर कुबा के बीच खेला गया।मौके पर मुख्य अतिथि तिवारी ने कहा कि खेल से आपसी प्रेम, साकारात्मक ऊर्जा के साथ शारिरिक और मानसिक विकास होता है। ऐसे आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी योग्यता का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। मौके पर जिला परिषद् सदस्य चंद्रदेव गोप, लेम मुखिया चुन्नू उर्फ राकेश सिंह परवा देवी, रंजीत सिंह, रिषू सिंह, प्रमोद दांगी, अक्षयवट सिंह, सत्येन्द्र सिंह, सिंदूरिया सर समेत सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने से पहले ही बह गई अमृत सरोवर की मेढ़



**महुआडाड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजादी के अमृत महोत्सव पर भारत के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए देश भर में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया। जहां वीर शहीदों के नाम स्वर्ण अक्षरों से शीलापट्ट पर अंकित कर उन्हें याद किया गया। इसी क्रम में महुआडाड़ प्रखंड अंतर्गत दुरूप पंचायत के कुट्टूदीरी गांव में भी भूमि संरक्षण कार्यालय लातेहार के द्वारा अमृत सरोवर (पुर्बे तालाब) का निर्माण कराया गया, निर्माण के बाद पंचायत क्षेत्र के वीर शहीदों बीरबल खलखो, नोवोस मुंडा और इग्नासियूस कुजूर का नाम स्वर्ण अक्षरों पर शीलापट्ट पर अंकित किया गया। लेकिन आजादी के अमृत महोत्सव पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के पूर्व ही अमृत सरोवर की मेढ़ बह गई। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक के द्वारा तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य प्राकल्लन के अनुरूप नहीं किया गया। जिससे तालाब की मेढ़ और सीढ़ियां टिकाऊ नहीं बन पाई। ग्रामीणों का कहना है की तालाब की गहराई योजना के अनुरूप नहीं की गई है, साथ ही तालाब निर्माण कार्य से निकली कुछ मिट्टी का ही उपयोग मेढ़ के निर्माण के लिए किया गया, बाकी बचे मिट्टी को एक जगह एकत्रित छोड़ देने से पानी का जमाव हुआ और तालाब का मेढ़ क्षतिग्रस्त हुआ। इस संबंध में पूछे जाने पर संवेदक के द्वारा बताया गया की बारिश के दौरान कैल्वेट में कचरा फस जाने से पानी का बाहव नहीं हो पाया जिससे तालाब भर जाने के बाद पानी ऊपर आ जाने से मेढ़ क्षतिग्रस्त हुआ वही स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण करने पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन ने सरोवर का मुआयना कर जल्द से जल्द इसे सुधारने का आदेश दिया है, मिट्टी की नमी के कारण कार्य बाधित हो रहा है जल्दी ही सुधार कार्य करा दिया जाएगा। तालाब के पास निवास करने वाले स्थानीय ग्रामीणों पुष्पा सारस, प्रिसेंसिया लकड़ा समेत अन्य ग्रामीण बताते हैं की तालाब निर्माण के बाद उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है मेढ़ ऊंचा हो जाने के बाद जगह-जगह पर पानी का जमा हो रहा है जिससे घर से निकलना भी मुश्किल हो रहा है वही मवेशियों को भी बाहर निकलने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग ने बताया की योजना अभी पूर्ण नहीं हुई है साथ ही इस निर्माण कार्य की प्राकलित राशि का 40 प्रतिशत ही भुगतान किया गया है।

# मुरपा को प्रखंड बनाने को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्तिथ मुरपा पंचायत को प्रखंड का दर्जा दिलाने के लिए रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक मुरपा प्रखंड संघर्ष समिति के बैनर तले हुई। बैठक में शेरेगड़ा, भगिया, मारंगलोइया, गनेशपुर पंचायत के लोगो को आमंत्रित किया गया था ।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ0 रोहन गोप ने कहा कि मुरपा को प्रखंड बनाने की मांग 1972 से है। लेकिन पूर्व में मधु कोड़ा की सरकार के समय मुरपा की जगह बरियातू को प्रखंड बना दिया गया। जबकि मुरपा प्रस्तावित प्रखंड था ।इसको लेकर कई बार यहाँ के लोगो के द्वारा आंदोलन भी किया गया लेकिन अभी तक कोई पहल नही किया गया। सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं करते हैं तो शीघ्र ही चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा । मुरपा का ग्राम प्रधान युगल किशोर यादव ने कहा कि जब हम बिहार सरकार में थे उस वक्त से आज झारखंड अलग होने तक हमारी मांगे लगातार जारी है लेकिन हमारी आवाज सुनने वाला कोई नही है। आगे हम तब तक आंदोलन करते रहेंगे जब तक मुरपा को प्रखंड का दर्जा नही दिया जाता। वही जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने कहा कि मुरपा को प्रखंड बनाने को लेकर वह अधिकारियों एवं सरकार तक ग्रामीणों की बातों को पहुंचाएंगी ।मो0जमाल ने कहा की सद्भावना कमेटी एवं विभिन्न गांव से आए हुए लोगों की यही मांग है मुरपा को प्रखंड बनाया जाए ताकि इस क्षेत्र का विकास हो सके। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा कि मुरपा प्रखंड बनने से बालूमाथ का सुदूरवर्ती पंचायत जैसे भगिया, सीरम के साथ-साथ यहां के लोगों का विकास होगा। इस मौके पर मुरपा मुखिया अजय भगत, भगिया पंचायत मुखिया रोहणी देवी, मनोज कुमार यादव, त्रिवेणी सिंह यादव, महफूज आलम, दिलीप भगत, मोहम्मद लियाकत, बरतु यादव, मोहम्मद जियाउल्लाह , मोहम्मद मकसूद, राम प्रसाद सिंह, अर्जुन कुमार साहू, कृष्णा यादव, वीरेंद्र मुंडा, प्रिंस यादव, जगरनाथ यादव, मो0 शाहिद, पप्पू यादव, बिजेंदर यादव, विश्वनाथ यादव, बसंत कुमार, मनोज पाठक, प्रेम साव, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# मगध परियोजना में सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड मगध संघमित्रा क्षेत्र के मगध परियोजना चमातु पैच के पार्किंग में रविवार को कर्मचारियों के बीच सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत सुरक्षा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मौजूद सभी लोगों ने जागरूक होकर नुक्कड़ नाटक के द्वारा सुरक्षा से संबंधित बताई गई बातों को ध्यान से समझा और खदान में काम करते वक्त सुरक्षा का पुरा ख्याल रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर खदान में काम करने वाले विभागीय कर्मचारियों एवं ठेकेदार मजदूर में से सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के बीच पुरस्कार भी वितरित किये गये। खदान में सुरक्षा के महत्व को प्रदर्शित करने के लिए झारखंड फिल्म और थिएटर एकेडमी रांची के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ, मगध परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायणा, खान प्रबन्धक मो. अकरम, सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण प्रसाद सहित मगध-संघमित्रा क्षेत्र एवं मगध परियोजना में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारी के साथ साथ विभागीय कर्मचारि, ठेकेदार समेत मजदूर एवं आसपास के ग्रामीण शामिल हुवे।

## संक्षिप्त खबरें

### चूरचू प्रखंड सभागार में मेगा लीगल एंपावरमेंट कैंप का आयोजन किया गया

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को चुरचू प्रखंड सभागार में मेगा लीगल इमपावरमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में इन सभी चीजों के अलावा परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित जानकारी लोगों के बीच में रखी गई। इसके अलावा जेएसएलपीएस के द्वारा महिला समूह को चेक भी प्रदान किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच किताबों का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से चुरचू प्रमुख निरंजन प्रकाश नायक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, चुरचू प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चुरचू प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी चुरचू प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, चुरचू प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी,चुरचू प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, चुरचू प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, चुरचू प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी चुरचू प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी चुरचूप्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, चुरचू ब्लॉक समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण),कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,। सभी प्रखण्ड एवं अंचल कर्मी उपस्थित थे।

### कटिया मुक्तिधाम में शव के अंतिम संस्कार हेतु लोहे के चार पिलर लगाए गए

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पंचायत कटिया बस्ती के अंतर्गत काली मंदिर मुक्तिधाम में शवो के अंतिम संस्कार हेतु लोहे के चार पिलर लगवाये गये। कटिया मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि शवो के अंतिम संस्कार में पिल्लरो की आवश्यकता होती है इसकी समस्या को देखते हुए स्थाई रूप से चार लोहा के पिलर लगाये गये।आगे उन्होंने कहा जल्द ही यहां पर बरगद और पीपल वृक्षों के नीचे चबूतरा का निमार्ण किया जायेगा ताकि लोगों को शवो के अंतिम संस्कार के समय बैठने में सुविधा हो।मौके पर समाजसेवी संजय कुमार सिंह ने कहा आज तक लगभग 1587 शवों को जलाया गया है।तथा स्थाई पिलर को लगाने के लिए कई लोगों ने श्रमदान किया उसमें मुख्य रूप से संजय कुमार सिंह,विश्वजीत दत्ता,रणधीर कपूर,अमित कुमार,गणेश ठाकुर, नंदकिशोर महतो गोपाल महतो, सुबोध कुमार,मनीष कुमार,फागु महतो,शंकर राम,चंद्र मोहन सिंह,लालू राम इत्यादि हैं।

### राज्य सरकार केंद्रीय योजनाओं को जमीन पर उतारना नहीं चाहती : महेंद्र कुमार महतो

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला कार्य समिति सदस्य भाजपा रामगढ़ पतरातु महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राज्य सरकार के दबाव पर जिले के अभियंताओं ने केंद्रीय योजनाओं को जमीन पर नहीं उतारना चाहती है। ज्ञात हो कि रामगढ़ जिले में माननीय सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 50 करोड़ की लागत से 70 किलोमीटर ग्रामीण पाथों का निर्माण के लिए सारी विभागीय एवं सभी तरह के कागजी कार्रवाई पिछले कई महीने पहले हो गई हैं। इसके बावजूद भी रामगढ़ जिले के अभियन्ताऔ ने इन पथों के निर्माण के लिए ठेकेदारों को कार्य आदेश जारी नहीं कर रहे हैं। सिर्फ कार्य आदेश के नाम पर खाना पूर्ति कर रहे हैं राज्य सरकार यह जानती है की इन पथों के निर्माण होने से भाजपा सांसद जयंत सिन्हा के पक्ष में एक बहुत ही बड़ा जनता का जनादेश एवं जनताओ के बीच में संदेश जाएगा और चुनाव में इसका लाभ सासंद जयंत सिन्हा को मिल जाएगा।क्योंकि इन पथों के निर्माण होने से लगभग एक लाख लोगों का सीधा आगमन का लाभ मिलेगा राज्य सरकार के निर्देशों पर इन अभियंताओं ने इन योजनाओं को जनवरी-फरवरी तक लटकाना चाहती है ताकि फरवरी में लोकसभा चुनाव का घोषणा हो जाएगा उसके बाद राज्य में चुनाव आचार संहिता लग जाएगा राज्य सरकार चाहती है कि केंद्रीय योजनाओं को जमीन पर न उतर जाए।

### विधायक प्रतिनिधि तौकीर रजा की दादी का हुआ निधन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत छोटकी बरही निवासी तौकीर रजा विधायक प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण विभाग सह मीडिया प्रभारी बरही के दादी 100 वर्षीय मरियम खातून का निधन हो गया। मरियम खातून ने अपने पिछले 6 बेटा 2 बेटी एवं 150 परिवार को छोड़ के इस दुनियाँ से अलविदा कह गई। साथ ही मरियम खातून अपने पूरी जिंदगी सादगी एवं सद्भाव में गुजारी। अपनी पूरी जीवन काल में न किसी के साथ कोई भेद भाव रखी न किसी के साथ दुर्व्यवहार की। मरियम खातून अपने सभी परिवार को सख्त नसीहत देते हुवे बोलती की कोई आपके पास अगर मदद के लिए आवे तो आप हर सम्भव मद्त करने की कम करो। चाहे वो व्यक्ति की जाती धर्म के हो। निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर नम आँखों से सुपुर्दे खाख किया। मौके पर मौलाना ईस्लाम मिस्बाही कारी सहज़्ज़ाद, मो तौकीर रजा, मो इस्राइल, मो अब्दुल वाहिद, मो जाहिर, मो रियासत, मो एहसान, मो महबूब, फजीलत बनो, साजदा खातून, मो खलील, मो गनी, मो शमशाद, मो रहीश, मो शाहिद, मो सद्दाम, मो रेहान रज़ा, मो मेराज, मो अख्तर, मो तबरेज, मो गनी, मो सफीक, मो नाजिर, मो कलाम, मो सबदर, मो कबीर, मो गयास, मो मुबारक, मो अताउल्लाह, मो तोहिद, मो मोली, मो मुस्लिम, मो मजहर, मो इद्रीश मो इम्तियाज, मो जब्बार, मो मुस्ताक, मो आलम, मो कौशर, मो शाहिद, मो अब्बास, मो ईस्लाम आदि उपस्थित रहें।

### जीएम ऑफिस रुद्र महायज्ञ में भक्तों की उमड़ रही भीड़

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को जीएम ऑफिस बुधबाजार टोंगी में महादेव के भक्तों की भीड़ देखी गई। यहां हर हर महादेव, ओम नमःशिवाय के नारों के साथ भक्तों ने यज्ञ हवन स्थल की परिक्रमा किया। यज्ञ स्थल के आस-पास पूजन सामग्री की दुकान भी लगी हुई हैं। जबकि जरुरी सुविधा के लिए यज्ञ समिति ने व्यवस्था की हैं। यज्ञाचार्यो के वेद मित्रों के गुंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बन उठा हैं। मौके पर यज्ञ समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में महिला भक्तों ने किया भजन कीर्तन आयोजित

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अरगड्डा सुभाष नगर पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में महिला भक्तों के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। अवसर पर महिला भक्तों ने भगवान श्री राम और परम भक्त हनुमान जी के सेवा में एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों का प्रस्तुतीकरण किया। मौके पर कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

### अरगड्डा सिरका की बिजली 7 घंटे से गुल, लोगों की परेशानी बढ़ी

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोलयरी अरगड्डा- सिरका के मजदूर कॉलोनी की बिजली रविवार सुबह 11 से पूरी तरह बाधित हो गई। संध्या 6 तक 7 घंटे तक बिजली गुल देखी गई। समाचार लिखे जाने तक सीसीएल बिजली विभाग के द्वारा बिजली आपूर्ति का प्रयास जारी था। बताया गया कि अरगड्डा जीएम ऑफिस सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में तेल की मात्रा 50 एंपियर से 30 हो गई थी। जिसका कारण लीकेज बताया जा रहा हैं। इसे ठीक और तेल मात्रा 50 एंपियर करने के लिए कामगार लगे हुए थे। इधर बिजली आपूर्ति बंद रहने के कारण कांलोनी निवासी रोगियों, बच्चो, बुजुर्गों को उमश भरी गर्मी से परेशानी उठानी पड़ी।

### सोसो कलां के पूर्व मुखिया ने धमना टांड़ में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड क्षेत्र के धमना टांड़ गांव में रविवार को एक सौ केबीए का नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन सोसो कलां के पूर्व मुखिया एवं वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि बजरंग कुमार महथा ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व मुखिया ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर रखा जाता है। यहां पिछले दो दिन से लोग अंधेरा में रहने को विवश थे। इसकी सूचना विधायक सुनीता चौधरी को दी गई। उन्होंने मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए दो दिन में ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवा दिया।

## रामगढ़ के पूरे शहर में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के पूरे शहर में प्रधानमंत्री मन की बात सुनी गई इसरो के विज्ञानिको को बधाई दिए। भारतीय जनता पार्टी के नेता महामंत्री ऋषिकेश सिंह ने बताया यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 104 एपिसोड की मन की बात आज पूरे भारत के साथ अपनी बातें कहीं उनका संबोधन समाज के हर वर्ग के लिए होता है और जनता उन पर विश्वास रखती है उनके हर बातों पर ज्ञान विज्ञान का समावेश होता है आज भारत देश ने जो ख्याति हासिल की है इसका श्रेय केवल और केवल प्रधानमंत्री को जाता है हमारे प्रधानमंत्री हृदय से भाव विभोर होकर अपना नाम ना लेकर श्रेय जनता को देती है जनता के द्वारा उन्हें दिया गया हिम्मत उन्हें आत्म बल देता है और हर कड़े फैसले लेने में उन्हें हिचकिचाहट नहीं होती है प्रधानमंत्री मोदी जी ने आज वह कर दिखाया जो विश्व के किसी भी नेता में नहीं था यह मोदी है उनकी सोच बिल्कुल अलग होता है राष्ट का मजबूत करने का धर्म के साथ लोकतंत्र के साथ सामाजिक समावेश बने रहे आज विश्व के सभी बड़े नेता आज उनका गुणगान करते नहीं थक रहा चंद्रयान की ऊंची उड़ान और चंद्रमा में चंद्रयान पहुंचा भारत लगातार ऊंची चलांग लगता हुआ भारत देश आगे बढ़ रहा है चंद्रयान को सफल बनाने के लिए सभी वैज्ञानिकों को हृदय की गहराइयों से मोदी जी ने धन्यवाद दिया है।

## पर्यावरण प्रदूषण को रोकने और स्वास्थ्य के लिए भी साइकिल चलाना है फायदेमंद : सुधीर मंगलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में स्विच ऑन फाउंडेशन और के आर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में ÷राइडिंग फॉर क्लाइमेट एक्शन÷ कार्यक्रम का आयोजन मनोहर कोचिंग सेंटर के बच्चों के साथ किया गया। जिसमें काफ़ी मात्रा में युवा व बच्चे शामिल रहे और साइकिल रैली निकाली। साथ ही सुधीर मंगलेश के द्वारा सभी को स्विच ऑन फाउंडेशन और इस कार्यक्रम के उद्देश्य को उपस्थित सबों का बताया। सुधीर मंगलेश ने कहा कि यह संस्था विशेष पर्यावरण प्रदूषण न करने को लेकर विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान निरंतर करते रहती है। साथ यह कार्यक्रम पर्यावरण प्रदूषण कम करने के लिए और जितना संभव हो सके मोटोसाइकिल की जगह साइकिल का उपयोग करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। क्योंकि साइकिल का प्रयोग करने से वायु प्रदूषण भी नही होता और एक तरह से व्ययाम भी हो जाता है साइकिल एक सुलभ यातायात का सशक्त माध्यम है। इसके व्यवहार से पर्यावरण संवारेगा. सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. आर्थिक बचत होगी एवं प्राकृतिक संसाधन का संरक्षण भी संभव हो पाएगा. उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के मुताबिक, साइकिल चलाने से रोग प्रतिरोधक प्रणाली अच्छी तो होती है। साथ ही रोग प्रतिरोधक कोशिकाएं भी सक्रिय हो जाती है.. जिससे बीमारी का खतरा कम हो जाता है. साथ ही साइकिल चलाने से दिमाग 15 से 20 फीसदी अधिक सक्रिय होता है।मौके पर के

## प्रखंड के विभिन्न अखंड हरि कींतन में शामिल हुए पूर्व विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में हो रहे दो दिवसीय अखंड हरिकृतन में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। उन्होंने ने दुलमाहा, करियातपुर एवं पडिरमा गांव के अखंड हरिकृतन में शामिल हो कर हरे राम हरे कृष्ण के भक्ति भाव से गाए और श्रद्धालुओं को भी झुमाए। इसी क्रम उन्होंने दुलमाहा गांव में हिन्दू समाज कल्याण समिति ट्रस्ट के द्वारा आयोजित 24 घंटे का अखंड हरिकृतन में शामिल हुए। जहां हिन्दू समाज कल्याण समिति ट्रस्ट दुलमाहा के सदस्यों ने उनका स्वागत किया उसके बाद अखंड हरिकृतन में शामिल हुए जहां हरे राम हरे कृष्ण के गायन से श्रद्धालुओं के बीच खूब झुमे तथा श्रद्धालुओं को भी झुमाए। उसके बाद प्रसाद ग्रहण किया।

## सत्संग समागम से सात्विक होता है जीवन : सुनिता चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं 26 कैथा में आयोजित संत निरंकारी समागम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा विधायक सुनिता चौधरी शामिल हुई।इस अवसर अवसर पर शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में लोग तामसिक प्रवृत्ति की ओर जल्द आकर्षित होते हैं। मानव जीवन हमें एक दूसरे के परोपकार और आपसी



सद्भावना से जीने के लिए है। सत्संग समागम से जीवन सात्विक होता है।मानव जीवन जीवन का उद्देश्य पूर्ण होता है। आयोजन को लेकर उन्होंने संत निरंकारी समागम की समिति के सोनी कुमारी झुमरी तिलैया चंपा भाटिया रांची राजकुमार किरार रांची धन्यवाद देते हुए उपस्थित लोगों से सत्संग समागम में भाग लेने और श्रवण कर सत्संग से मिले उपदेश को जीवन में उतारने का आग्रह किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश कुमार महतो,वार्ड पार्षद 26 देवधारी महतो, प्रभात कुमार, संजीत शाह, दयानंद प्रसाद, मुखी रजरप्पा प्रोजेक्ट,अशोक चौहान मुखी, सतनारायण शाह, परमेश्वर करमाली,सहित रामगढ़ जिला एवं रांची जॉन के संत महापुरुष एवं बहनों के हजारों की संख्या में उपस्थित है।

## झारखंड वासियों के साथ हो रहा अन्याय, जागे जनमानस : संजय मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** रविवार को चतरा जिले के बाबा घाट मैदान में झारखंडी मुद्दों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। यह जनसैलाब झारखंड में स्पष्ट स्थानीय और नियोजन नीति की माँग कर रही है। साथ ही यह जनसैलाब झारखंड के 81 विधानसभा और 14 लोकसभा सीटों पर स्थानीय झारखंडी को सांसद, विधायक बनाने के लिए लालायित है।झारखंडी मुद्दों एवं जनसमस्याओं को लेकर बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (JBKSS) के बैनर तले किया गया। यह समिति पुरे झारखण्ड में जनमुद्दों को लेकर सभाएं कर रही है और लगातार जन जागरूकता अभियान चला रही है।

महासभा में झारखंड के चतरा, कोडरमा, हज़ारीबाग और गिरिडीह लोकसभा के कार्यकर्ता और आम लोग पहुँचे। साथ ही सभी विश्वविद्यालयों से हजारों छात्र, नौजवानों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि झारखंड एक और इंकलाब मांग रहा है। महासभा की शुरुआत से पहले झारखंड के वीर क्रांतिकारियों को याद कर नमन किया गया। जिसके बाद वक्ताओं ने अपनी-अपनी बातों को रखा। इस दौरान लंबे समय से झारखंडी मुद्दों पर मुखरता से अपनी आवाज बुलंद कर रहे बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह सोशल एक्टिविस्ट संजय मेहता ने महासभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

## चरही पुलिस को मिली बड़ी सफलता, वाहन चोर गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार, छः बाइक बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चरही :** चरही पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की एक बाइक के साथ दो बाइक चोर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनो बाइक चोर के निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर पांच अन्य बाइक चोर समेत चोरी की अन्य पांच बाइक भी बरामद की। जानकारी देते हुए चरही थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि शनिवार को रात साढ़े दस बजे चरही पुलिस द्वारा थाना के पास वाहन चेकिंग अभियान चला रखा था। इसी दौरान दो व्यक्ति वाहन चेकिंग को देखकर बाइक सहित भागने की कोशिश करने लगा। गश्ती गाड़ी से इनका पीछा कर पकड़ा गया। इनके पास मोटरसाइकिल होन्डा साइन के नम्बर प्लेट घिसा हुआ पाया गया। पुलिस द्वारा कागजात की मांग करने पर कोई भी कागजात नही दिखाया गया सख्ती से पूछताछ करने पर दोनो ने स्वंय कबूल किया कि ये चोरी का मोटरसाइकिल है जिसे बेचने हेतु ले जाया जा रहा था।

## डाड़ी प्रखंड में विधिक सेवा प्राधिकार जागरूकता शिविर का आयोजन, कानून की जानकारी सबके लिए जरूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार डाड़ी प्रखंड मुख्यालय में रविवार को विधिक सेवा जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन हजारीबाग जिला विधिक सेवा प्राधिकार विकास कुमार सोनी, सौरभ अंशु, डाड़ी बीस सूत्री अध्यक्ष लखन लाल महतो, डाड़ी बीडीओ निशात अंबर, दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर हजारीबाग जिला विधिक सेवा व सरकार का शिविर डाडी प्रखंड में शिविर लगाने का उद्देश्य पारिवारिक विवाद समेत छोटी छोटी बातों को कानून की जानकारी के माध्यम से मध्यस्थता कर समाधान करना है। छोटी-छोटी विवाद को लेकर कोर्ट में आने से बचने की जरूतर है। उन्होंने कहा वकि न्यायालय आना आपका अधिकार है। परंतु कोर्ट जाते हैं तो



आपका समय, पैसा, लोगों से संबंध व ऊर्जा वर्बाद होता है। छोटी- छोटी बातें तो मध्यस्थता से समाप्त हो सकता है परंतु जानकारी के अभाव में कोर्ट पहुंच जाते हैं। इसलिए कानून की जानकारी सर्वो को जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि हत्या जैसे मामलों को मध्यस्थता से समाप्त नहीं किया जा सकता है। कुछ विवाद जैसे पति-पत्नी का विवाद, बाल-विवाह आदि विवादों को पंचायत व बड़े बुजुर्ग के मध्यस्थता से सुलक्षाया जा सकता है अगर इसके बाद भी विवाद नहीं सुलझता है तब कोर्ट आने के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में आवेदन लेकर आएं। जहां मुफ्त कानूनी जानकारी के साथ जरूरतमंदों को निशुल्क वकील को सलाह देने के साथ उनकी लड़ाई लड़ने का कार्य करेंगे। उन्होंने मौजूद लोगों को बाल-विवाह, दुर्घटना, पाक्सो एक्ट, मुआवजा आदि को पाने के लिए कानूनी जानकारी दी। कहा कि विधिक सेवा जागरुकता शिविर लगाने का उद्देश्य लोगों को कानून के प्रति जागरूक करना है। जरूरतमंदों को कानून की सही जानकारी व कानूनी प्रक्रिया के तहत जीवन में सही तरीके से लाभ ले सके शिविर में परिसंपत्तियों का किया गया वितरण शिविर में जेएसएलपीएस के माध्यम से स्टाल शिविर में उद्योग, जेएसएलपीएस निर्वाचन, अंचल डाड़ी, बाल विकास परियोजना, आपूर्ति विभाग, स्वासथ्य विभाग, आत्मा कृषि विभाग, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, पंचायत राज, व स्टाल लगाकर सभी विभाग द्वारा योजना की बिडियो निशात अंबर ने कानूनी जानकारी लोगों को दी मौके पर मुखिया गुंजन साव, ने कहां केवल शिविर में आने से कुछ नहीं होगा उस पर अमल किया जाए पंचायत में कोई झगड़ा होने पर समस्याओं को मध्यस्थता के माध्यम जोड़कर खोले गए खाता का वितरण पंचायती करने पर एक पक्ष के से सुलझाने को सलाह देती है। डाड़ी असंतुष्ट होने पर थाना में मामला दर्ज करें शिविर लगा कर लोगो जागरूक करने का कार्य कर रही ।

## उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण होने से लोगों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध होगी : उमाशंकर अकेला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधानसभा क्षेत्र के खोड़ाहर पंचायत अंतर्गत कुण्डवा गांव में रविवार को विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण योजना का शिलान्यास किया। इस योजना का निर्माण भवन निर्माण योजना अंतर्गत 56 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि से कराया जाना है। विधायक श्री अकेला ने कहा कि उनकी इच्छा है कि बरही विधानसभा क्षेत्र में बेहतर योजनाओं के माध्यम से विकास की गति तेज हो। विधायक श्री अकेला ने कहा कि इस उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण होने से आस पास के लोगों को प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध होगी।विधायक श्री अकेला ने बरही प्रखंड के खोड़ाहर पंचायत अंतर्गत दौरवा जगदीश उरांव व कुण्डवा में प्रदीप यादव के जनवितरण दुकान में कार्डधारकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया।



इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य के वृद्ध, असहाय व गरीबों के लिए सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी और जन कल्याणकारी योजना लाया गया है। जिसका लाभ गरीब असहाय को मिले, कोई भी व्यक्ति सरकार की योजना से वंचित न रहे। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, भाजपा कार्यसनीति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, प्रखण्ड प्रमुख मनोज रजक, विधायक जिला प्रतिनिधि वासुदेव यादव, संवेदक उपेंद्र मेहता, पदमा विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता, वीरेंद्र यादव, अशोक सिंह, मोहम्मद वारिस, राजेश उरांव, प्यार यादव, विकास यादव, जानकी यादव, संजय साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रजरप्पा से 110 किमी की दूरी पैदल तय कर बुढ़वा महादेव में आज जलाभिषेक करेंगे शिवभक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सावन महीने के अंतिम सोमवारी को लेकर बड़कागांव महूदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने को लेकर शनिवार को बड़कागांव प्रखंड के लगभग 31 अलग-अलग गांव के शिव भक्तों का जत्था रजरप्पा भैरवी नदी से जल उठाव कर पैदल रवाना हुए। इस दौरान शिव भक्त चितरपुर, रामगढ़, बरकाकाना, उरीमारी आदि गाँव को पार कर 110 किलोमीटर नंगे पांव यात्रा कर अंतिम सोमवारी को बड़कागांव बुढ़वा महादेव पहुंच कर शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। रवाना होने के पूर्व शिव भक्तों ने शनिवार को अहले सुबह मां छिन्नमस्तिके मंदिर रजरप्पा में पूजा अर्चना की। मौके पर विजेता युवा क्लब कांवरिया संघ के सचिव ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन से अपील की है कि भक्तों



का जत्था दो जिलों हजारीबाग एवं रामगढ़ के कई प्रखंडों एवं गांवों सहित बेहद व्यस्त सड़कों चितरपुर, रामगढ़, बरकाकाना, भुरकुंडा, उरीमारी समेत कई दर्जनों गांव के भ्रमण करते हुए बिश्रामपुर तक शिव भक्तों का जत्था पहुंच चुका है। आज सोमवार सुबह महुदि पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में जल अर्पण करेंगे। यात्रा में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बुजुर्ग एवं बच्चे शामिल होंगे जिन्हें पुलिस प्रशासन एवं पीसीआर वैन के माध्यम से निगरानी करने की आवश्यकता है ताकि बिना किसी व्यवधान के भक्तों की यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके। इस कांवरिया जल यात्रा में मुख्य रूप विजेता युवा कांवरिया संघ कोयलंग परेवातरी, शिव हनुमान कांवरिया संघ तलसवार, तीर्थ शिवा कांवरिया संघ हरली, महाकाल युवा कांवरिया संघ बादम शिव कांवरिया संघ कांडतरी, नवयुवक कांवरिया संघ सिमरातरी, कुम्हरडीहा, विश्रामपुर, शिवाडीह, गुरुचटटी, बड़कागांव, खरांटी, पिपराडीह समेत कई अन्य कांवरिया सांढ छपेरवा, सोनपुरा, मिर्जापुर, नापोकला, चोपदार बलिया संघ के सैकड़ों भक्त शामिल हैं।

## प्रखण्ड सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** डालसा हजारीबाग के तत्वावधान में रविवार को विष्णुगढ़ सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि आम लोगों को संविधान द्वारा प्रदत मौलिक अधिकारों जानकारी जरूर होनी चाहिए तथा समय पर इसका लाभ उठाना चाहिए। वर्षो से न्यायालय में लंबित सिविल तथा अपराधिक सुलह योग्य मामले को मध्यस्थता के माध्यम से स्थाई लोक अदालत में निपटारा किया जा सकता है। मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम तथा बैंक ऋण संबंधी मामले का लाभ सहमति के आधार पर लिया जाता है। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय




कुमार कोंगारी के द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के बारे में उपस्थित लोगों को बीच जानकारी दी गई। शिविर में प्रखंड स्तर पर कार्यरत कल्याणकारी योजनाओं का स्टाल लगाया गया था। शिविर के अंत में लाभुकों के बीच उपस्थित अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से परिसंपत्ति का वितरण किया गया। शिविर में मुख्य रूप से प्रमुख जैबुन निशा,बीडीओ संजय कुमार कोंगारी,प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 अरुण कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब, गुरु प्रसाद साव,मुन्नी देवी,मुखिया संघ के अध्यक्ष उत्तम महतो सचिव निर्मल कुमार,दुलारचंद महतो,समेत सभी पंचायत के मुखिया पंचायत समिति सदस्य तथा प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र

झारखण्ड 9

रांची, सोमवार, 28 अगस्त 2023| पेज

# जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत चार महिला सहित 14 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों की टीम खूंटी पहुंची



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत खूंटी पहुंची चार महिला सहित 14 सदस्यीय टीम के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी शामिल थे। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा जिला अंतर्गत संचालित विभिन्न विभागों के कार्य प्रणाली एवं संचालित योजनाओं के संबंध में उक्त टीम को विस्तार से जानकारी दी गई। इससे पूर्व परिचय के दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा आईएएस अधिकारियों की उक्त टीम को विभाग के कार्यपद्धति से अवगत कराया गया। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों की उक्त टीम दो ग्रुप में विभक्त होकर जिले के सुदूरवर्ती अड़की प्रखंड के बिरबांकी और खूंटी प्रखंड के जुटजोरा में एक सप्ताह तक आवासित रहेगी। इस दौरान आईएएस अधिकारियों का उक्त टीम जिले के विभिन्न ग्रामीण इलाकों का भ्रमण कर ग्रामीणों की जीवन शैली एवं क्रियान्वित योजनाओं के संदर्भ में शोध अनुसंधान करेगी। आज आईएएस अधिकारियों का उक्त दल द्वारा खूंटी प्रखंड के सिलादोन पंचायत मुख्यालय स्थित वन धन विकास केन्द्र का अवलोकन किया गया। साथ ही उक्त केन्द्र के संचालक एवं मौजूद लाभुकों से बात कर विविध जानकारी ली गयी।

# सांसद व विधायक ने पथ का शिलान्याश किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के अन्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत योजना दसमाईल चौक से उपर डहू तक पथ का शिलान्यास सांसद संजय सेठ एवं विधायक राजेश कच्छप ने संयुक्त रुप से किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, मुखिया सोदाग पतरस तिर्की, मुखिया हरदाग निलमनी तिर्की, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, रोज लकड़ा, कल्याण लिंडा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, प्रमोद सिंह, तेलोस्फोर मिंज, जफर इमाम, सज्जाद, राम बाण्डो, प्रेमनाथ मुण्डा, कुलदीप लकड़ा, रितेश उरांव, पंचू तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# ईईएफ मैदान टाईगर जयराम की बदलाव संकल्प सभा 17 को, सांगठनिक बैठक में जुटे सैकड़ों लोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**अनगड़ा :** प्रखंड के लुपुंग पंचायत के मिनी फुटबॉल स्टेडियम में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति छ्ब्क्यस्स की महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसमें रांची जिला के विभिन्न प्रखंड़ों से सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचें एवं जन-जन तक झारखंड की ज्वलंत मुद्दों को पहुंचाते हुए चुनावी राजनीति में आगामी लोकसभा एवं विधान सभा चुनाव में राज्य की सवा तीन करोड़ जनता को विकल्प देने का काम करेगी। साथ ही साथ आगामी 17 सितंबर दिन रविवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बदलाव संकल्प सभा में लाखों की भीड़ जुटाने के लिए संकल्प लिया। बैठक में मुख्यरुप से पेरतोल के ग्राम प्रधान रतिलाल करमाली, भूतपूर्व सैनिक कैप्टन जुगुन मुंडा,महेश नायक, राजेश बैठा,संजय सिंह, कार्तिक बैठा, विराट महतो,सावना महतो, रामपोदो महतो, राजेश महतो, अंगद नायक, संजय महतो, मृकेश महतो, बीरबल महतो, सुरेश महतो, हेमंत महतो, बालेश्वर महतो, विक्रम, संदीप, सुधांसु, जयकुमार, राजकुमार, रोहित, चंदन आदि सैकड़ों सदस्य मौजूद थें। संचालन सुमित कुमार महतो एवं बैठक की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी लखीन्द्र महतो ने किया।

# वर्षा जल संचयन जल संकट से निवारण का बेहतरीन उपाय : सकलदीप भगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग केंद्र में वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग )को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसका मुख्य उद्देश्य वर्षा जल संचयन के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के ग्रुप ने वर्षा जल संचयन पर आधारित मॉडल बना बनाकर इसे प्रदर्शित किया साथ ही इसके महत्व से छात्र-छात्राओं को रूबरू कराया। तमन्ना ग्रुप, कंचन ग्रुप, गोल्डन ग्रुप एवं राजवीर एवं आर्यन ग्रुप को बेहतरीन मॉडल प्रदर्शित करने के लिए पुरस्कृत भी किया गया।। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहाधरती पर बारिश की हर बूंद लोगों के लिये भगवान के आर्शीवाद के समान है। ताजे बारिश का पानी जमीन पर मोती के समान गिरता है, इसलिये विकासशील क्षेत्रों और प्राकृतिक जल संसाधनों की कमी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में खासतौर से बारिश के पानी के महत्व को हर एक को समझना चाहिये। छतों पर और सड़कों के किनारे बह रहे वर्षा के जल को बिना बर्बाद किये इकट्ठा करने की कोशिश करनी चाहिये। भविष्य में जल संकट को रोकने के लिए वर्षा जल संचयन अत्यंत जरूरी है ।विश्व में उपस्थित एक तिहाई जल स्त्रोतों में कुछ ही भाग जल पीने योग्य है इसीलिए भविष्य को देखते हुए वर्षा जल संचयन करना हम सबों की नैतिक जिम्मेदारी है।

# सिलागाई पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिली : विधायक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चान्हो :** विगत दिन चान्हो प्रखंड अंतर्गत सिलागांई पंचायत का संदीप उरांव नामक निवासी खेत मे पानी पटवन के लिए बिजली का तार जोड़ने गया था तभी तार जोड़ने के क्रम मे करेंट लगने से घटना स्थल मे उनकी मृत्यु हो गयी। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ताओ एवं खबर द्वारा जानकारी मिलने के पश्चात मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मृतक के घर पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिली और घटना की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही मृतक के परिजनों को संतावना देते हुए ढांढस बंधाया। विधायक ने मृतक के परिवार को आर्थिक मदद के तौर पर कुछ सहयोग राशि भी दिया और आगे वर्त्तमान मे किसी भी मुश्किल घड़ी मे खड़ा रहने एवं मदद करने का भरोसा भी दिलाया। विधायक ने इस घटना को लेकर एवं परिवार को बिजली विभाग की ओर मुआवजा दिलाने को लेकर बिजली विभाग के बड़े पदाधिकारी से बात किया। और सरकारी पदाधिकारी ने विधायक की बातो को सुनकर, मृतक के परिजनों को मुआवजा देने का भरोसा दिलाया। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, पार्टी कार्यकर्ता मोरहा उरांव, रघुनाथपुर मुखिया महादेव भगत एवं अन्य उपस्थित रहे।

# आदिवासी कांग्रेस खूंटी जिला कमेटी ने कर्रा प्रखंड का किया दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** आदिवासी कांग्रेस जिला कमिटी कर्रा प्रखंड के कुदलुम पंचायत के दीगादोन गांव में ग्रामीणों द्वारा आहूत बैठक में उपस्थित हुई एवं वहां की समस्याओ से अवगत हुये वहां अभी तक एक भी पीएम आवास नहीं मिला है, दीगादोन स्कूल के समीप गहरा तलाब है वहां चारदीवारी की जरूरत है नही तो कोई भी दुर्घटना होने की संभावना है वहां ट्रांसफार्मर महीनों से खराब पड़ा है जिसमें बच्चों को पढ़ाई लिखाई करने में बहुत दिक्कत हो रही एवं अन्य कार्य में भी दिक्कत हो रही है, विभाग द्वारा बने नल जल योजना भी खराब पड़ी हुई है जिसमें पेयजल की दिक्कत हो रही है बैठक में आदिवासी जिला कमेटी ने ग्रामीणों को अस्वस्थ कराया जल्द से जल्द सभी संबंधित विभागों से बात कर सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा मौके पर आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष विलसन तोपनो, मीनाक्षी टोपनो, सुषमा भेंगरा, रिक्की भेंगरा, सुलेमान धान,चम्पा हेरेन्ज,प्रदीप धान , धर्मदास बाखला,भीखा मिंज,प्यारा मिंज,पवन टोप्पो, एवं बहुतेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# ओशो ध्यान का मंगलकारी आयोजन सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** परम गुरु ओशो की अनुकम्पा एवं समर्थगुरु के आशीष से चट्टी बाजार , राजकीय बुनियादी विद्यालय के समीप स्थित कैलाश चंद्र शाह के नवनिर्मित निवास परिसर में ओशोधारा संघ रामगढ़ द्वारा प्रायोजित ÷ओशो ध्यान÷ का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ परम गुरु ओशो एवं समर्थगुरु जी की छवि के समक्ष दीप, गंध , धूप एवं सामुहिक पुष्पार्पण सहित गुरु वंदना के साथ हुआ। स्थविर आचार्य उदित तथा वरिष्ठ वाई ई आचार्य अशोक कुमार गुप्ता की उपस्थिति में आचार्य किशोर गुप्ता ने अनुपम और आकर्षक ढंग से संजीवनी ध्यान कराया। आज अन्य दिनों की अपेक्षा साधकों की उपस्थिति ज्यादा थी।क्रमशः सभी ने अपने हिस्से के आनंदातिरेक की अनुभूतियों का अपूर्व साक्षात्कार किया। इसके पश्चात ओशो गीतों के साथ उत्सव की बेला ने अंगड़ाइयां ली।गुरु-गोविंद के सुमिरन में थिरकती सांसों के साथ जैसे हृदय तृप्त हो गया हो। जैसे सारी आकांक्षाओं को सहज संतुष्टि मिल गई हो।आभार ज्ञापन के क्रम में ओशोधारा पूर्वी भारत प्रदेश के प्रेस मीडिया कोआर्डिनेटर स्वामी राज़ रामगढी ने आगत भारत विकास परिषद् , वरिष्ठ नागरिक संगम व अन्य संगठनों के अधिकारियों तथा रामगढ़ ओशोधारा संघ के सदस्यों के प्रति अनुराग मिश्रित आभार प्रकट किया। आयोजक की महती भूमिका में रहे कैलाश चंद्र शाह जी के द्वारा विशिष्ट जनों का सम्मान पुष्प गुच्छ देकर किया गया। प्रसन्नता पूर्वक गुरु प्रसाद ग्रहण करने के साथ आयोजन का समापन हुआ।इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वामी अशोक कुमार गुप्ता ( गुप्ता मोबाइल ) , धीरेंद्र ठाकुर , चंदेश्वर प्रसाद , नीरज पाठक , सिटू सिंह सलूजा , डा.सुशील कुमार , अजय सिंह , मनीष अग्रवाल , मोहन अग्रवाल , अयोध्या अग्रवाल , राजेश साह , उर्मिला देवी , रानी देवी , सोनी देवी , सुनीता देवी सहित भारी संख्या में बच्चे , महिलाएं और गणमान्य लोग उपस्थित थे। उपरोक्त तथ्यों की जानकारी स्वामी राज़ रामगढी ने दी है।

# शमशाद अंसारी की भीड़ हत्या का भाकपा-माले जांच दल का रिपोर्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमेटी के सदस्य- कामरेड बिगेन्द्र ठाकुर,अमल कुमार ने मृतक शमशाद अंसारी के गांव जरियो जाकर मृतक की बड़ी पत्नी हसीना खातून और दूसरी पत्नी नरगिश खातून बृद्ध पिता अशरत अंसारी एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर सहानुभूति प्रगट करते हुए बातचीत किए जिसमें उनकी पत्नी ने बताया कि मेरे पति को क्रूरता पूर्वक हत्या कर दी गई। मेरे पति ने दिनांक-22 अगस्त को 1ः30 बजे दोपहर घर में यह बोलकर कर निकला था कि भागिनी की शादी में फर्नीचर देने के लिए खरीदने हेतु चितरपुर बाजार 50 हजार रुपए लेकर गए थे। 5 बजे शाम को मेरे परिवार देवर के पास फोन में सूचना मिला कि सिकनी गांव में भीड़ के द्वारा मार-पीट कर ईलाजरत के लिए सदर होस्पीटल रामगढ़ में चल रहा है। जब होस्पीटल में गए तो पति को देखने नहीं दिया गया। इससे जाहिर होता है मेरे पति का देहांत घटना स्थल में ही मृत्यु हो गया था। स्थानीय विधायक,सांसद के द्वारा हत्यारों को कोई गिरफ्तारी की मांग नहीं की गई और आज तक मुझसे कोई विधायक, सांसद और पुलिस प्रशासन मिलने नहीं आया है। यदि न्याय नहीं मिलता है तो न्याय के लिए धरना में बैठने के लिए तैयार है।रामगढ़ सिकनी गांव के सन्नाटा जगह में भीड़ तंत्र के द्वारा शमशाद अंसारी की क्रूरतम हत्या कर दी गई है। भाकपा-माले इस घटना की कड़ी नींदा करती है। राजनेता एवं पुलिस प्रशासन के मिली भगत से केश को रफा-दफा करना चाहती है। अतः सभी हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। भाकपा माले रामगढ़ जिला में बढ़ते अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए शांति बहाल करने की मांग करती है।

# खलारी कैथोलिक चर्च में संत मोनिका दिवस मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी शांतिनगर स्थित कैथोलिक चर्च में रविवार को मसीही विश्वासियों ने संत मोनिका दिवस मनाया. कार्यक्रम की शुरूआत में फादर ऑस्कर टोप्पो एवं फादर हेलारियुस तिग्गा के साथ सभी मसीही विश्वासियों ने संत मोनिका की तस्वीर के साथ चर्च परिसर में जुलूस निकाला तथा चर्च में प्रवेश किया. इस दौरान कैथोलिक महिलाएं गीत गाती और झूमती संत मोनिका के चित्र के साथ जुलूस में शामिल हुई. चर्च में प्रवेश के बाद लोगों ने संत मोनिका के चित्र के समक्ष कैंडल जलाया. जिसके बाद फादर ऑस्कर टोप्पो एवं फादर हेलारियुस तिग्गा के द्वारा मिस्सा पूजा कराया गया. मौके पर फादर ऑस्कर टोप्पो ने संत मोनिका की जीवनी को पढ़ा. वहीं उन्होने संदेष देते हुए कहा कि संत मोनिका माताओं की आदर्श हैं. उत्तरी अफ्रीका में जन्मी संत मोनिका पारिवारिक जीवन कठिनाइयों से भरा पड़ा था. उन्होने पति व बेटे के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए 33 वर्षो तक प्रभु की प्रार्थना की जिसका परिणाम रहा कि उनके पति और बेटे अगस्तिन आध्यात्मिक जीवन जीते हुए मानव सेवा में लग गए. फादर ऑस्कर टोप्पो ने कहा कि संत मोनिका के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है. उन्होने सभी महिलाओं को संत मोनिका के धीरज, दया और त्याग जैसे आदर्ष गुणों को अपनाकर एक आदर्श मां बनने और अपने परिवार तथा समाज के लिये त्याग व तपस्या के साथ दूसरों की हमेशा मदद करने को कहा. साथ ही उन्होने पर्व को सफल बनाने में योगदान देने वालों सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया. अंत मे महिला मंडल द्वारा पारंपरिक गानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से सिस्टर नेली लकड़ा, सिस्टर जयंती, सिस्टर लुइसी, सी. कुजूर, एम किंडो, पारस उराव, डॉ. ए. कुजूर, मैडम सरोज, मैडम नीलम, जॉन डूंगडूँग, नरेश करमाली, प्रकाश कुजूर, ज्ञान कुजूर, रोबिन एक्का, सभा नेत्री तेरेसा तिग्गा, उपसभा नेत्री सुनीता तिग्गा, करोलीना मिंज, जॉनी बाड़ा, पूनम किस्कू, ख्रीस्त नीरा गिद्ध, सुनिता तिग्गा, ग्रेस खलखो, ज्योति कुजूर, प्रफुलित लकड़ा, उजाला लकड़ा, अतुल आदित्य टोप्पो, रोहित अभिषेक तिर्की, एलिस टोपनो सहित काफी संख्या में मसीही विष्वासी मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात : सत्यदेव मुंडा



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। सत्यदेव मुंडा ने बीसा पंचायत के बेती गांव में ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को कार्यकर्ता एवं मतदाताओं के साथ सुना। नरेंद्र मोदी ने आज चंद्रयान की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग जी - 20 बैठक में जन भागीदारी चीन में आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन मेरी माटी मेरा देश अभियान और संस्कृत भाषा से जुड़ने जैसे विषयों पर देश की नागरिकों को संबोधित कियें । मौके पर ग्रामीणों उपस्थित थे ।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर कुजू में भव्य कलश यात्रा व जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कुजू के तत्वावधान में श्रावण मास की अंतिम सोमवारी पर 28 अगस्त को निःशुल्क भव्य कलश यात्रा व जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम को लेकर दिनांक 27/ 8 /2023 दिन रविवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा तैयारी समीक्षात्मक बैठक हुई। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क टोकन की व्यवस्था की गई है। लगभग 2100 कलश यात्री श्रद्धालु इस भव्य कलश यात्रा और जलाभिषेक कार्यक्रम में शामिल होंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार सभी कलश यात्री भरेचनगर सांडी स्थित प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना से पूजा पाठ एवं वैदिक मंत्रोच्चारण तथा जल संकल्प के साथ पवित्र जल को अपने-अपने कलश में भरकर कुजू शिव मंदिर पहुंच कर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं सहित भारी संख्या में सनातनीय हिंदू उपस्थित रहेंगे।

## हाई स्कूल मैदान कर्रा में सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल मैच का शुभारंभ

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी जिला पुलिस प्रशासन एवं कर्रा थाना के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को हाई स्कूल मैदान कर्रा पर सामुदायिक पुलिसिंग के अन्तर्गत दो दिवसीय फुटबॉल मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच का शुभारंभ कर्रा थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, एस आई रंजित सिंह, बमरजा मुखिया अनूप कुजूर ने खिलाड़ीयों से परिचय प्राप्त करते हुए फुटबॉल क्लब डेरा कर्रा बनाम् फुटबॉल क्लब लोयकेंल के बीच खेला गया. जिसमें पेनाल्टी सीट ऑउट में फुटबॉल क्लब लोयकेल 0-1 गोल कि बढ़त बनाकर विजयी रही. फुटबॉल प्रतियोगिता पर कुल 26 टीम ने भाग लिया. जिसका फाईनल मैच सोमवार को खेला जाएगा. प्रत्येक खेल में बेस्ट खिलाड़ीयों को लल्ला मोबाईल कॉमनिकेशन कर्रा की तरफ से टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया. प्रतियोगिता को सफल बनाने में एस आई सफीक खान, समाजसेवी परवेज खान, लल्ला कुमार, धनीराम लोहरा, अनूप लकड़ा, अर्श खान, शेख एजाज, मंगतराम मांझी, दुर्गा बड़ाईक, जितेन्द्र पासवान, शाहिल खान, चाहत खान, सुल्तान मालिक के अलावे अन्य लोगों का मुख्य योगदान रहा।

## मुसलमानों में एकता की आवश्यकता

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आयशा नगर में एक ऐतिहासिक जलसे का प्रोग्राम आयशा पंचायत की जेरे निगरानी हुआ। इस जलसे के प्रोग्राम के सदर हजरत ताजुद्दीन साहब, हजरत मौलाना अब्बास रिजवी साहब, मौलाना हुसैन साहब, मौलाना गुलाम फारूक साहब, दिलकश रांचवी साहब, मौलाना मोहम्मद इरफान साहब के साथ एक बड़ी तादाद में उलमा-ए-कराम ने शिरकत फरमाईइस जलसे में बहुत बड़ी तादाद में सभी मसलक के लोगों ने शिरकत कर दिन की बातें सुनी, उलमा-ए-कराम ने बहुत ही मजबूती से सभी मुसलमान को आपसी इख्तिलाफ़ खत्म कर एक होने का मैसेज दिया।इस प्रोग्राम को कामयाब बनाने में आयशा पंचायत के सदर जफर खान, नायाब सदर जैनुल हक, सेक्रेटरी शाहबाज आलम, खजांची जावेद इकबाल, सोनू ,हेशाम खान, इरशाद,शोएब, निजाम भाई, समीम,वसी अहमद,मुन्ना भाई,कल्लू भाई आदि का एक बड़ा योगदान रहा।

## राधारमण महा महोत्सव को लेकर शोभायात्रा निकाली गयी



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कुटाम में स्थित गुरुकुल के बच्चों तथा गुरुजनों के द्वारा पुत्रदा एकादशी के दिन कुटाम में आयोजित होने वाले राधा रमन महोत्सव को लेकर सिल्ली हनुमान मंदिर से छोटा मुरी बाजार तक नगर भ्रमण सह शोभायात्रा निकाल कर लोगों के बीच 31 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित महा महोत्सव के बारे में हर चौक चौराहा पर चर्चा कर सभी भक्तगणों से इस महा महोत्सव में भाग लेकर ईश्वर की कृपा प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया गया। भ्रमण के दौरान हर चौक चौराहों पर मंडली के द्वारा संकीर्तन का भी आयोजन किया गया। गुरुकुल के संस्थापक दास गदाधर प्रभु ने बताया कि यह महा महोत्सव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा, बलराम जयंती, कृष्ण जन्माष्टमी और श्रील प्रभुपाद, आविर्भाव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। महोत्सव में मुख्य आकर्षण राधारमण जी का अभिषेक, कृष्ण कथा, गौ पूजा, श्रृंगार, छऊ नृत्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। उन्होंने सभी भक्तगणों से आमंत्रित किया कि इस महोत्सव में भाग लेकर मनुष्य जीवन को सफल बनाएं। भगवान राम और श्री कृष्ण ही हमारे सनातन धर्म के प्रतीक हैं तथा यह उत्सव भगवान और भक्तों का मिलाप है।

## रिलायंस स्मार्ट पोइंट गोला रोड में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ गोला रोड , कुशवाहा धर्मशाला के सामने स्थित रिलायंस स्मार्ट पोइंट में छोटे बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का उत्साहवर्धक आयोजन सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के आरंभ में प्रतिष्ठान के प्रबंधक आदित्य कुमार एवं रिलायंस स्टाफ मेम्बर्स ने बच्चों को ड्राइंग सीट और कागज देते हुए उनके चयनित चित्र को मेहनत और लगन से उकेरने का आग्रह किया। आदित्य कुमार ने यह भी कहा कि आपमें से तीन चयनित बाल चित्रकारों को प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय के रूप में विशेष रूप से पुरस्कृत किया जायेगा। शेष सभी को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। इस क्रम में बच्चों का उत्साह और उमंग देखने लायक थी। किसी ने राम तो किसी ने कृष्ण , किसी ने चंद्रयान तो किसी ने वैज्ञानिक उपकरणों के चित्र बनाए।प्रतियोगिता में लगभग पच्चीस बच्चों ने भाग लिया। प्रतिष्ठान के प्रबंधक ने समापन पर सभी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वैसे तो सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है , किंतु तीन श्रेष्ठ पात्रों का चयन हमारी विवशता है। क्रमशः प्रथम स्थान कृष्णा कुमार , द्वितीय स्थान अंश अग्रवाल तथा तृतीय स्थान वैष्णवी मानसाता को मिला। इसके पश्चात अन्य सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से स्टाफ सदस्य कल्याणी , पंकज , विकास , उमेश , मुकेश , दिलीप , विनय , सुजीत , तालकेश्वर एवं बबलू सहित प्रतियोगिता में शामिल बच्चों के अभिभावक गण उपस्थित थे। उपरोक्त तथ्यों की जानकारी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कवि/लेखक राज़ रामगढी ने साझा की है।

## श्री श्री शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कलश यात्रा में शामिल हुई रागिनी सिंह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को धनबाद न्यू मुरली नगर, कोयला नगर में आयोजित श्री श्री शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आज सैकड़ों की संख्या में स्थानीय महिला एवं पुरुष श्रद्धालुगण ने कलश यात्रा में हिस्सा लिया। जहां लोगों ने सर पर कलश लेकर न्यू मुरली नगर से सिंह मैंसन स्थित सूर्यदेव सरोवर पहुंचे। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने उपस्थित सभी श्रदालुओ का स्वागत अभिनंदन किया। वहीं पंडितो के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण कर पूरे विधि विधान के साथ कलश पूजन पूर्ण कर जल भरी कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं रागिनी सिंह ने उपस्थित महिला श्रद्धालुओं के साथ तालाब से कलश में जल भरकर वापिस मंदिर प्रांगण के लिए कलश यात्रा में सामिलित हुई। रागिनी सिंह ने सभी श्रद्धालुओं को शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्य रूप से सुजित कुमार वर्मा, प्रभु राम, राधेश्याम पंडित, रामशरण पाल, संजय बरनवाल, प्रदीप बरनवाल के अलावा कई अन्य गणमान्य मौजूद थे।

## हथियार दिखाकर बोलेरो सवार के साथ अपराधियों ने किया छिनतई

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के डबरसैनी चौक के पास बरहमसिया जोरसांख मुख्य मार्ग पर ग्राम रुपीडीह के सिमाने पर स्थित पहाड़ के निकट बीते शनिवार देर रात बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने एक बोलेरो में सवार लोगों को हथियार दिखाकर छिनतई करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित वरुण यादव इसी थाना क्षेत्र के अरारी पंचायत के ग्राम नावाडीह का निवासी हैं। उन्होंने कहा कि शनिवार देर रात लगभग 8 बजे वह जरीडीह की ओर अपने बोलेरो से आ रहा था तभी रूपीडीह के सिमाना में डबरसैनि पहाड़ के पास बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने सड़क पर बाइक खडी कर रोक दिया तथा चाकू का भय दिखाकर मोबाइल व 5 हज़ार रुपये नगदी छिनतई कर पुनः जरीडीह की ओर भाग गया। उक्त घटना के एक दिन पूर्व गुरुवार रात भी इस तरह की घटना घटी थी जिसकी पहचान आवेदक ने कर लिया था तथा नामजद कर थाना में लिखित आवेदन दिया था। हालांकि इस मामले को दोनो पक्षों ने थाना में सुलह कर लिया।

## पेयजल की शुद्धता के लिए मुखिया ने किया ब्लीचिंग का छिड़काव

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मधवाडीह ग्राम बैदाडीह में कुंवा का पानी खराब हो जाने से लोगों के पास पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई थी। हालात को देखते हुए स्थानीय मुखिया ने सहिया के सहयोग से कुंवा मे बिलीचिंग पोडर डाला। लगातार पंचायत में इस प्रकार के मुखिया द्वारा कार्य किया जा रहा है संपूर्ण बारिश नहीं होने के बावजूद भी मुखिया आज जागरुक होकर सभी पंचायत के कुएं में ब्लीचिंग पाउडर डलवा रहे हैं इस प्रकार के पंचायत में मुखिया द्वारा उत्कृष्ट कार्य लगातार कर रही है । मुखिया ने कहा कि पंचायत के लोगों की समस्या हमारी अपनी समस्या है।

## सावन महोत्सव में मिस एंड मिसेस सावन क्वीन कॉन्टेस्ट का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार की शाम, धैया स्थित आमंत्रण बैंक्विट हॉल में सावन महोत्सव में मिस एवं मिसेस सावन क्वीन कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सावन क्वीन कॉन्टेस्ट के जज अर्पिता सेनगुप्ता ,अश्विनी लाला एवं अनीता मजूमदार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सावन महोत्सव मिस एवं मिसेस सावन क्वीन में कुल 25 प्रतिभागियों ने शिरकत किया। प्रतियोगिता में क्वीन का खिताब पाने के लिए कैटवॉक, बॉडी लैंग्वेज, टैलेंट, कॉन्फिडेंस, साज सज्जा एवं पहनावा के आधार पर जजों ने जजमेंट किया गया।कार्यक्रम में निर्णायक मंडली की भूमिका में बोंगो तिलोत्तमा 2015, 2018 मिसेस इंडिया यूनिवर्स- टॉप 5 रही। दुर्गापुर से अर्पिता सेन गुप्ता, मिसेस इंडिया विनर मिस एशिया इंटरनेशनल मलेशिया-अश्विनी लाला एवं मिस इंडिया 2018, मिस वर्ल्डवाइड थाईलैंड-अनीता मजूमदार रही।मंच का संचालन शिल्पी घोष ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गुफ्ती फैशन से इसीका खत्री, बैंगल ट्रेंज से शिल्पी घोष , मंत्रा एंटरटेनमेंट एवं पाठशाला से कैलाश,चंदन स्टूडियो से चंदन पाल की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में उपस्थिति लगभग डेढ़ सौ दर्शकों के लिए प्रायोजकों की तरफ से सभी के लिए रिटर्न गिफ्ट की भी व्यवस्था थी।

## ड्रग इंस्पेक्टर के साथ धनबाद केमिस्ट एसोसिएशन ने की बैठक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को जिले के तीन ज़ोन के औषधि निरीक्षक रंजीत कुमार घनश्याम, राजीव एक्का के साथ धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने अध्यक्ष ललित अग्रवाल की अगुवाई में कोर्ट रोड स्थित औषधि निरीक्षक कार्यालय में एक बैठक की। सर्वप्रथम तीनों औषधि निरीक्षकों को संगठन के द्वारा शॉल और पौधा देकर सम्मानित किया गया। संगठन ने ऑनलाइन डिस्काउंट के मुद्दे पर औषधि निरीक्षक को अपनी समस्याएं उनके सामने रखी जिसपर औषधि निरीक्षकों ने स्पष्ट रूप से कहा कि ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के अंतर्गत एमआरपी के ऊपर किसी भी प्रकार का डिस्काउंट देने का कानून नहीं है जो लोग दे रहे हैं वो गलत कर रहे है औषधि निरीक्षकों ने हमारे संगठन से एक सहयोग की अपील की कि अगर धनबाद जिले में कोई भी व्यक्ति दवा के नाम पर गलत काम करता है आपके संगठन को इसकी जानकारी मिलती है तो अभिलंब हमें सूचित करें ताकि संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## सिम्फर डिगवाडीह के लैब असिस्टेंट की ड्यूटी पर मौत

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंफर डिगवाडीह के लैब असिस्टेंट 50 वर्षीय चन्द्र भूषण सिंह की मौत ड्यूटी के दौरान पश्चिम बंगाल के हल्दिया में शुक्रवार को हो गई। परिजनों ने नियोजन की मांग को लेकर शव लाने से इंकार कर दिया। मृतक की पत्नी रूसी देवी ने बताया कि छह माह पूर्व पति को हार्ड अटैक आया था, फिर भी स्थानीय प्रबंधन द्वारा कोयले के सेम्पलिंग लाने के लिए हल्दिया भेज दिया गया, जहां वह होटल में रुके थे। उनके सहयोगी उन्हें डॉक्टर के पास ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शनिवार को सिंफर के कार्यालय प्रसासनिक हेड आलोक शर्मा, पीओ कुमार राहुल ने परिजनों को समझाने का भरपूर प्रयास किया। परंतु नियोजन की मांग को ले कर सभी हंगामा करने लगे। परिजनों का कहना है कि पुत्र रौनक को नियोजन दिया जाए तभी शव को लाया जाएगा। प्रसासनिक हेड शर्मा ने कहा कि 40 मामले अभी तक लंबित हैं।

# संगठन सशक्तिकरण को लेकर एग्यारकुंड प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित, पूर्व मंत्री हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा एग्यारकुंड प्रखंड में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में संगठन सशक्तिकरण को लेकर एग्यारकुंड प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओ का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमे धनबाद कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक मुख्य रूप से शामिल थें।मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि संगठन सशक्तिकरण को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी गंभीर है और कांग्रेस पार्टी जिला के सभी विधानसभा के सभी




प्रखंडों एवं नगरों के पंचायतो/वार्डो पर बुथ स्तरीय जनसंपर्क अभियान चलाकर संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी आज एग्यारकुंड प्रखंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओ का सम्मेलन के माध्यम से एग्यारकुंड प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी किया जा रहा है। संगठन सशक्तिकरण चलाकर संगठन में लोगों को जोड़ने के साथ-साथ सभी से पार्टी के विचारधाराओं से जुड़कर संगठन को धारदार,सशक्त व मजबूत बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता निरसा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डीएन यादव तथा संचालन जिला कांग्रेस महासचिव मसूद आलम और धन्यवाद ज्ञापन बबलू दास ने किया। मौके पर पूर्व मंत्री मन्नान मलिक, वकील बावरी, संतोष राय, जियाउल हुसैन, बबलू दास, कपिल देव प्रसाद, राम वृक्ष यादव, अरुण सिंह, मधुसूदन चौधरी, मसूद आलम, अरविंद कुमार सैनी, मंटू राय, , गुलाम गिलानी,जोब देवी, मुनी देवी आदि मौजुद थे।

## क्लेमेंट लैब ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 97 मरीजों की हुई जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जामाडोबा स्थित क्लेमेंट लैब कलेक्शन सेंटर में हेल्थ जाँच एवं रक्त जाँच शिवर का अयोजन किया गया। रक्त जाँच के लिए क्लेमेंट लैब की पूरी टीम को बुलाई गई। सुबह 7 बजे से लेकर 12 बजे तक लोगो की जाँच की गई। जामाडोबा, आलमनगर, रमज़ानपुर, शास्त्रीनगर, बाबु बासा आदि जगह से लोग शिविर में जाँच कराने आए। कुल 97 मरीजो की जाँच की गई। रिपोर्ट एक दिन बाद जामाडोबा क्लेमेंट लैब कलेक्शन सेंटर में मिलेगा। जामाडोबा मे उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुवे क्लेमेंट लैब की ओनर डॉक्टर अनुराधा सिन्हा ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह सतर्क रहने एवं अपने आस पास साफ रखने की सलाह दी। उन्होने कहा की ज्यादातर गन्दगी से ही बीमारी फैलती है।

## 1 और 2 सितंबर को होगा जिला स्तरीय योगासना स्पोर्ट प्रतियोगिता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह स्टेशन रोड स्थित श्री गुरुनानक विद्यालय गिरिडीह में योगासना स्पोर्ट संघ की एक बैठक जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे अगामी सितम्बर माह के 1और 2 सितंबर को द्वितीय गिरिडीह जिला स्तरीय योगासना स्पोर्ट प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया।महासचिव अनिता कुमारी ओझा ने बताया कि गिरिडीह योगासना स्पोर्ट संघ के तत्वाधान में पूर्व में भी दो प्रतियोगिता कराया जा चुका है और उसमें गिरिडीह के योगा खिलाड़ियो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था । यह पूर्ण विस्वाश है कि इसबार भी इस प्रतियोगिता में लगभग 200 प्रतिभागी भाग लेंग।उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेगे।जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि ये प्रतियोगिता 5 आयु वर्ग में कराया जायेगा जिसमे खिलाड़ी 5 साल से लेकर 55 साल तक प्रतिभागी भाग ले सकेगे। इसके लिए पूर्व में ही गिरिडीह जिला योगासना स्पोर्ट संघ द्वारा 15 दिवसीय निशुल्क योगासना प्रशिक्षण लगाया गया था ताकि



खिलाड़ी इसकी बारीकियों को समझ पाये और प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्सन दे सके।उन्हीने बताया कि इतने अधिक उम्र के लोगो के लिए इस तरह की प्रतियोगिता पहली बार हो रहा है और जिला स्तरीय प्रतियोगिता को खेलते हुए वो राष्ट्रीय स्तरीय तक के प्रतियोगिता में खेल सकेंगे।कोसाध्यक्ष अमित स्वर्णकार ने बताया कि योगासना स्पोर्ट संघ झारखंड योगासना स्पोर्ट संघ और योगासना भारत स्पोर्ट संघ से मान्यता प्राप्त है और योगासना भारत,भारत सरकार और ओलिंपिक संघ से मान्यता प्राप्त है।इस प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ी अंतरष्ट्रीय योगासना स्पोर्ट प्रतियोगिता तक खेल सकते है।

**लगातार बड़ी संख्या में पलायन क्षेत्र की बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है**

# दूसरे राज्यों में निधन के बाद परिजन नहीं कर पाते अंतिम दर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ/गिरिडीह :** जिले में लगातार पलायन की समस्या गहराता जा रहा है रोजगार की तलाश के घर परिवार छोड़कर दूसरे राज्यों में जाने को लोग है मजबूर । आज अगर गिरिडीह जिले का बात किया जाये तो करीब दस लाख से अधिक लोग प्रवासी है साथ ही लगातार इसकी संख्या में इजाफा हो रहा है। गिरिडीह जिले के सिवा धनबाद , देवघर , हजारीबाग इत्यादि जिले के काफी संख्या में प्रवासी देखने को मिल जायेगा। रोजगार नहीं मिलने की वजह से दिल्ली ,गुजरात , महाराष्ट ,तमिलनाडु सहित कई राज्यों में काफी संख्या में झारखंडी प्रवासी है। झारखण्ड राज्य बनने से आज तक लगभग सभी पार्टी की सरकार रही लेकिन प्रवासियों को लेकर कोई सरकार गंभीर नहीं हुई। आज तक झारखण्ड सरकार के पास प्रवासियों के लिए को योजना नहीं है। कुछ प्रवासी ने बताया की हमलोग की हालत ना घर का और ना घाट का बनकर रह गया है जहा हम रोजगार की तलाश में जाते है वहा पर किसी योजना का लाभ नहीं मिल पाता वही काफी लोगो के साथ शोषण भी होता है। कहा की झारखंड की सरकार हमलोगो के दर्द को नहीं समझ सकती और ना ही हमलोगो के लिए कोई योजना सरकार के पास है। अपना दर्द बताते हुवे प्रवासी भाई ने बताया की अगर दूसरे राज्य में अगर किसी का मौत हो जाता है तो उसके घरवाले अंतिम दर्शन तक नहीं कर पाते है क्योकि इस महंगाई में शव को गांव लाना संभव नहीं हो पाता है इस तरह के कई मामले भी देखने को मिला वही किसी का निधन गांव में हो तो बाहर रहने वाले उसका अंतिम दर्शन नहीं कर पाते है। वही सूरत के प्रवासियों ने बताया की सूरत के लिए झारखंड से एक भी ट्रेन नहीं है जिसके लिए लगातार मांग कर रहे है ।

## जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए किया गया साइकिल रैली का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत पथरगडिया में स्वीच ऑन ÷फाउण्डेशन के सहयोग से ÷स्वाभिमान% संस्था द्वारा बढ़ते हुए जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए लोगों को साईकिल रैली द्वारा जागरुक किया गया कि कम दूरी जाने के लिए साईकिल का इस्तेमाल करे जिससे शरीर, जलवायु एवं पर्यावरण सभी स्वच्छ एवं सुरक्षित रहे । इस जागरूकता शैली में महिला, पुरुष, किशोर एवं किशोरियो ने साईकिल चलाकर लोगो को जागरुक किया। मौके पर संस्था अध्यक्ष भुनेश्वरी देवी ने साईकिल चलाओ - पर्यावरण बचाओ का नारा लगाकर साईकिल रैली की शुरुआत की ।

## साथी फाउंडेशन ने मनाया रणविजय सिंह का जन्मदिन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वासेपुर निशात नगर स्थित साथी फाउंडेशन स्कूल के गरीब और असहाय बच्चों ने मिल कर केक काटकर संस्था के संरक्षक और कांग्रेस नेता रणविजय सिंह का जन्मदिन मनाया। यह आयोजन उनके सेवा भाव और समर्पण को प्रकट करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बना। साथ ही, इस अवसर पर संस्था ने रणविजय सिंह के समर्पण और सेवाभाव की प्रशंसा की और उनके समाज में सुधार के प्रति उनके संकल्प को सराहा।मौके पर साथी फाउंडेशन संस्था ने संस्था के संरक्षक के समर्पण के प्रति अपना समर्थन प्रकट किया। संस्था के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम और उनकी पूरी टीम मेम्बर ने रणविजय सिंह को जन्मदिन की बधाई दी और बच्चों के बीच चॉकलेट एवं स्वादिष्ट अल्पाहार का वितरण किया।

## मायुमं कोयलांचल शाखा और झरिया समृद्धि शाखा के संयुक्त तत्वाधान में साइक्लोथोन रैली 3.0 का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** खेल दिवस पर फिट इंडिया मूवमेंट को गति प्रदान करने के लिए पूरे देश में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की लगभग 800 से भी अधिक शाखाओं ने 27 अगस्त को एक साइक्लोथोन रैली 3.0 का आयोजन किया गया। इसी मुहिम के तहत रविवार को सुबह 7ः00 बजे धनबाद कोयलांचल शाखा और झरिया समृद्धि शाखा के संयुक्त तत्वाधान के तहत मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय कार्यक्रम साइक्लोथोन फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज को धनसार चौक से शुरू कर के जेपी चौक होते हुए वापस प्रारंभिक बिंदु धनसार चौक तक किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत के प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी को दोनो शाखा के अध्यक्ष के द्वारा संयुक्त रूप से अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। रविवार को लगभग 40 बच्चों के साथ इस कार्यक्रम को किया गया जिसमें तीन सर्वश्रेष्ठ बच्चों को सम्मानित भी किया गया। सभी बच्चों को शाखा द्वारा प्रशस्ति पत्र,जूस और फूड पैकेट दिया गया। साइक्लोथोन कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक चांदनी मित्तल, शीतल बिलासिया, अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, आदि थे ।

# धनसार थाना क्षेत्र में पुलिस ने की छापेमारी अवैध लॉटरी के साथ दस गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद के धनसार थाना क्षेत्र के अनुग्रह नगर में अवैध लॉटरी कारोबार का संचालन किया जा रहा था। वरीय पदाधिकारी के सूचना पर देर रात धनसार और बैंक मोड़ पुलिस ने कारवाई करते हुए संचालित अवैध लॉटरी के धंधेबाजो पर कारवाई करते हुए 10 लोगो को गिरफ्तार किया। वही धनसार थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने बताया की अवैध लॉटरी गिरोह पर करवाही की गई है। 10 अवैध लॉटरी के संचालक शामिल है। साथ ही इस कार्यवाही में पुलिस को तीन दो पहिया वाहन तीन बाइक भी जब्त है। इसके साथ ही 10 मोबाइल और नगद 14460 रुपए के विभिन्न नाम से 900 नकली लॉटरी



का टिकट बरामद किया गया है। वही पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। वही बता दे की धनबाद में नकली बंगाल लॉटरी का कारोबार से जोर शोर से चल रहा है। इस कारोबार का मुख्य सरगना आलम बताया जा रहा है। धनबाद के आस पास के क्षेत्र में गरीब मजदूर लोगों को लाखों करोड़ों कमाने का लालच देकर उनकी गाढ़ी कमाई लॉटरी में जा रहा है। वही धनसार थाना के थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें चंदन भुइया, शिव कुमार, बसल इकबाल उर्फ सोनू, प्रदीप भुइया, रोहित कुमार, प्रकाश कुमार है।

# भारतीय मजदूर संघ आज मनाएगा पर्यावरण संरक्षण दिवस : रामधारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वर्तमान में विश्व का वातावरण ग्लोबल वार्मिंग के कारण दूषित होता जा रहा है।प्रदूषण की समस्या से आज विश्व परेशान है। वायुमंडल में लगातार बढ़ते प्रदूषण ने पृथ्वी का अस्तित्व संकट में है। लगातार हो रहे हैं जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, उद्योगिकीकरण, वाहनों की बढ़ती संख्या से पर्यावरण को चौतरफा नुकसान पहुंच रहा है। इसका असर अब मानव जीवन और जीव जंतुओ पर भी स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। एक और जहां मानव जीवन की औसत आयु घटती जा रही है, वही जीव जंतु लुप्त होते जा रहे हैं। ऐसे में आज राष्ट्रीय स्तर पर जोरदार पर्यावरण संरक्षण आंदोलन की जरूरत महत्वपूर्ण है,तभी पर्यावरण की रक्षा होगी, और मानव जीवन तथा जीव जंतुओं का अस्तित्व बच पाएगा।पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को रोकने के लिए 51 वर्ष पूर्व संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व स्तर पर एक गंभीर पहल की थी 15 दिसंबर 1972 को हुई बैठक में विश्व के अनेक पर्यावरण बिंदों ने चिंता जताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए 5 जून को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाने का संकल्प लिया और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने पर जोर दिया। अपने देश में सदियों से पर्यावरण की रक्षा के लिए लोग सक्रिय रहे हैं यहां पेड़ पौधे को भगवान मानकर पूजा करने की भी परंपरा है,जो यह आज भी जारी है। आदिवासी बहुल क्षेत्रों ग्रामीण क्षेत्रों के अलावे शहरी इलाके में आज जो भी जंगल,पेड़,पौधे हैं उनमें इनका महत्वपूर्ण योगदान है।28 अगस्त को पर्यावरण रक्षा आंदोलन में अपने देश के लोगों ने जो बलिदान दिए वह और कहीं देखने को नहीं मिलता है। राजस्थान के जोधपुर स्थित खेजड़ली गांव में पर्यावरण की रक्षा के लिए 28 अगस्त 1730 को भाद्र शुक्ल पक्ष सवंत 1787 को वीरांगना अमृता देवी के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने पेड़ की कटाई रोकने के लिए उसमें चिपक गए। बावजूद इसके तत्कालिन राजा अजीत सिंह के आदेश अनुसार उनके सिपाहियों ने 363 लोगों जिनमे 69 महिलाएं थी पेड़ों सहित काट गिराया।

# झारखण्ड युवा शक्ति संघ के दुसरा स्थापना दिवस बगोदर में मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर / गिरिडीह :** झारखंड युवा शक्ति संघ के दूसरे स्थापना दिवस बगोदर के शाश्वत मैरेज हॉल में मनाया गया ।इस दौरान झारखंड युवा शक्ति संघ के तमाम सदस्य एकत्रित हुए और सफलआयोजन को लेकर बारी-बारी से अपने विचार रखें ।झारखंड युवा शक्ति संघ के अध्यक्ष जोधन कुमार साहू इस कार्यक्रम में बतौर मूख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वही इस दौरान संघ के सचिव जितेंद्र कुमार ने ताकि संघ का मुख्य उद्देश्यगांव कस्बे में छुपे छोटे-छोटे कुटीर उद्योग के माध्यम से लोगों तक रोजगार से जोडना कृषि के क्षेत्र मेंबढ़ावा को लेकर लोगों को जागरूक करना एवं दवे कुछ ले एवं गरीब असहाय लोगों को मदद पहुंचाना ।संघ के अध्यक्ष ने कहा कि संगठन बना लेने से ही कोई बहुत बड़ी उपलब्धि नहीं है संघ को चलाने के लिए लोगों को एवं युवाओं को एकत्रित होना होगा और सबसे पहले संघ के साल तक अपने स्तर संघ के सदस्यों के मेहनत से और सुचारू रूप से चलाने के बाद संगठन को विस्तार के लिए



सरकार से सहायता और काम करने का दायित्व मिलता है।वही इस दौरान संघ के अध्यक्ष ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत जल्द संगठन की ओर से एक युवाओं के लिए रोजगार से जोड़ने हुआ सरकार के द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और इसी प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को गांव-गांव तक पहुँच कर इसके लिए जानकारी देंगे साथी सरकार के द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण देकर जागरूक करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को एक बेहतर कृषि कार्य के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए एक पहल किया जाएगा ।

# ब्रेन ट्यूमर अब लाइलाज बीमारी नहीं : डॉ. आर एन भट्टाचार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोविंदपुर :** एमरी अस्पताल कोलकाता के निदेशक व प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन प्रो डॉ. आर.एन. भट्टाचार्य ने रविवार को अपना हॉस्पिटल साहिबगंज मोड़ गोविंदपुर में कहा कि न्यूरो रोगों का उपचार संभव है। समुचित इलाज से न्यूरो मरीज चंगा हो रहे हैं। ब्रेन ट्यूमर भी अब लाइलाज बीमारी नहीं रही। उन्होंने लकवा व मिर्गी के दौरे, याददाश्त में कमी, कमर एवं गर्दन दर्द, मस्तिष्क में खून आना, मस्तिष्क में पानी जमना, मस्तिष्क चोट, स्लिप डिस्क, दिमागी बुखार, सिर दर्द आदि से ग्रस्त मरीजों को कई सलाह दी। उन्होंने कहा कि वह प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह




9ः00 बजे से 11ः00 बजे तक अपना हॉस्पिटल साहिबगंज मोड़ गोविंदपुर में सेवा दे रहे हैं। इसके लिए संबंधित मरीजों को अपना हॉस्पिटल में पहले से पंजीयन करा लेना होगा। अपना हॉस्पिटल के निदेशक मो सलाउद्दीन ने डॉ भट्टाचार्य का स्वागत किया और यहां सेवा देने के लिए उनका आभार प्रकट किया। मौके पर अस्पताल के संचालक मो आमिरुद्दीन, शमशेर रजा, हामिद, सुधांशु, शाहनवाज, श्रुति, सुधा, सुबोध, सुनील, फिरोज, इकराम, शाहबाज आदि मौजूद थे।

## फोन पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुवे महिला ने थाने में दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** बिरनी थाना क्षेत्र के ग्राम दलांगी निवासी एक महिला ने फोन पर धमकी व ब्लैकमेल करने को लेकर बिरनी थाना में आवेदन दे कर न्याय की गुहार लगाई है। आपको बता दें कि उक्त महिला ने थाना में आवेदन देकर कहा कि मैं अपने ससुराल से मायके आई तो मुझे दो लड़के मुमताज अंसारी पिता जुमराती मियां व पवन राणा पिता नारायण राणा दोनो जो दलांगी के हीं रहने वाले है। इन दोनों ने मेरे मोबाइल पर फोन करके गंदी गंदी बाते करने लगे जब मैने मना किया तो मुझे धमकी देने लगा और वे लोग कहने लगे की अगर मेरी बात नहीं मानोगे तो हम लोग तुम्हारे ससुराल वाले को गलत तरीके से बात करने के बारे बता देंगे। साथ हीं धमकी देकर एक सुनसान जगह पर



मिलने के लिए बोलने लगे जब हम मिलने से मना कर दिया और फोन काट दिया तो मेरे मोबाइल पर गंदा गंदा मैसेज करने लगा, उक्त बातें अपने पति को बताया तो मेरे पति ने उन दोनों को समझने की कोशिश किए परंतु वे लोग मेरे पति को भी धमकी देने लगे की तुम्हारे पत्नी को यहा से नही जाने देंगे मुझे डर है कि ओ दोनो मेरे साथ कुछ भी कर सकते हैं।

# भारत संभावनाओं का देश : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आज मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश को संबोधित किया। जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों मन की बात सुनी। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने मन की बात सुनने के बाद चर्चा करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी जी ने इस बार के स्वतंत्रता दिवस की चर्चा करते हुए कहा की इस बार 15 अगस्त के दौरान देश ने सबका प्रयास का समर्थ देखा सभी देशवासियों के प्रयास से हर घर तिरंगा अभियान को हर मन तिरंगा अभियान बना दिया इस दौरान कई रिकॉर्ड बने देशवासियों ने करोड़ों की संख्या में तिरंगा खरीदे डेढ़ लाख पोस्ट ऑफिस के जरिए करीब डेढ़ करोड़ तिरंगे बेचे गए इससे हमारे कामगारों बुनकरों और खासकर महिलाओं की सैकड़ो करोड़ों रुपए की आय हुई। पूर्व मंत्री व एचपीसीएल के स्वतंत्र निदेशक विमला प्रधान ने मन की बात पर चर्चा करते हुए कहा प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रयान मिशन की तारीफ की और कहा कि इस उपलब्धि के बारे में जितनी बात की जाए वह कम है प्रधानमंत्री मोदी जी ने राजस्थान के अमनप्रीत सिंह की चर्चा करते हुए कहा कि बायोगैस की दो प्लांट लगाकर अमनप्रीत डेरी फार्म चला रहे हैं जिससे बिजली खत्म 70त्न की बचत हो रही है यह देश के लिए अनुकरणीय है। मन की बात की चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधित्व सुशील श्रीवास्तव ने कहा की मां की बात में प्रधानमंत्री मोदी जी ने चंद्रयान 3 की उपलब्धियां को बताते हुए कहा कि देश आज गर्वान्वित है चंद्रयान-3 की सफलता में हमारे वैज्ञानिकों के साथ-साथ अलग-अलग सेक्टर की भी भूमिका रही है जब सबका प्रयास रहा तब सफलता भी मिली वहीं चंद्रयान की सबसे बड़ी सफलता रही मैं आशा करता हूं कि हमारा स्पेस सेक्टर इसी तरह आगे भी सबके प्रयास से सफलता हासिल करेगा सो मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने बूथ ठ्ठश 240 पर मन की बात ग्रामीणों संग सुनी एवं कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों की चर्चा करते हुए बताया की कुछ ही दिन पहले चीन में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स हुए थे इन खेलों में भारत का प्रदर्शन अभी तक का सबसे बेहतर रहा हमारे खिलाड़ियों ने कुल 26 पदक जीते जिसमें से 11 गोल्ड मेडल थे आपको यह जानकर अच्छा लगेगा कि 1959 से लेकर अब तक जितने भी वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम हुए हैं उसमें जीते सभी मेडल को जोड़ भी दिन तो यह संख्या 18 तक की पहुंचती है।

## झारखंड के नवनिर्माण में छात्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला आजसू कार्यालय में अखिल झारखंड छात्र संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन रांची विश्वविद्यालय छात्र संगठन के प्रमुख अभिषेक शुक्ला ने की । इस अवसर पर विशेष रूप से झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत केंद्रीय सचिव अरविंद यादव जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि जिला उपाध्यक्ष अवधेश पाठक अखिल झारखंड छात्र संगठन के केंद्रीय मीडिया प्रभारी परवाज खान लोहरदगा जिला प्रभारी मनीष कुमार सहदेव हेमंती देवी शशि साहू विजय कुमार आदि के साथ भारी संख्या में लोहरदगा जिला के छात्र उपस्थित हुए। छात्रों को संबोधित करते हुए नीरू शांति भगत ने कहा कि आप सभी छात्र देश और झारखंड राज्य के भविष्य हैं। आप सभी झारखंड राज्य के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। अरविंद यादव ने कहा कि आजसू के गठन के मूल में छात्र ही रहे हैं। आगे चलकर आजसू छात्र यूनियन से परिवर्तित होकर राजनीतिक दल के रूप में अस्तित्व में आया। रामचंद्र गिरि ने कहा कि जब-जब छात्र नई सोच, उत्साह और एक निश्चित लक्ष्य लेकर संगठित हुए हैं तब तब देश एवं राज्य में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण जेपी आंदोलन है। जेपी आंदोलन मुख्य रूप से छात्रों का ही आंदोलन था।

## मजदूरों के बच्चों को मिला पठन पाठन सामग्री



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड मुख्यालय में 27 अगस्त दिन रविवार को मनरेगा मजदूर विकास संगठन के तत्वावधान में चौमुखी शिक्षा मिशन के अंतर्गत मनरेगा मजदूरों, दिहाड़ी मजदूर के 25 बच्चो को पंचायत शिक्षिका अमृता कुमारी के द्वारा पठन-पाठन सामग्री वितरण किया गया। वहीं शिक्षिका ने बताया कि मनरेगा मजदूर, दिहाड़ी मजदूरो के बच्चो को चौमुखी शिक्षा के तहत दो घंटे का निःशुल्क ट्यूशन दिया जाता है, औधोगिक महिला विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, व बुनाई सिखाया जाता है, स्वास्थ्य कैंप लगाकर मजदूरों एवं उनके बच्चों को स्वास्थ्य जाँच निःशुल्क कराया जाता है। साथ ही विवाह का लाभ और दुर्घटना बीमा संस्था द्वारा मुहैया कराई जाती है।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का इलाज के दौरान रांची में हुई मौत

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरु पुल के समीप हुई सड़क दुर्घटना में घायल तिफाजत अंसारी का रांची में इलाज के दौरान हुई मौत परिवार के बीच छाया मातम। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु पुल के समीप शनिवार देर शाम हुई सड़क दर्घटना में गम्भीर रूप से घायल अरु बांध टोली निवासी तिफाजत अंसारी का इलाज के दौरान रांची में रात्रि लगभग 12 बजे मौत हो गई। विदित हो कि अरु पुल के समीप खड़ी बुलेट जे एच 01 सी ई 3984 पर सवार तिफाजत अंसारी को पल्सर जे एच 08 सी 9981 के चालक दीपक उराँव घाघरा जाने के दौरान पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें दोनो मोटरसाइकिल सवार घायल हो गये थे। घटना में बुलेट सवार तिफाजत अंसारी को गम्भीर चोटें आई थी। जिसका प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में करने के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया था। लेकिन घायल का स्थिति नाजुक बताते हुए सदर अस्पताल लोहरदगा से रिम्स रांची रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान घायल तिफजत अंसारी की मौत हो गई।

## टेक्निकल सेल की मदद से खोया मोबाइल को पुलिस ने किया बरामद



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टेक्निकल सेल के मदद से खोया हुआ मोबाइल को सेन्हा थाना पुलिस किया बरामद सूचना कर्ता को किया सुपुर्द। सेन्हा थाना क्षेत्र के छोटी मस्जिद सेन्हा निवासी मुस्ताक अंसारी का मोबाइल खो गया। जिसे सेन्हा थाना को अवगत कराते हुए सनहा दर्ज करने का आग्रह किया था। वही थाना के एस आई गणेश यादव मोबाइल खोने की सूचना प्राप्त होने के पश्चात टेक्निकल सेल का मदद लेते हुए। खोया हुआ मोबाइल को बरामद कर सूचनाकर्ता मुस्ताक अंसारी को बुलवा कर थाना परिसर में सुपुर्द कर दिया। मोबाइल मिलने पर पुलिस प्रशासन के कार्य को सराहनीय कार्य बताते हुए। मुस्ताक अंसारी ने आभार प्रकट किया।

## पीएम ने 104 वें प्रसारण की शुरुआत चंद्रयान-03 की सफलता से की : सुरजमोहन साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 27 अगस्त महिने के अन्तिम रविवार को प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम का लाईव प्रसारण प्रखंड भाजपायी एवं आम लोगो ने टीवी, रेडियो, व स्मार्ट्फ़ोन्स पर प्रसारण सुना। प्रखंड के बूथ संख्या 168 मे सुरज मोहन साहू, 169 मे नजीर आलम खान, 174 मे प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव, 175 मे राजेन्द्र महतो के अलावा प्रखंड क्षेत्र के अन्य बूथों मे भी प्रमुख कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे 104 एपिसोड का लाईव सुना गया। बूथ संख्या 168 मे सुनते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू ने कहा कि पीएम ने 104 वें एपिसोड का शुरुआत चंद्रयान-3 की सफलता पर चर्चा करते हुए कहा कि मिशन चंद्रयान नए भारत की उस स्पिरिट का प्रतीक बन गया है, जो हर हाल मे जितना चाहता है, और हर हाल मे जितना जानता है। पीएम ने 104 वें एपिसोड में जी-20 बैठक का जिक्र, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, पर्यटन, डेयरी, इन्डस्ट्री, हर घर तिरंगा अभियान मेरा-माटी मेरा-देश, अभियान की सफलता इत्यादि कई अन्य विन्दुओं पर चर्चा 104 वें एपिसोड मे किया। उन्होने कहा कि आगामी सितंबर का महीना भारत के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है। मौके पर उक्त कार्यक्रम को उपरोक्त लोगों के अलावा सढावे पंचायत की मुखिया सुमित्रा उराँव, पिछड़ा जाति मोर्चा अध्यक्ष राजेश सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नसीर आलम, विष्णु कुमार, पंकज साहू, प्रताप कुमार, शिवजतन सोनी, शर्मानन्द पांडेय इत्यादि भाजपायी व आम लोगों ने पीएम के मन के बात कार्यक्रम का लाईव प्रसारण सुना।

**हटिया गार्डन दुर्गा मंदिर का ढलाई का कार्य हुआ संपन्न**

## जिले के सैकड़ो लोगों ने मंदिर निर्माण स्थल पर पहुंचकर किया श्रमदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हटिया गार्डन में दुर्गा मंदिर का निर्माण होना है जिसके तहत आज दुर्गा मंदिर के प्रथम तल्ला का ढलाई का कार्य हुआ संपन्न। इस ढलाई कार्य में जिले के सैकड़ो लोगों ने आकर अपना श्रमदान किया। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, लोहरदगा के पूर्व विधायक सुखदेव भगत भी दुर्गा मंदिर के निर्माण स्थल पर पहुंचकर श्रमदान किया तथा उन्होंने कहा कि मंदिर का निर्माण करवाना नेक तथा यह सार्वजनिक कार्य है इसमें हम सबों को बढ़कर अपनी सहभागिता निभाने की आवश्यकता है। इस दौरान श्रमदान करने वालों में नीरू शांति भगत, नवदुर्गा मंदिर हटिया गार्डन विकास मंच के अध्यक्ष अभिषेक किशलय, सचिव विजय कुमार (विक्की), कोषाध्यक्ष मिथिलेश किशलय (सोनू), संयोजक अशोक कुशवाहा, सहसंयोजक धनंजय कास्यकार, थाना टोली दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक आलोक कुमार साहू, अधिवक्ता देवाशीष कार, कुणाल अभिषेक, सूरज अग्रवाल, धनंजय अग्रवाल, विकास अग्रवाल, राजेश महतो, अजय महतो, सुमित खत्री, मनीष कुमार, अरविंद यादव सहित सैकड़ो लोगों ने अपना श्रमदान किया।

## रामेश्वर उरांव 29 अगस्त को लोहरदगा के विभिन्न कार्यक्रम में होंगे शामिल



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक सह मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार दिनांक 29 अगस्त 2023 दिन मंगलवार को लोहरदगा जिले के निम्न ग्रामों के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रखण्ड कुडु फॉरेस्ट गेस्ट आगमन समय : 11:30 बजे। लोहरदगा जिला अंतर्गत प्रखंड कुडू मुख्यालय परिसर आगमन एवं स्वीकृत योजना तथा सरना, मसना, अल्पसंख्यक, ईसाई, मुस्लिम कब्रिस्तान घेराबंदी, जनाजा सेड एवं आधारभूत संरचना निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। समय 12 बजे मध्याह्न। इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, सेवादल,अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, प्रखंड प्रमुख प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण, प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें। यह जानकारी मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल ने दी।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 63 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व हड्डी एवं नस के विशेषज्ञ एवं जनरल चिकित्सक डॉ मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शिविर का शुभारंभ करते हुए, सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किए, आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 44 लोग अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ मृत्युंजय कुमार को श्रीमद्भागवत गीता और सेवा भारती की पुस्तिका देकर सम्मानित करते हुए कहा की आप स्वस्थ हैं तो आप दुनिया में सबसे सुखी है और सभी चीजें भी अच्छी लगती हैं नहीं तो सब चीज बेकार है पानी तक भी पीना मुश्किल होता है, और कहा की जरूरतमंदों का सेवा करना ही मानव का सबसे बड़ा धर्म है। डॉ मृत्युंजय कुमार ने कहा की इस भाग दौड़ की जिंदगी में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है,और समय-समय पर अपना स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहना चाहिए।

## मोख्तार अंसारी सदर और अजहरुद्दीन अंसारी बने अंजुमन इस्लामिया का सेकेट्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा पंचायत ग्राम में अंजुमन इस्लामिया के पुराने सदर सेकेट्री का कमिटी को भंग करते हुए नये कमिटी का चयन मतदान के माध्यम से किया गया। सेन्हा प्रखंड के सेन्हा पंचायत ग्राम में अंजुमन इस्लामिया के तत्वधान में सदर सेकेट्री पद का चयन प्रकिया मतदान के माध्यम से प्रारम्भ किया गया। इससे पूर्व सदर पद के लिए 2 उमीदवार नूर हसन अंसारी और मोख्तार अंसारी द्वारा पर्चा भरा गया। जबकि सेकेट्री पद हेतु दो उमीदवार मनान अंसारी और अजहरुद्दीन अंसारी ने पर्चा भरा था। दोनों पदों में सदर व सेक्रेटरी के लिये मतदान के माध्यम से चयन प्रकिया आरम्भ किया गया। जिसमें सदर पद के मोख्तार अंसारी ने 310 मत प्राप्त कर मुमताज अंसारी को पराजित कर सदर पद के लिये विजयी घोषित हुए। जबकि सेकेट्री पद के लिए अजहरुद्दीन अंसारी ने 106 वोट से मनान अंसारी को पराजित कर जीत हासिल किया। इस प्रकार जीत सुनिश्चित होते ही अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के लिए सदर, सेकेट्री पद हेतु मोख्तार अंसारी और अजहरुद्दीन अंसारी को पदभार सौपा गया। चुनाव के समय अंजुमन इस्लामिया के संरक्षक एवं पदेन कार्यकर्ता सहित मुस्लिम समुदाय के गणमान्य लोग शामिल थे। साथ ही शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिये अभियन्ता सह दंडाधिकारी संजीत कुमार व ए एस आई मनोज कुमार दल बल के साथ मौजूद थे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : डॉ. गोपाल सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को स्थानीय गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में पतंजलि भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ब्रह्मचारीगण एवं शहर के गण मान्य जनों की उपस्थिति में हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हवन आचार्य गणेश शास्त्री के नेतृत्व में संपन्न हुआ। हवन के उपरांत वृहद वृक्षारोपण के तहत फलदार पौधे आम के पौधे का पौधरोपण सामूहिक रूप से किया गया। जिसमें रांची के प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉक्टर गोपाल जी सिंह, पतंजलि राज्य कार्यकारिणी के सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, आचार्य शरचचंद्र आर्य, वरीय पत्रकार दीपक मुखर्जी एवं कई गणमान्य जनों की उपस्थिति में पौधारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके उपरांत डॉक्टर गोपाल जी सिंह ने कहा कि पर्यावरणीय संरक्षण का कार्यक्रम वैदिक मंत्र कर के साथ हवन के उपरांत किया जाना बेहद उत्तम एवं सकारात्मक संदेश है। हमें आने वाले पीढ़ी के लिए पौधरोपण के साथ उसका संरक्षण भी करने की सीख देना है। गुरुकुल के ब्रह्मचारियों का भी मार्गदर्शन उन्होंने किया। वणवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह ने आयोजन को भव्यता पूर्वक किए जाने की सराहना की।

## बोलबा मोड़ के पास सड़क हादसे में व्यक्ति घायल, झापा युवा जिला अध्यक्ष ने पहुंचाया अस्पताल



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र स्थित बोलबा मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से हुआ घायल। दुर्घटना के समय ही वहां से गुजर रहे झापा नेता संदेश एक्का ने घायल युवक को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया गया कि घायल कुसुमबेड़ा निवासी अजीत केरकेट्टा स्कूटी से अपने घर की ओर जा रहा था। इसी क्रम में अज्ञात ट्रक ने उसे धक्का मार दिया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया है। इधर घायल की स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर किया जहां से राजधानी रांची रेफर कर दिया गया। घायल के परिजनों को संदेश एक्का ने कहा की राजधानी रांची में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर याद करें। आपकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वही झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने स्वास्थ्य विभाग के में लचर व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इतने बड़े ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल में एक मात्र चिकित्सक के भरोसे उसमें भी चिकित्सक उपस्थित नहीं रहे थे। जिसके कारण इलाज करने में काफी परेशानी हो गई। उन्होंने कहा कि सिमडेगा आदिवासी मूलवासी सुदूरवर्ती क्षेत्र होने का बावजूद यहां पर अभी तक चिकित्सा सुविधा को सुदृढ़ नहीं किया जा सका है जिसके कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर जिले के डीसी से मुलाकात करते हुए जल्द ही देती ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधीर करने की मांग की जाएगी ताकि लोगों को परेशानी ना हो।

**रानी कुमारी सर्वश्रेष्ठ कराटे खिलाड़ी घोषित**

## एम्मा कराटे ग्रेडिंग में सफल खिलाड़ी सम्मनित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुड-लोहरदगा :** कुडू अंतर्राष्ट्रीय मार्शल आर्ट अकादमी एमा के तत्वधान में इम्मा प्रशिक्षण केंद्र लालू टाना क्लब जिंगी में बेल्ट समारोह का आयोजन किया गया। पिछले दिनों ग्रेडिंग में सफल रहे कराटे खिलाड़ियों को इम्मा के कोच देवंती कुमारी, कराटे संचालक विनय कुमार,मुख्य अतिथि के रूप में जिंगी पंचायत के मुखिया दिलीप उरांव,विशिष्ट अतिथि जिंगी हाई स्कूल के प्रधानध्यापक अलीराजा अंसारी,जिंगी पंचायत समिति सदस्य संतोषी उराँव,सबद अंसारी,रमेश उराँव,कंचन राम,शकुंतला भगत, मुमताज अंसारी,भूपेन तिग्गा मंच संचालक कम्प्यूटर टीचर सादाब अंसारी ने बेल्ट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। ग्रेडिंग में रानी कुमारी सबसे अधिक अंक लेकर सर्वश्रेष्ठ कराटे खिलाड़ी का खिताब अपने नाम किया। मौके पर सेंसी देवंती कुमारी ने कहा कि खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट पाने के लिए 3 साल का समय लगता है इसे पहले खिलाड़ियों को अपनी ग्रेडिंग में सफल होना होता है तभी वह अपने इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। जिंगी प्रिंसिपल अलीराजा अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाले दिन ये कराटे खिलाड़ी एक इतिहास रचने जा रहे हैं और हम सब मिलकर सभी को मंजिल की ओर ले जाएंगे, इस संस्था के कराटेकार ने दुनिया में तिरंगा लहराएंगे अपनी मंजिल को हासिल करेंगे। जिंगी पंचायत मुखिया दिलीप उरांव ने भी संबोधित करते हुए कहा कि जिंगी जैसे पंचायत में उभरते हुए कराटे खिलाड़ी बहुत आगे तक जाएंगे और हम सब मिलकर हमेशा सहयोग करते रहेंगे। इन्होंने प्राप्त किया बेल्ट-येलो बेल्ट अद्रिजा विश्वास,आयुष तिग्गा, अमृता कुमारी, ऑरेंज बेल्ट रोशनी उराँव, रानी कुमारी, सूरज उराँव, संतोषी कुमारी, ग्रीन बेल्ट मोहन टाना भगत। मौके पर खिलाड़ियों के अभिभावक व ग्रामवासी उपस्थित थे।

**बिजली की समस्या को लेकर बड़ाबरपानी पंचायत में ग्रामीणों के साथ की बैठक**

## जब क्षेत्र की जनप्रतिनिधि हो लापरवाह तो लोगों में बढ़ती है समस्या : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों को उम्मीद और विश्वास के साथ चुनकर सदन भेजा जाता है ताकि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ दूर किया जाए लेकिन जब जनप्रतिनिधि सत्ता के नशे में चूर होकर सुख भोगने में लीन हो तब जाकर क्षेत्र की जनता के बीच समस्याएं बढ़ती है उक्त बातें पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा बड़ाबरपानी पंचायत में बिजली की समस्या को लेकर आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कहा, उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में बिजली की जटिल समस्या है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि हो या फिर प्रशासनिक अधिकारी इस मामले में पूरी तरह से लापरवाह है जिसके कारण आज बिजली की दंश ग्रामीण झेल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा लेकिन झारखंड पार्टी बिजली की समस्या को लेकर अनदेखा नहीं करेगी और ना ही लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज करेगी सड़क से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन करने के लिए झारखंड पार्टी तैयार है और झारखंड पार्टी कमरकस ली है कि क्षेत्र की समस्याओं को दूर करना पहली प्राथमिकता होगी समय रहते अगर बिजली विभाग इस क्षेत्र की समस्याओं को दूर नहीं किया आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन की जाएगी। मौके पर पंचायत के मुखिया निराली रेखा बरवा ने भी अपने पंचायत क्षेत्र में व्याप्त समस्या को लेकर प्राथमिकता के साथ पूर्व मंत्री के समक्ष अपनी बातें कहीं जिस पर उन्होंने जल्द ही समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिया। मौके पर रेणु डुंगडुंग, रंजीता कीड़ो, ऊषा कुमारी, चन्द्रीका बड़ाईक, चन्द्र लोहरा, अंर्जुन दास, शंकर साहु, अनुज केरकेट्टा, अनुज बाघवार, धर्मजीत केरकेट्टा, रमेश मांझी, जोसेफ बरवा, हेमंत दास, सन्नी बड़ाईक, दीपक सिंह, धनकुंवर डुंगडुंग, अजय केरकेट्टा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम का शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ समापन

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम। पिरामल फ़ाउंडेशन के शंकर रघुवंशी द्वारा विज्ञान विषय में बच्चों की रुचि बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे वर्षा जल संग्रहण प्रोजेक्ट के समापन के मौके पर ज़िला शिक्षा कार्यक्रम प्रबंधक अल्का लकड़ा एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी शुभकामना प्रसाद के सामने बच्चों ने प्रोजेक्ट को प्रस्तुत किया इसमें अन्य गतिविधियाँ नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली एवं प्रश्नोत्तरी आदि हुई, समापन दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ चेतना गीत से हुआ। एवं पदाधिकारियों को इस प्रोजेक्ट के पश्चात बच्चों की समझ एवं विभिन्न शिक्षण विधियों के प्रयोग से काफ़ी अंतर दिखा एवं उन्होंने शिक्षक/शिक्षिकाओं को भी इन गतिविधियों को प्रयोग करने की सलाह दी गयी।

चलते चलते एक नजर

## आज विश्व को विकासशील देशों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत: विदेशमंत्री

**नई दिल्ली** : विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने रविवार को जी-20 देशों के बिजनेस समूह (बी-20) के सम्मेलन में कहा कि आज दुनिया को विकासशील देशों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। कोविड महामारी ने हमें यह दिखाया है कि वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण में अंतर बरकरार है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यवस्था अब तक वैश्विक उत्तर के प्रभुत्व में रही है। यह जी-20 के स्वरूप में भी दिखाई देता है। जी-20 के अध्यक्ष के नाते भारत ने कोशिश की है कि वैश्विक दक्षिण की आवाज सुनी जाए। इसके लिए भारत ने वैश्विक दक्षिण शिखर सम्मेलन का जनवरी में आयोजन किया। इससे हमें विकासशील देशों की चुनौतियों और प्राथमिकताओं को जानने का अवसर मिला। भारत ने इन्हीं को जी-20 का केन्द्रीय एजेंडा बनाया है। उन्होंने कहा कि जी-20 का मानना है कि आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक दक्षिण की प्रमुख चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब तक वैश्विक दक्षिण को केवल उपभोक्ता के तौर पर भी देखा जा रहा है न की उत्पादक के तौर पर।

## बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस पर टूटकर गिरा ओएचई लाइन का तार, बड़ा हादसा टला

**भोपाल** : मध्य प्रदेश के सागर जिले में रविवार को एक बड़ा रेल हादसा होने से टल गया। यहां बीना-कटनी रेलवे ट्रैक पर दौड़ रही बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस पर ओएचई लाइन टूटकर गिर गई। इससे इंजन का पैंड्राल टूट गया। हादसा सागर के खुरई और बघौरा रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। लोको पायलट ने समय रहते ट्रेन को रोक दिया। इसके बाद सभी यात्री ट्रेन से सकुशल उतर आए। रेलवे के उच्च अधिकारियों को सूचना देकर ओएचई लाइन की सप्लाई को रुकवाया गया। गनीमत रही कि तार का करंट ट्रेन में नहीं फैला, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के मुताबिक, रविवार को बिलासपुर-भोपाल ट्रेन खुरई स्टेशन पर पहुंची थी, जहां से करीब 11~30 बजे गंतव्य की ओर बड़ी। बाघौरा स्टेशन से चार किलोमीटर पहले ट्रेन के इलेक्ट्रिक इंजन की छत पर ओएचई तार को इंजन से जोड़ने वाला पैंड्राल और तार टूट गया। ओएचई लाइन के टूटते ही रेलवे पटरियों के नीचे बिछी गिट्टी उछलने लगी। गिट्टी के उछल कर ट्रेन में लगने से खड़खड़ की आवाजें आने लगीं, जिससे ट्रेन में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद जब ट्रेन रोकी गई, तो आनन-फानन में सभी यात्री नीचे उतरकर इधर-उधर भागने लगे। लोका पायलट ने रेलवे के अधिकारियों को सूचना देकर ओएचई लाइन में सप्लाई को बंद कराया। सप्लाई बंद होने की वजह से किसी हादसे जैसी स्थिति को टाला जा सका। इसके बाद रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। ट्रेन में यात्रा कर रहे विदिशा निवासी रमेश अग्रवाल ने बताया कि यह तो भगवान की बड़ी कृपा रही कि हादसा होते-होते टल गया। किसी यात्री को खरोच तक नहीं आई। इधर, रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ओएचई लाइन में कट होने की वजह से ट्रेन का पैंड्राल तार में फंस गया होगा। मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। सागर रेलवे स्टेशन के प्रबंधक नरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि फिलहाल कटनी से बीना ट्रैक बंद रखा है।

# राज्यपाल व विस अध्यक्ष ने पर्यावरणविद कौशल को झारखंड का गौरव अवार्ड देकर किया सम्मानित

### * सिंगापुर सहित विभिन्न प्रदेशों में अबतक 57 अवार्ड से नवाजे जा चुके है पर्यावरणविद



*** पर्यावरणविद कौशल को वर्ष 2023 में सिंगापुर समेत राज्यपाल दोबार,दो केंद्रीय मंत्री,विस अध्यक्ष , सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री, रांची सांसद, प्रमंडलीय आयुक्त, पलामू डीसी व एसपी सहित कई स्कूलों के प्रिंसिपल से मिल चुके हैं कई अवार्ड**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदनीनगर** : रांची के रेडिएशन ब्लू होटल में आयोजित झारखंड के गौरव सम्मान समारोह में सूबे के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को शॉल ओढ़ा कर और दो अलग-अलग मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। पर्यावरणविद व धर्मगुरु कौशल किशोर को इस एक वर्ष में आठ और जीवन में अबतक देश, विदेश में 57 वां अवार्ड मिल चुका है।वन राखी मोमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा है कि उन्हें केवल इस वर्ष माह अक्टूबर से अगस्त 2023 तक उन्हें आठ अवार्ड मिला है। उन्होंने बताया कि इसवर्ष उन्हें सूबे के राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, कई केंद्रीय मंत्रियों , जिले के आयुक्त, उपायुक्त , पुलिस अधीक्षक सहित कई स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा उन्हें अवार्ड मिला है। उन्होंने यह भी बताया उन्हें इस वर्ष मलेशिया में भी आइकॉन ऑफ हिंदुस्तान नामक अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जो जीवन में गौरव का क्षण है।इस अवसर पर रांची सांसद संजय सेठ,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी सिंह, राज्यसभा सांसद विजय प्रकाश, महुआ मांझी, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर समेत राज्य के प्रमुख व्यक्तियों का उपस्थिति में हुआ संपन्न।

## उत्तराखंड में इस सप्ताह मौसम रहेगा समान्य, निकली खिली धूप

**देहरादून** : उत्तराखंड में इस सप्ताह बारिश को लेकर मौसम सामान्य रहेगा। खिली धूप के साथ मौसम का मिजाज रविवार को बदलने से लोगों को बरसात के कहर से राहत मिली है। राज्य में चारधाम सहित अन्य स्थानों पर यात्री अब यात्रा कर सकते हैं। प्रदेश में 02 राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 146 अन्य सड़कें अवरुद्ध हैं। रविवार सुबह से लेकर दोपहर तक देहरादून सहित प्रदेश भर में खिली धूप निकली। पिछले कई दिनों से हो रही बारिश के बाद धूप निकलने से राहत महसूस की गई। हालांकि धूप खिलने से गर्मी और उमस ने लोगों को बेहाल कर रखा है। आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं। वर्षा काल से लेकर अब तक का यह पहला सप्ताह है, जिसमें मौसम को लेकर चेतावनी नहीं है।


# ड्रीम गर्ल-2 का बॉक्स ऑफिस पर धमाल



एजेंसी

**मुंबई** : आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'ड्रीम गर्ल-2' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। दर्शकों का खूब रिस्पॉन्स मिलने से फिल्म ने पहले दिन 9.7 करोड़ की कमाई की। अब फिल्म की दूसरे दिन की कमाई सामने आ गई है। सैक्निल्क की शुरुआती ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'ड्रीम गर्ल-2' ने दूसरे दिन 14 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। दो दिन में इस फिल्म ने 24.69 करोड़ की वसूली की है। पिछले दो हफ्तों से फिल्म 'गदर-2' सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। फिल्म ने 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है, लेकिन अब आयुष्मान खुराना की 'ड्रीम गर्ल-2' के सामने 'गदर-2' की कमाई फीकी पड़ गई। 'ड्रीम गर्ल-2' में आयुष्मान खुराना, अनन्या पांडे, अन्नू कपूर, मनजोत सिंह, अभिषेक बनर्जी, विजय राज, परेश रावल, राजपाल यादव, मनोज जोशी और सीमा पाहवा जैसी दमदार स्टार कास्ट है। 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'ड्रीम गर्ल' सुपरहिट रही थी। आयुष्मान के साथ नुरसत भरूचा ने मुख्य भूमिका निभाई थी, लेकिन 'ड्रीम गर्ल-2' में नुसरत की जगह अनन्या पांडे को लिया गया है।

## सबसे समृद्ध राज्य बनेगा हिमाचल : मुख्यमंत्री



एजेंसी

**शिमला** : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल सरकार मानसूनी आपदा की वजह से विकट वित्तीय चुनौतियों से जूझ रहा है लेकिन राज्य सरकार नीतिगत परिवर्तन और नए कानूनों से इस स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए प्रयासरत है। राज्य सरकार संसाधन जुटाने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है और सभी के सहयोग से हिमाचल आगामी चार वर्षों में आत्मनिर्भर और दस वर्षों में देश का सबसे समृद्ध राज्य बनकर उभरेगा।मुख्यमंत्री ने शनिवार देर सायं शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित नाटक 'रावी पार' के मंचन पर बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। रिक्रिएशन आर्ट एंड कल्चरल क्लब हिमाचल प्रदेश सचिवालय, द लिटल ग्रुप क्लब और भाषा कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम से अर्जित आय आपदा राहत कोष में प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस समय राज्य बरसात में आई आपदा की त्रासदी के दौर से गुजर रहा है। महत्त्वपूर्ण सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने के लिए राज्य सरकार दिन-रात प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपदा प्रभावितों की मदद करने के लिए संवदेनशील है। उन्होंने चंद्रताल में चलाए गए बचाव अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी के नेतृत्व में यह असाधारण बचाव अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि 14000 फीट की ऊँचाई पर चन्द्रताल झील में माइनस चार डिग्री तापमान में फंसे 300 लोगों को बचाने में इन दोनों के व्यक्तिगत प्रयास भी सराहनीय रहे हैं।

### युवाओं ने थामा झामुमो का दामन

# युवाओं में सीएम हेमंत सोरेन सबसे लोकप्रिय हैं : राजेंद्र सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : झामुमो जिला कार्यालय में एआईएसएफ से जुड़े युवाओं और छात्र झामुमो जिलाअध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के समक्ष झामुमो का दामन थामा। सभी छात्र सैयद फैजल और रजनीश दुबे के नेतृत्व में जोश के साथ छौ मुहान से जुलूस के रूप कार्यलय तक आए और कर्यालय में हुए मिलन समारोह में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से प्रभावित हो कर झामुमो में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। सबों को झारखंड मुक्ति मोर्चा की विचारधारा के बारे में बताया। सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने का सलाह दिया। समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा, आज देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी हैं। हेमंत सरकार ने



छात्रों और युवाओं के लिए विकास के कई कार्य किए हैं। आज सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के प्रति लोगों का भरोसा सिर्फ मुख्यमंत्री जी की लोकप्रियता के वजह से संभव हो सका है। राजनीति में युवाओं और छात्रों का आना भारत के लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है। जिस तरीके से देश को बांटा जा रहा है इसे सिर्फ युवाओं की सकारात्मक राजनीति ही रोक सकती है। युवा जिला अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कहा, पलामू में युवाओं का झुकाव झामुमो में बढ़ा है, यह सिर्फ हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के वजह से ही संभव हुआ है, सभी युवाओं का झामुमो परिवार में स्वागत है। झामुमो नेता दीपक तिवारी ने सबों का स्वागत करते हुए कहा कि आज झारखंड की सबसे बड़ी पार्टी झामुमो है, पढ़े लिखा युवा ही राजनीति में बदलाव लाते हैं। झामुमो ही एक ऐसी पार्टी है जो जनता का ख्याल रखती है और सभी लोगों के समस्याओं का समाधान करती है। इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, युवा सचिव आशुतोष विनायक, उपाध्यक्ष जशवंत सिंह वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह, संयुक्त सचिव अंकित सिंह मौजूद थे। शामिल होने वालों में कौशल किशोर, प्रियरंजन आनंद, अनवर अली, अमीन शाह, रोहन, कैफ, विक्की पासवान हर्ष दुबे, संदीप तिवारी, राकेश सिंह, शिवनंदन मेहता, राजा, आकाश देवेदी, अमित कुमार, कुंदन पांडेय, बिकाश सिंह, शहीद रजा, पवन कुमार सिंह, हर्ष दुबे, शिवनंदन मेहता, करन कुमार राम, आकाश कुरैशी, लाडले शाह, अनामुल हक, गुड्डू कुमार, अरहाम आलम, शाकिब राजा, हसन, अभिषेक तिवारी, अयान अली, वकार रियाज, सहित सैकड़ों युवा उपस्थित थे।

## बासमती चावल के नाम पर सफेद चावल का निर्यात, सरकार सख्त

**नई दिल्ली** : केंद्र सरकार बासमती चावल के नाम पर सफेद गैर बासमती चावल के अवैध निर्यात को रोकने के लिए उपाय कर रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार उबले हुए चावल और बासमती चावल के निर्यात पर केंद्र सरकार ने प्रतिबंध नहीं लगाया है। वही घरेलू कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए 20 जुलाई से गैर बासमति सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है। सरकार का कहना है कि केवल 1200 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन और उससे अधिक मूल्य के बासमती को निर्यात संबंधी पंजीकृत किया जाना चाहिए। 1200 अमेरिका डॉलर से कम कीमत वाले चावल को लेकर एक समिति मूल्यांकन करेगी। समिति की सिफारिश के बाद ही उद्योग जगत के साथ मिलकर कम मूल्य के निर्यात पर फैसला लिया जाएगा। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण को इस संबंध में निर्यातकों को जागरूक करने के लिए कहा गया है।

## जनसमस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : योगी आदित्यनाथ



एजेंसी

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के हर हाल में सुनवाई व निस्तारण के निर्देश दिए। रविवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आमजन से मुलाकात कर समस्याएं सुनीं।

जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 100 से अधिक फरियादियों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने हर किसी को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने आमजन को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। किसी की जमीन पर कब्जा करने वाले, कमजोरों को परेशान करने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भी भरोसा दिलाया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

# सरकारी नौकरियों में 35 फीसदी भर्तियां बेटियों की करेंगे : शिवराज



एजेंसी

**भोपाल** : मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जहां महिलाएं नहीं चाहेंगी, वहां शराब दुकानें नहीं खुलेंगी। इसके लिए आबकारी नीति में प्रावधान किया जाएगा। इसके साथ उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब पुलिस सहित सभी विभागों में महिलाओं के लिए पदों की संख्या बढ़ाकर 30 से 35 प्रतिशत कर दिया जाएगा। लाड़ली भांजियों की पढ़ाई निशुल्क करवाई जाएगी। लाड़ली बहना आजीविका मिशन के तहत आएंगी, पांच साल में लाड़ली बहनों को लखपति बनाना मेरा लक्ष्य है। उन्होंने सिंगल क्लिक से सबा लाख लाड़ली बहनों के खाते में 250-250 रुपये भेजे। गैस सिलेंडर की कीमत 450 रुपये करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री चौहान रविवार को भोपाल के जंबूरी मैदाना में लाड़ली बहना सेना के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यहां लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री को बड़ी राखी भेंट कर उनका स्वागत किया। सम्मेलन शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना सेना की सदस्यों के पैर पखारे। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना कैलेंडर लॉन्च किया। कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना पर थ्रीडी एनामॉर्फिक शो दिखाया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन के इस महीने में रसोई गैस 450 रुपये में तुम्हारा भैया दिलवाएगा। इसके बाद परमानेंट व्यवस्था बनाएंगे, ताकि महंगी गैस न लेनी पड़ी। उन्होंने कहा कि सिंगल क्लिक से तुम्हारे बैंक खातों में राखी के लिए 250 रुपये डाल रहा हूं। आगामी 10 सितंबर को फिर एक हजार रुपये डाले जाएंगे। अक्टूबर से अब बहनों के खातों में 1250 रुपये डाले जाएंगे। उन्होंने कहा कि शराब की दुकान के सामने शराब के अहाते बंद करने का निर्णय लिया है। बहनों का सम्मान सबसे बड़ा है, प्रदेश में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहनों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए नगर निगम निकाय पंचायत में 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है। अब हर थाने में महिला डेस्क के साथ पर्याप्त मात्रा में बेटियों को पुलिस में रखेंगे। पुलिस में बेटियों की भर्ती 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दी जाएगी। शिक्षकों को भर्ती में 50 प्रतिशत बेटियों की होगी। अन्य भर्तियों में भी 50 फीसदी भर्ती बेटियों की कर दी जाएगी। सरकारी पदों पर भी 35 प्रतिशत नियुक्तियां महिलाओं की होगी। लाड़ली लक्ष्मी की बेटियों की पढ़ाई निश्शुल्क करवाएंगे।

## सैनिक स्कूल के छात्रों से बोले धनखड़- फेल होने का डर आपकी ताकत को करता है कम

**झुंझुनू** : उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को झुंझुनू जिले के दोरासर स्थित सैनिक स्कूल के छात्रों को संबोधित किया। उप राष्ट्रपति ने कहा कि फेल होने का डर आपकी ताकत को कम करता है। इसलिए असफलता का भय नहीं रखें। आप जिस भी क्षेत्र में अभिरुचि रखते हैं उसमें खुल कर आगे बड़ें। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि वे हमेशा अपनी कक्षा में प्रथम आते थे। ऐसे में उन्हें डर लगने लगा था कि यदि वे प्रथम नहीं आए, तो क्या होगा। आज सोचते हैं कि प्रथम नहीं आकर दूसरे, तीसरे या चौथे स्थान पर भी रहते तो भी ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने घोषणा की कि वे झुंझुनू सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों के बैच को राज्यसभा की कार्यवाही को देखने के लिए बुलाएंगे। धनखड़ ने कहा कि आप देश का भविष्य हैं। सैनिक स्कूल से जो भी विद्यार्थी निकलता है वो चाहे किसी भी क्षेत्र में जाए अच्छा ही करता है।

# विहिप उपाध्यक्ष देवी प्रसाद का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष देवी प्रसाद शुक्ला का पार्थिव शरीर रविवार को हरमू के मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन हो गया। 94 वर्षीय देवी प्रसाद शुक्ला का निधन शनिवार को नागरमल मोदी सेवा सदन अस्पताल में हो गया था। उनके पार्थिव शरीर को रविवार को हरमू रोड स्थित प्रांत कार्यालय में दर्शन एवं श्रद्धांजलि के लिए दो घंटे तक रखा गया था, जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है। दधीचि की भांति अपने जीवन के साथ शरीर को भी दान करने की घोषणा की थी, जो आज रिम्स को सुपुर्द कर पूर्ण किया गया। यह आज के समाज के लिए एक अनुकरणीय संदेश है।



क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल ने कहा कि शुक्ला का जन्म एक जनवरी, 1932 में कानपुर में हुआ था। 1951 में कानपुर में जनसंघ के पूर्णकालिक बने थे। 1985 से झारखंड में विहिप से जुड़े और वर्तमान में विहिप के कई दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रांत उपाध्यक्ष के रूप में कार्यालय में ही निवास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन के समय भोगनाडीह से आरंभ सिंधु कान्हु यात्रा, श्रीराम ज्योति यात्रा आदि में मुख्य वक्ता के रूप में समाज को मार्गदर्शन किया था। 1990 में बलिदान हुए कारसेवकों के श्रद्धांजलि के रूप में रचित गीत सरयू में बहते लहू ने पुकारा, चलो राम भक्तों चलो फिर से दोबारा हमारे हृदय में मानव विद्युत तरंगों का संचार करता था।

प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि शुक्ला का जीवन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। लगभग एक शताब्दी तक के जीवन में पांच दशक तक समाज को संत की भांति दिशा निर्देशित करते रहे। भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम के अनन्य भक्त थे। राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण आंदोलन में उनकी भूमिका झारखंड प्रांत में अग्रणी थी।

उनकी अंतिम संस्कार यात्रा में विहिप केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल, केंद्रीय सहमंत्री उमेश पौडवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप रुंगटा, प्रांत अध्यक्ष पंचम सिंह, क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद पांडेय, क्षेत्र धर्म प्रसार उपेंद्र कुशवाहा, रांची सांसद संजय सेठ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर संघचालक पवन मंत्री, राजीव कमल बिट्टू, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रान्त सहमंत्री रंगनाथ महतो और रामनरेश सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार-प्रसार सह प्रमुख संजय आजाद, सेवा प्रमुख अजय अग्रवाल, मातृशक्ति प्रमुख दीपारानी कुंज सहित कई लोग शामिल हुए।